# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 15 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 131, पेज 12, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 790 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 10

## आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उसने फिर से भारत की ओर नजर उठाने का दुस्साहस किया, तो जो अब तक नहीं हुआ है, वह होकर रहेगा। } 12



## 30 मई से एसआईआर का तीसरा चरण शुरू

### 16 राज्यों व तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में चलेगा अभियान



एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 30 मई से चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे दौर की शुरुआत की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि इस चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, चंडीगढ़, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नगालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव में एसआईआर होगा। पंजाब, झारखंड, कर्नाटक और तेलंगाना उन विपक्ष शासित राज्यों में हैं जहां एसआईआर की प्रक्रया संचालित होगी। एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं से घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। उनकी सहायता के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ स्तरीय एजेंट होंगे। बयान में कहा गया कि हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मौसम से होने वाले नुकसान की 24 घंटे में भरपाई के निर्देश

### फसल और पशुधन नुकसान पर किसानों के साथ खड़ी योगी सरकार, प्रभारी मंत्री करेंगे प्रभावित परिवारों से मुलाकात

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश में आंधी, अतिवृष्टि और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि और फसल नुकसान के बीच योगी सरकार ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। वहीं यूपी के विभिन्न जिलों में बुधवार को अचानक बदले मौसम के बीच आए तेज आंधी-तूफान और बारिश से जुड़े हादसों में कम से कम 89 लोगों की मौत हो गई।

सीएम योगी ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों को प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने और हालात का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि आपदा की इस घड़ी में सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के साथ खड़ी है और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपदा में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने की स्थिति में परिजनों को तत्काल 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसानों, पशुपालकों और अन्य प्रभावित परिवारों को भी तेजी से राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं। फसल का नुकसान उठाने वाले किसानों के लिए मुआवजे और पशुधन क्षति पर भी आर्थिक सहायता तय की गई है। राहत आयुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों व अपर जिलाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खराब मौसम के कारण प्राकृतिक आपदा से हुई विभिन्न क्षतियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिकारी स्वयं प्रभावित परिवारों से मिलकर आवश्यक मदद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। भारतीय मौसम ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

### नीट पेपरलीक मामले में सीबीआई ने मांगी रिमांड

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की एक अदालत से नीट-यूजी 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों की सात दिन की पुलिस हिरासत मांगी है और दावा किया है कि प्रश्नपत्रों के ऑनलाइन साझा किये जाने से परीक्षा की शुचिता भंग हुई है। विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) अजय गुप्ता के समक्ष दायर हिरासत आवेदन के अनुसार, आरोपियों-यश यादव, मंगिलाल खटीक उर्फ मंगिलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल को 13 मई को जयपुर में गिरफ्तार किया गया था। ब्यूरो ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईटी-यूजी) 2026 में गड़बड़ी हुई, क्योंकि परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र पीडीएफ प्रारूप में व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर आपस में साझा किये गये थे। उच्च शिक्षा विभाग (एनटीए डिवीजन) के निदेशक वरुण भारद्वाज की शिकायत पर 12 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### संसदीय समितियों के भ्रमण कार्यक्रम स्थगित

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकारों ने ईंधन बचाने, काफिला कम करने आदि की पहल को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री, मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों को फ्लीट को 50 प्रतिशत कम करने का फैसला किया है। अब इसी क्रम में विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण के समस्त कार्यक्रमों को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है। यह जानकारी विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संसदीय समितियों की बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारी अग्रिम आदेशों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे।

# वैश्विक संकट से निपटना सामूहिक जिम्मेदारी : योगी

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट, कार पूलिंग और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्प अपनाना हर नागरिक का दायित्व

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस तरह कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान देशवासियों ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच उसी सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य व उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है। ऐसे समय हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्पों को अपनाकर देश के आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती दे। मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ में एक यूपी कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए ईंधन की बचत के लिए रिन्यूएबल एनर्जी, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक व्हीकल और शटल बस जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने 7700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने की बात कही, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे। उन्होंने अधूरी जानकारी के आधार पर नकारात्मक टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर और चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए। देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे और देश समृद्ध होगा तो हम सब भी समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिग होती पीढ़ी को उत्तर प्रदेश के बारे में सही जानकारी देना आवश्यक है। 500 से 1500 वर्ष पूर्व तक भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44-45 प्रतिशत थी, कारण था जीवन के हर क्षेत्र में सामूहिकता, समन्वय और परस्पर सहयोग। भारत के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ भूमि और जल संसाधन थे। विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की परंपरागत खेती होती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में आज जो आर्थिक समृद्धि दिखाई दे रही है, उसकी जड़ें मात्र 400-500 वर्ष पुरानी हैं, जबकि भारत में यह समृद्धि इससे बहुत पहले विद्यमान थी। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश बना दिया गया था। युवाओं के सामने पहचान का संकट था, व्यापारी पलायन कर रहे थे, किसान आत्महत्या कर रहे थे, त्योहारों के समय दंगे-फसाद होते थे, गुंडागर्दी और माफिया राज था। भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और सरकारी उदासीनता चरम पर थी। बिजली, सड़क, सिंचाई और बाजार की कोई व्यवस्था नहीं थी। परंपरागत उद्यम बंद हो रहे थे। इसी निराशा और अराजकता के माहौल में 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार को आशीर्वाद दिया। सरकार बनते ही हमने पहले एक महीने तक केवल मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ शाम छह बजे से रात बारह बजे तक बैठक की। हर विभाग का प्रेजेंटेशन लिया गया और कार्ययोजना तैयार की गई। खजाना खाली था, कर्मचारियों के वेतन के लिए भी पैसे नहीं थे, लेकिन हमने स्पष्ट नीति बनाई कि कोई भाई-भतीजावाद नहीं, कोई क्षेत्रवाद नहीं, कोई परिवारवाद नहीं। आज उत्तर प्रदेश में विकास केवल लखनऊ, वाराणसी या गोरखपुर तक सीमित नहीं है। सभी 75 जनपदों और 58,000 ग्राम पंचायतों में समान विकास हो रहा है। सभी जगह एक समान बिजली पहुंच रही है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू है। भ्रष्टाचार पर भी जीरो टॉलरेंस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे में यूपी का हिस्सा देश का 60 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा का इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यूपी के एमएसएमई क्षेत्र के बारे में कोई सोचता भी नहीं था। सब कुछ भगवान भरोसे था क्योंकि सरकार चादर तानकर सो रही थी। जब सरकार सोती है तो इंस्पेक्टर राज चलता है। कारीगर हतोत्साहित और प्रताड़ित होकर पलायन कर चुका था या जैसे-तैसे गुजारा कर रहा था। लेकिन आज प्रदेश ...शेष पृष्ठ 10 पर

### होर्मुज के पास हमले में भारतीय नौका डूबी



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे दो टैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है, जबकि इसी क्षेत्र के पास हुए हमले में एक भारतीय नौका डूब गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह, पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि सिमी नामक एलपीजी टैंकर 13 मई को जलडमरूमध्य पार कर गया, जबकि एनवी सनशाइन टैंकर ने बृहस्पतिवार को सुरक्षित रूप से इस मार्ग को पार किया। अमेरिका-इजराइल के हमलों और ईरान की जवाबी कार्वाई के बाद यह समुद्री मार्ग प्रभावी रूप से बाधित था, लेकिन अब तक कुल 13 भारतीय पोत इस मार्ग से निकल चुके हैं। हालांकि, भारत के ध्वज वाली मशीनी पाल नौका हाजी अली बुधवार तड़के ओमान के जलक्षेत्र में हमले का शिकार हो गई। इस हमले ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वैश्विक चुनौतियों से निपटने के खोजने होंगे रास्ते

### ब्रिक्स सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर ने किया आग्रह

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत ने बृहस्पतिवार को पश्चिम एशिया के संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल आपूर्ति तथा समुद्री स्थिरता पर इसके प्रभाव पर गंभीर चिंता जताते हुए ब्रिक्स देशों से भू-राजनीतिक उथल-पुथल से बेहतर ढंग से निपटने के लिए व्यावहारिक तरीके खोजने का आग्रह किया।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह टिप्पणी यहां आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में की जिसमें ईरान, रूस, ब्राजील और समूह के कई अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। उन्होंने किसी देश विशेष का नाम लिए बिना कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर आधारित होने चाहिए और किसी संघर्ष के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही सतत मार्ग प्रदान करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत तनाव कम करने की कोशिशों में अच्छा योगदान देने और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों को समर्थन देने के लिए तैयार है। साथ ही, उन्होंने कहा कि शांति टुकड़ों में नहीं हो सकती और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना, आम लोगों की रक्षा करना और सार्वजनिक ढांचे को निशाना बनाने से बचना ज़रूरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 42 माह के उच्चतम स्तर पर महंगाई

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट से ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 42 महीने के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी।

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बार्कलेज के अनुसार, थोक मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि ने मुख्य मुद्रास्फीति दर में उछाल आया। धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की विनिर्माण लागत में वृद्धि के कारण मुख्य थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत तक बढ़ गई। पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जनसेवा का माध्यम है सरकारी दायित्व : धामी

### स्वास्थ्य व उद्यान विभाग में चयनित 307 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकारी सेवा समाज और जनहित के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वहां के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जीवनरेखा के समान हैं। मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने चिकित्सा एवं उद्यान विभाग में चयनित 307 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें 243 चिकित्सक, 42 फार्मासिस्ट तथा उद्यान विभाग के 22 प्रयोगशाला सहायक एवं मशरूम पर्यवेक्षक शामिल रहे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त, आधुनिक और जनसुलभ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से लाखों लोगों को निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त हो रही है। राज्य में अब तक 62 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं और करीब 12 लाख लोगों को 2200 करोड़ रुपये से अधिक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में स्वास्थ्य ढांचे का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में पांच मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि दो नए मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन हैं। इसके साथ ही नौ नर्सिंग कॉलेज और तीन नर्सिंग स्कूल भी कार्यरत हैं। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश करेगा संरा (पृष्ठ-10)
- बिहार में हवाई संपर्क 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य (पृष्ठ-10)
- रुपया 95.73 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर (पृष्ठ-10)
- विदेशी उधारी प्रस्ताव घटकर 5.43 अरब डॉलर (पृष्ठ-10)
- भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक रोक (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मीरजापुर में प्रशासनिक अफसरों ने सप्ताह में एक दिन साइकिल से ऑफिस आने का लिया निर्णय

## ईंधन बचत अभियान को मिली रफ्तार, साइकिल से विधानसभा पहुंचे वित्त मंत्री

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल इसका पालन पूरे प्रदेश में करने पर जोर दिया था। इसके बाद इस मुहिम का प्रदेशव्यापी असर देखने को मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री से लेकर पार्षद तक इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सराहनीय पहल की है। गुरुवार को उन्होंने अपने सरकारी आवास 10 कालिदास मार्ग से विधानसभा स्थित कार्यालय तक साइकिल से पहुंचकर ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश दिया। आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल किया।

मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वह प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन साइकिल से कार्यालय जाएंगे, ताकि आम लोगों को भी ईंधन बचाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 85 से 86 प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पाद विदेशों से आयात किए जाते हैं, जिससे भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होती है। ऐसे में ईंधन की बचत केवल आर्थिक मजबूती ही नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से भी जुड़ा विषय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और संसाधनों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा दे रही है। मंत्री सुरेश खन्ना की यह पहल योगी सरकार की उसी सोच को आगे बढ़ाने वाली मानी जा रही है। साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देकर सरकार स्वस्थ जीवनशैली और प्रदूषण नियंत्रण का भी संदेश दे रही है।

राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर इस पहल को सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का असर 'उनकी काशी' में दिखने लगा है। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश में ऊर्जा, ईंधन आदि के आवश्यक उपयोग का निर्देश दिया है। प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सिंगल कार का प्रयोग शुरू किया तो कैंट विधायक सौरव श्रीवास्तव ने अपने क्षेत्र में साइकिल चलाई। महापौर अशोक तिवारी गुरुवार को आवास से पैदल ही नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उनके समर्थक और पार्षद भी इस मुहिम में शामिल दिखे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जनपद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पेट्रोल-डीजल की बचत सुनिश्चित करते हुए विभागीय एवं निजी वाहनों के कम से कम उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। वाराणसी नगर निगम शनिवार को 'नो फ्यूल डे' के रूप में मनाएगा। गोरखपुर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 84 पी. सी. एस. अधिकारियों का तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 84 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। शासन ने बुधवार देर रात प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। शासन की ओर से जारी सूची के अनुसार कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सूची में अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, संयुक्त मजिस्ट्रेट और विभिन्न विभागों में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। सूची के अनुसार आलोक कुमार वर्माः अपर जिलाधिकारी (नगर), वाराणसी से मुख्य राजस्व अधिकारी, सुल्तानपुर, प्रियंका सिंहः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), हरदोई से कमाण्डेन्ट नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ, डा० वैभव शर्माः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), बदायूँ से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), गोरखपुर, अजीत कुमार सिंहः सचिव, प्रयागराज विकास प्राधिकरण से अपर जिलाधिकारी (वि/रा), मुजफ्फरनगर, अतुल कुमार-। : अपर जिलाधिकारी (वि/रा), गौतमबुद्धनगर से संयुक्त निदेशक (प्रशासन), नागरिक उड्डयन निदेशालय व संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, संजय कुमारः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), जालौन से सचिव, आगरा विकास ...शेष पृष्ठ 10 पर

# योगी सरकार ने गन्ना किसानों को 3.21 लाख करोड़ का भुगतान किया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार की नीतियों, पारदर्शी व तकनीक आधारित व्यवस्था ने गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से अब तक कुल 3,21,963 करोड़ का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराकर इतिहास रचा है। भुगतान की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो गई। गन्ना एवं चीनी उद्योग अब प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। योगी सरकार किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

गन्ना किसानों को समय से भुगतान करने में योगी सरकार की नीति पूर्व की सरकारों पर भारी पड़ी। 2007 से 2012 में गन्ना किसानों को 52,131 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि 2012 से 2017 में 95,215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। वहीं 9 साल में योगी सरकार ने रिकॉर्ड 3,21,963 करोड़ रुपये का भुगतान किया। योगी सरकार की अभिनव पहल ह्यस्मार्ट गन्ना किसानह्न प्रणाली के माध्यम से गन्ना क्षेत्रफल, सट्टा, कैलेंडरिंग और पर्ची जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। अब किसानों को उनकी गन्ना पर्ची सीधे मोबाइल पर प्राप्त होती है और भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में पहुंचता है। सरकार ने



पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना मूल्य की दरों में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि भी की। अगेती प्रजातियों के लिए 400 रुपये व सामान्य प्रजातियों के लिए 390 रुपये प्रति कुंतल की दर निर्धारित की गई। इस बढ़ोत्तरी से गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त हुआ है। योगी सरकार के कार्यकाल में चौथी बार गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई। समय से भुगतान होने से प्रदेश के 48 लाख गन्ना किसान परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने में गन्ना विकास विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी के गन्ना क्षेत्रफल में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2025-26 में 29.51 लाख हेक्टेयर में गन्ना की खेती की गई। योगी सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी गन्ना उत्पादक राज्य बना है। उत्तर प्रदेश में कुल 121 चीनी मिलें संचालित हैं। उप्र राज्य चीनी निगम की 3, उप्र सहकारी चीनी मिल्स संघ की 23 व निजी क्षेत्र की 95 चीनी मिलों द्वारा 877.93 लाख टन गन्ने की पेराई कर 89.68 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया है। पिछले पेराई सत्र में औसत चीनी परता उत्तर प्रदेश का 10.21 प्रतिशत रहा, जबकि महाराष्ट्र का चीनी परता 9.49 प्रतिशत है। प्रदेश में बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनरुद्धार, नई चीनी मिलों की स्थापना तथा मिलों की पेराई क्षमता में 1,28,500 टी.सी.डी. वृद्धि से रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। मिलों के आधुनिकीकरण व औद्योगिक पुनरुद्धार से 10 लाख से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है। विगत 9 वर्ष से लगभग 6924 करोड़ का अतिरिक्त पूंजी निवेश किया गया है। एथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकार के प्रयासों से राज्य में एथेनॉल उत्पादन 188 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया है। ई-गन्ना ऐप, ऑनलाइन सर्वे, पारदर्शी पर्ची वितरण एवं शिकायत निवारण प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को बड़ी राहत व सुविधा प्रदान की है। आज लाखों किसान मोबाइल के माध्यम से घर बैठे गन्ना संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर टोल-फ्री कॉल सेन्टर नम्बर 1800-121-3203 की स्थापना की गयी है, जो 24 घण्टे संचालित है।

# एआई फॉर ऑल पहल से मिलेगा तकनीक का ज्ञान

## उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन चला रहा विशेष अभियान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा ह्यएआई फॉर ऑलह्न पहल को पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिसके तहत हर नागरिक को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यह कार्यक्रम वैश्विक आईटी संस्था ओरेकल यूनिवर्सिटी के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 अप्रैल 2026 को मुजफ्फरनगर में आयोजित वृहद रोजगार मेले के दौरान किया था। योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों तथा आम नागरिकों को आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाकर उन्हें डिजिटल अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करना है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज वैश्विक स्तर पर रोजगार, उद्योग और कार्य संस्कृति में बड़ा बदलाव ला रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार चाहती है कि प्रदेश का युवा तकनीकी रूप से सक्षम बने और नई संभावनाओं का लाभ उठाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांव, कस्बों और शहरों तक इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस निःशुल्क प्रशिक्षण से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का फोकस केवल पारंपरिक रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। यही कारण है कि कौशल विकास के क्षेत्र में प्रदेश लगातार नई पहलें कर रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत एआई फॉर यू: ट्रेनिंग एंड असेसमेंट नामक कोर्स लगभग तीन घंटे की अवधि का है, जिसे पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों का ऑनलाइन मूल्यांकन किया जाता है तथा सफल अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, जो उनके करियर विकास में सहायक होगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एआई फॉर ऑल टैब के माध्यम से सरल प्रक्रिया में निःशुल्क पंजीकरण कर घर बैठे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

# आयुष्मान योजना में तकनीकी सुधार से मिलेगा बेहतर इलाज

## स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितताओं पर रोक लगाने को साचीज ने चलाया अभियान

विशेष संवादददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य योजना के लाभार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। ऐसे में विभाग की ओर से तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का गहन परीक्षण किया गया,

- **अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा सत्यापन से सुधार की कवायद**

जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 28 चिकित्सकों के नाम 15 से अधिक अस्पतालों से जुड़े हुए थे, जबकि 274 चिकित्सकों के नाम सात से अधिक अस्पतालों में दर्ज पाए गए। इस पर संबंधित चिकित्सकों एवं अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए और तीन दिवसीय सत्यापन प्रक्रिया संचालित की गई।

इस दौरान सभी संबंधित पक्षों को अपना पक्ष रखने तथा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया गया। सीईओ ने बताया कि जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जहां चिकित्सक पूर्व में संबंधित अस्पतालों में कार्यरत थे, लेकिन समय पर डाटा अपडेट न होने के कारण उनके नाम अब भी रिकॉर्ड में दर्ज थे। वहीं, दूसरी ओर यह भी स्पष्ट हुआ कि कई विशेषज्ञ चिकित्सक वास्तव में विभिन्न अस्पतालों से जुड़े हुए हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे प्रदेश के दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो पा रहीं हैं, जो मरीजों के लिए बड़ी राहत है। अभियान का उद्देश्य किसी भी चिकित्सक या अस्पताल को अनावश्यक रूप से परेशान करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को मजबूत बनाना है। योजना के तहत फर्जीवाड़ा, डाटा विसंगति या अनियमितताओं को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकता है, ताकि सरकारी संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके और वास्तविक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल प्रक्रियाओं और इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (ईएचआर) को भी तेजी से बढ़ावा दिया जाएगा। इससे मरीजों का पूरा चिकित्सा रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेगा और उपचार प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी तथा प्रभावी बन सकेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड प्रणाली लागू होने से मरीजों को अस्पताल बदलने की स्थिति में भी बार-बार जांच कराने की आवश्यकता कम होगी और चिकित्सकों को इलाज में आसानी होगी। इसके साथ ही सरकारी निगरानी तंत्र भी अधिक मजबूत होगा, जिससे योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी।

# कैम्प लगाकर मरीजों का उपचार करें: दयालु

## महाविद्यालयों में निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करायें जायें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य सुरक्षा एवं औषिधि प्रशासन (एमओएस) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज यहां एनेक्सी भवन के सभागार में प्रदेश के आयुष महाविद्यालय एवं चिकित्सालय (राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय) तथा प्रदेश 50 शैय्यायुक्त आयुष एकीकृत चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रदेश के आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने कालेजों के छात्रावासों के निमार्णाधीन कार्यों को समय पर पूर्ण कराए। इनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मानक के अनुरूप निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी प्रधानाचार्य समय-समय पर छात्रावासों का निरीक्षण अवश्य करे।

आयुष मंत्री ने सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालयों के अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो दवाइयों कॉमन है व जिनकी मांग अधिक है। उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। अस्पतालों में दवाइयों की कमी न होने पाए ताकि मरीजों का उपचार में कोई कठिनाई न होने पाए। डॉ. दयालु ने निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में ओपीडी में आए हुए मरीजों की अधिक से अधिक उपचार करे। चिकित्सक ओपीडी की संख्या को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास करे। उन्होंने स्थापित जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कैम्प लगाकर आयुष चिकित्सा पद्धति की ओर से मरीजों का उपचार करे। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वे ओपीडी में आए हुए मरीजों को बाहर की दवा लिखने का प्रयास कदापि न करे। आयुष मंत्री ने कहा कि अस्पतालों की आईपीडी पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि आईपीडी के मरीजों का बेहतर ढंग से उपचार करे, जिससे कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर अपने घर जाए। सभी अस्पतालों में ओ0टी की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए अधिक से अधिक माइनर सर्जरी करे। उन्होंने कहा कि टॉप 03 चिकित्सालय जिनकी ओपीडी सर्जरी तथा कैम्प लगाने पर आएंगे उनको सम्मानित भी किया जाएगा।

# नीट पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच हो

## उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के कार्यवाहक अध्यक्ष और एनएसयूआई के मध्य जोन अध्यक्ष ने उठाये गंभीर सवाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य जोन के कार्यवाहक अध्यक्ष अंकित तिवारी एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर भाजपा और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कथित मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया। प्रेस वार्ता के बाद समाजवादी छात्र सभा के नगर अध्यक्ष रहे श्रेयस राय अपने समर्थकों के साथ एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

उन्होंने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा छात्रों को न्याय दिलाया जाए। इस दौरान नेताओं ने भाजपा सरकार से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के साथ-साथ एनटीए को तत्काल प्रभाव से बैन करने तथा एक नई एजेंसी गठित




करने की मांग की है ताकि परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जा सके और देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित तथा अभिभावकों का सपना साकार हो सके।

अंकित तिवारी ने कहा कि वर्तमान में जो भाजपा की डबल इंजन की सरकार है वह अब डबल इंजन की सरकार नहीं रह गयी है, बल्कि पेपर लीक उद्योग बन गया है। अब तक बीते 10 वर्षों में 80 से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं चाहे वह पुलिस भर्ती हो, लेखपाल भर्ती, पुलिस भर्ती रही हो या फिर अभी 2 दिन पूर्व नीट परीक्षा का पेपर रहा हो, देश का युवा दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है लेकिन भाजपा सरकार की भ्रष्ट व्यवस्था के कारण पेपर माफियाओं को खुला संरक्षण प्राप्त जिससे परीक्षा में केवल गड़बड़ी ही नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पेपर लीक होने से छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का सपना पूरी तरह से टूट चुका है। अनस रहमान ने कहा कि एनटीए पूरी तरह अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है तथा केंद्र सरकार इस मुद्दे पर जवाब देने से बच रही है। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए कांग्रेस सदैव ही संघर्षरत रही है।

इसी क्रम में नीट पेपर लीक मामले को लेकर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस तथा (एनएसयूआई) के संयुक्त तत्वाधान में कल देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया जाएगा और यदि सरकार छात्रों के हितों के प्रति रक्षा करने में विफल रहती है तो आने वाले समय में यह संघर्ष और अधिक वृहद रूप लेगा।

युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रेस वार्ता में नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रिंस प्रकाश, प्रदेश जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अहमद रजा खान, प्रदेश सचिव मो. नईम खान, गौरव शुक्ला, स्वप्निल चौरसिया, नीरज सिंह, दीपक पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पेट्रोल व डीजल का उचित उपयोग करें : पंकज चौधरी

## पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सांसद, विधायक, सभी जनप्रतिनिधियों से की अपील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सांसद, विधायक, सभी जनप्रतिनिधियों सहित किसानों, प्राइवेट संस्थानों और प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, राष्ट्रहित और जनभागीदारी के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं आर्थिक चुनौतियों के बीच हम सभी का दायित्व है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने व्यवहार और जीवन शैली में सादगी, बचत और स्वदेशी भावना को अपनाएं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने का आवाहन किया है। यह केवल एक अपील नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं, बल्कि देश के नागरिकों की सहभागिता से होता है। हम सभी मिलकर आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विनम्र अपील करते हुए कहा कि हम सभी पेट्रोल एवं डीजल का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें तथा सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा दें। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाते हुए स्वदेशी एवं भारत में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दे। अनावश्यक विदेशी यात्राओं एवं फिजूलखर्ची से बचें तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

पंकज चौधरी ने किसानों से आग्रह किया कि राष्ट्रहित में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे तथा रासायनिक उर्वरको पर निर्भरता कम करें। आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि खाद्य तेल एवं अन्य संसाधनों का उपयोग संयमित रूप से करें ताकि देश की आयात पर निर्भरता कम हो सके। उन्होंने निजी संस्थानों से अनुरोध करते हुए कहा कि जहां संभव हो, वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को प्रोत्साहित करें ताकि ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी लाई जा सके। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं एवं प्रदेशवासियों से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस प्रेरणादायी आवाहन को जन आंदोलन का रूप दें तथा अपने दैनिक जीवन में प्रधानमंत्री के आवाहन के अनुरूप बदलाव करने का संकल्प लें।

हम सब मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# 12 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिल रही आर्थिक सहायता

## ऑनलाइन आवेदन और डिजिटल भुगतान से बढ़ी पारदर्शिता, दिव्यांगजनों को हर महीने मिल रही 1000 रुपये की आर्थिक सहायता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों के सम्मानजनक जीवन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संचालित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना लाखों जरूरतमंद दिव्यांगजनों के लिए सहारा बनकर उभरी है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 12 लाख से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जा रही है।

दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना प्रारंभ में समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित होती थी, लेकिन बाद में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के गठन के पश्चात इसका संचालन विभाग द्वारा




किया जा रहा है।

योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जाता है। योजना का लाभ उन दिव्यांगजनों को दिया जाता है जिनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है तथा जो शारीरिक स्थिति के कारण नियमित कार्य करने में असमर्थ हैं।

18 वर्ष या उससे अधिक आयु के युवक-युवतियां योजना के लिए पात्र हैं। इसके अतिरिक्त लाभार्थी की वार्षिक आय निर्धारित सीमा के भीतर होनी चाहिए। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आय सीमा 46,080 रुपये तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 56,460 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित है। योगी सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह सरल एवं ऑनलाइन बना दिया है।

अब पात्र दिव्यांगजन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर सकते हैं। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को भी योजना का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो रही है। वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत 12,23,295 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह दर्शाता है कि सरकार योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सहायता राशि का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से कोषागार की ई-पेमेंट प्रणाली द्वारा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है तथा लाभार्थियों को समय पर सहायता राशि प्राप्त हो रही है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं निराश्रित दिव्यांगजनों के लिए महत्वपूर्ण सहारा साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं डिजिटल बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजन योजना से जुड़ सकें।

# सतीश महाना ने श्री श्री रविशंकर से भेंट कर लिया आशीर्वाद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गुरुवार को बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन आश्रम में श्री श्री रविशंकर से भेंट कर उनका स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान अध्यक्ष ने आध्यात्म, मानवीय मूल्यों एवं समाज सेवा जैसे विषयों पर सार्थक संवाद किया।

# मेट्रो व सिटी ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी होगी मजबूत

## फीडर बस सेवा और पार्किंग व्यवस्था की बनेगी कार्ययोजना, तैयार होंगे पार्किंग स्थल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गुरुवार को मेट्रो और सिटी ट्रांसपोर्ट की कनेक्टिविटी मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक सुगम, प्रभावी और जनहितकारी बनाने पर जोर दिया गया।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि मेट्रो स्टेशनों और सिटी ट्रांसपोर्ट सेवाओं के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों की निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सके। उन्होंने प्रमुख मेट्रो स्टेशनों से आवश्यक फीडर बस सेवा और पार्किंग व्यवस्था के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने कहा कि मेट्रो की अंतिम मील कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं का विकास जरूरी है। नगर निगम को पार्किंग स्थलों के चिन्हांकन और टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इससे संबंधित टेंडर शनिवार तक प्रकाशित कर दिए जाएंगे।

साथ ही यह भी बताया गया कि समस्त टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए 15 जून तक अंतिम रूप प्रदान कर दिया जाएगा।

इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि चिन्हित पार्किंग स्थलों के संबंध में समस्त औपचारिकताएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करते हुए टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा पार्किंग स्थलों को शीघ्र उपयोग में लाना सुनिश्चित किया जाए।

सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देशित किया कि प्रमुख लोड पॉइंट्स एवं कार्यालय समय के अनुरूप चयनित स्थानों से निकटतम मेट्रो स्टेशनों तक शटल बस सेवा प्रारम्भ कराई जाए। विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा स्कूल विद्यार्थियों को मेट्रो से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि इलेक्ट्रिक बसों एवं छोटे सार्वजनिक परिवहन साधनों के रूट पुनर्गठित कर आवश्यकतानुसार नए रूट प्रस्तावित किए जाएं। मंडलायुक्त ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट के प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल डिस्प्ले, एलईडी स्क्रीन, एफएम रेडियो और सोशल मीडिया के उपयोग पर भी जोर दिया।

साथ ही सरकारी कर्मचारियों, छात्रों और विभिन्न संस्थानों को मेट्रो से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में ई-बसों और छोटे सार्वजनिक परिवहन साधनों के नए रूट प्रस्तावित करने, मेट्रो स्टेशनों के आसपास अवैध पार्किंग व अतिक्रमण हटाने तथा स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी दिए गए। मंडलायुक्त ने कहा कि राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और जनसुलभ बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

# एलडीए स्टेडियम को लीज पर देने का विरोध

## भाजपा पार्षद ने सीएम को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम के भाजपा पार्षद एवं उपाध्यक्ष यूपी वेल्ड लिफ्टिंग एसोसिएशन रणजीत सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अलीगंज स्थित एलडीए स्टेडियम को 25 वर्षों की लीज पर दिए जाने का विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले से खिलाड़ियों और खेल गतिविधियों को बड़ा नुकसान होगा।

पत्र में कहा गया है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की आवासीय योजना के अंतर्गत बने इस स्टेडियम में वर्षों से स्थानीय खिलाड़ी विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण लेते रहे हैं। यहां क्रिकेट, फुटबॉल, लॉन टेनिस और एथलेटिक्स जैसी खेल गतिविधियां संचालित होती थीं, जिनसे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता था। पार्षद ने आरोप लगाया कि वर्ष 2026 में एलडीए वीसी की ओर से स्टेडियम को बड़ी धनराशि पर 25 साल के लिए किराये पर दे दिया गया, जिसके बाद खिलाड़ियों के लिए मैदान में खेलना लगभग बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि अब खिलाड़ियों से खेल गतिविधियों के लिए हजारों रुपये प्रति घंटा शुल्क मांगा जा रहा है। पत्र में कहा गया कि जिन बच्चों ने खेल के माध्यम से प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का सपना देखा था, उनके सपनों पर असर पड़ रहा है। पार्षद रणजीत सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए एलडीए स्टेडियम और अन्य खेल परिसरों के आवंटन को निरस्त किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को पहले की तरह खेल सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी आवासीय योजना में खेल मैदान, स्कूल, पार्क और सामुदायिक केंद्र जैसी सुविधाओं के लिए पहले से जमीन आरक्षित की जाती है, ऐसे में उनका व्यावसायीकरण उचित नहीं है।

# फाइलेरिया और कालाजार आज भी सेहत के लिए बड़ी चुनौती : सीएमओ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फाइलेरिया और काला-जार जैसी बीमारियां आज भी जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। इनसे बचाव के लिए जागरूकता, समय पर पहचान और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. एनबी सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय काला-जार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से आए चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से तथा काला-जार बालू मक्खी के काटने से फैलता है। उन्होंने बताया कि काला-



जार का पूर्ण इलाज संभव है, जबकि फाइलेरिया का केवल प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि काला-जार मरीज मिलने के बाद प्रभावित क्षेत्र में लगातार तीन वर्षों तक प्रत्येक छह माह पर इनडोर रेसिड्यूल स्प्रे का छिड़काव किया जाता है।

# मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम में शामिल हुईं महापौर

## शहरों की वित्तीय मजबूती और नवाचार पर हुआ मंथन, राजस्व बढ़ाने के लखनऊ मॉडल को राष्ट्रीय मंच पर किया प्रस्तुत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुंबई के नरिमन प्वाइंट स्थित यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित नेशनल कंसल्टेशन ऑन फिस्कल एम्पावरमेंट ऑफ सिटी गवर्नमेंट्सह्व कार्यक्रम में लखनऊ की माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने प्रतिभाग किया। प्रजा संस्था द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शहरी वित्त विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पार्षद सौरभ सिंह मोनू एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी विभिन्न शहरों की ओर से अपनाए जा रहे शहरी वित्त एवं प्रशासन के नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में शहरी स्थानीय निकायों के वित्तीय सशक्तिकरण संबंधी रिपोर्ट 2026 की




प्रमुख रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा शहरों को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यक्रम के दौरान नगर निकायों की वित्तीय स्वायत्तता, शहरों के स्वयं के राजस्व स्त्रोतों को मजबूत करने, संपत्तियों के बेहतर उपयोग, कर संग्रहण प्रणाली में तकनीकी सुधार, शहरी सेवाओं के लिए नवाचार आधारित वित्तीय मॉडल, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, यूजर चार्ज व्यवस्था, विज्ञापन एवं पार्किंग प्रबंधन, पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फंडिंग तथा नगर निकायों की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही नगर निगमों द्वारा बिना अतिरिक्त कर बोझ डाले आय बढ़ाने के सफल मॉडलों, डिजिटल टैक्स मैनेजमेंट, शहरी विकास परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के उपायों पर भी विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र नगर निकायों के स्व-वित्तीय राजस्व स्त्रोतों की मजबूती में महापौर सुषमा खर्कवाल पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने लखनऊ नगर निगम की ओर से राजस्व बढ़ाने, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और नगर सेवाओं को मजबूत करने के लिए किए गए नवाचारों और प्रयासों की जानकारी साझा की। इस सत्र में महाराष्ट्र सरकार के विधायक श्री योगेश सागर, कोच्चि नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी सदस्य श्रीमती शाइनी मैथ्यू तथा रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त चंद्रदीप कुमार भी पैनलिस्ट के रूप में उपस्थित रहे। सत्र का संचालन अर्बन फाइनेंस एंड मैनेजमेंट विशेषज्ञ श्री रविकांत जोशी ने किया। महापौर ने अपने संबोधन में बताया कि नगर निगम लखनऊ ने बिना किसी नए कर को लगाए उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि नगर निगम को गृहकर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 771.06 करोड़ रुपये हुई। चार वर्षों में गृहकर आय में 145.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार जलकर एवं सीवर शुल्क से वर्ष 2021-22 में 149.57 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 447.95 करोड़ रुपये हो गई। इसमें 199.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। महापौर ने बताया कि असेसमेंट भवनों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई। वर्ष 2021-22 में नगर निगम सीमा में 5,85,802 भवन असेसड थे, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 7,60,710 कर दिया गया। इसी तरह संपत्तियों को किराए पर देकर 171.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विज्ञापन, होर्डिंग और कियोस्क शुल्क से वर्ष 2021-22 में 2.79 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार पार्किंग शुल्क से होने वाली आय में 106.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण से यूजर चार्ज के रूप में वर्ष 2021-22 में 8.03 करोड़ रुपये की आय हुई थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 30.01 करोड़ रुपये हो गई। इस प्रकार यूजर चार्ज आय में 273.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अहाना इन्क्लेव के अंतर्गत फ्लैट निर्माण एवं बिक्री के माध्यम से 226.10 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई। उन्होंने कहा कि नगर निगम लखनऊ का यह मॉडल देश के अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणादायी साबित हो सकता है, जहां बिना करों का अतिरिक्त बोझ डाले बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और संसाधन प्रबंधन के माध्यम से राजस्व वृद्धि की जा सकती है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने यह भी बताया कि नगर निगम लखनऊ अपनी आय के नए स्त्रोत विकसित करने के उद्देश्य से शहर में खाली पड़ी नगर निगम की भूमि का बेहतर उपयोग करने जा रहा है।

# पीसीएस रिटायर्ड एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी ने ली शपथ



**लखनऊ।** पीसीएस रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को कैंट रोड स्थित संगठन भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों तथा सदस्यों को शपथ दिलाई गई। जानकारी के अनुसार, विगत माह राजस्व परिषद के आंबेडकर सभागार में आयोजित अधिवेशन में नई प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया था। अधिवेशन में पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे थे, जबकि अध्यक्षता राज मंगल गोंड ने की थी। बुधवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में संगठन के वरिष्ठ सदस्य अवधेश नारायण सिंह ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में टी.एन. द्विवेदी को अध्यक्ष, अनिल कुमार मिश्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष, एस.पी. राय को उपाध्यक्ष, अमृत लाल साहू को महासचिव, प्रहलाद सिंह को सचिव तथा अशोक कुमार शुक्ला को मीडिया सचिव बनाया गया। वहीं ओमप्रकाश गुप्ता को तात्कालिक रूप से कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके बाद संगठन के वरिष्ठ सदस्य चंद्रमणि मिश्रा ने कार्यकारिणी सदस्यों एवं आमंत्रित सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न मंडलों एवं जनपदों से आए सदस्यों और संयोजकों ने भी भाग लिया। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि, आठवें वेतन आयोग को भेजे जाने वाले मेमोरेंडम पर चर्चा तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# काकोरी व दुबग्गा में 50 बीघा क्षेत्रफल में 10 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को काकोरी व दुबग्गा थानाक्षेत्र में अनियोजित विकास के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 10 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि काकोरी के ग्राम-बरकटाबाद में अभियान चलाया गया। इस दौरान धनंजय तिवारी, उदय यादव, सुनील यादव, शिवानंद, मुन्ना, नागेन्द्र, विनोद कुमार व अन्य की ओर से लगभग 35 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 06 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि दुबग्गा थानाक्षेत्र के ग्राम-मौरा, बरावन कला, शेखपुरवा प्रेमराज एवं हलवापुर में अभियान चलाया गया। इस दौरान राधेश्याम, फकरूद्दीन, डॉ0 इशहाक, मोहम्मद नदीम, शकील व अन्य की ओर से लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 04 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

# टाइटन ने लॉन्च की नयी स्पोर्ट्स वॉच रेंज जीरो आवर

**लखनऊ।** टाइटन कंपनी ने अपनी नई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स वॉच रेंज जीरो आवर लॉन्च की है। इस नए सब-ब्रांड के तहत कंपनी ने 500 मीटर प्रोफेशनल डाइवर्स ऑटोमैटिक वॉच पेश की है, जिसे चरम परिस्थितियों और प्रोफेशनल डाइविंग के लिए डिजाइन किया गया है। इस नई रेंज को गोवा में अरब सागर के बीच लॉन्च किया गया। इस कलेक्शन में कुल 12 अलग-अलग घड़ियां शामिल हैं।

# जानकीपुरम विस्तार व गुडंबा क्षेत्र में हटाया गया अतिक्रमण

**लखनऊ।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम की ओर से गुरुवार को सघन अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में जोन-3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम द्वारा व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सेक्टर-2 जानकीपुरम विस्तार स्थित भिटौली चौराहे के पास सब्जी मंडी क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही गुडंबा थाने से लगी चटोरी गली और 23 नंबर तिराहा मार्ग पर पटरी दुकानदारों की ओर से किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। नगर निगम टीम ने अभियान के दौरान कुल 45 अवैध दुकानों को हटवाया तथा एक ठेला जब्त किया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा न करने की चेतावनी भी दी।

# पीजीआई के निदेशक साइकिल से पहुंचे कार्यालय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान ने सतत परिवहन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बृहस्पतिवार को संस्थान के निदेशक प्रो. राधा कृष्ण धीमन ने अपने आवास से कार्यालय तक साइकिल चलाकर पर्यावरण के अनुकूल आवागमन के तरीकों का एक उदाहरण प्रस्तुत किया। दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों में कई कर्मचारी अपने वाहन छोड़कर साइकिल से अस्पताल पहुंचे।

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई दूरदर्शी अपीलों के अनुरूप है, जिसमें वैश्विक संघर्षों के बीच ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, साइकिलिंग और पैदल चलकर पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। साइकिल चला कर पहुंचने के बाद प्रो. धीमन ने कहा कि इस पहल के पहले चरण में, संकाय, रेजिडेंट, कर्मचारियों और छात्रों को परिसर के अंदर और आसपास वाहनों के अनावश्यक उपयोग से बचने और जहां भी संभव हो, पैदल चलने या साइकिल से आवागमन करने को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस पहल को बढ़ावा देने के लिए, संस्थान परिसर के प्रमुख प्रतिष्ठानों के पास 7-8 साइकिल स्टैंड स्थापित करने की योजना बना रहा है। प्रो. धीमन ने इस बात पर जोर दिया कि वाहनों पर निर्भरता कम करने से पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण और प्रदूषण के स्तर में कमी लाने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि साइकिल चलाना और पैदल



चलना कर्मचारियों और छात्रों के स्वास्थ्य और शारीरिक तंदुरुस्ती में सुधार लाएगा। दूसरी तरफ बलरामपुर अस्पताल के फार्मासिस्ट एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय भी अपनी कार की बजाए साइकिल से अस्पताल पहुंचे। कई कर्मचारियों ने पूछा तो उनका जवाब था कि दैनिक आवागमन के लिए मोटर वाहनों का उपयोग न करने और इसके बजाय पैदल चलने या साइकिल चलाने को एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ विकल्प के रूप में अपनाने का आग्रह किया।

# 62 मरीजों ने करायी एचआईवी जांच

**लखनऊ।** राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से गुरुवार को खाला बाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र में प्रातः 9 से मध्याह्न 12 बजे तक एचआईवी जांच के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, इसमें 62 लोगों ने एचआईवी की जांच करायी। शिविर में पहुंची नीलम, विनीता गुप्ता और राम प्रकाश रावत कहना था कि शुक्र है कि यहां शिविर लग गया, वरना उनको प्राइवेट में पैसे देकर जांच करानी पड़ी। केन्द्र के संरक्षण हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि एचआईवी/एड्स कोई अभिशाप नहीं है, इसे छुपाए नहीं, जागरूक बने। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की टीम जांच और परामर्श दिया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र में हर माह के अंतिम रविवार को बृह्द स्तर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है, उनमें केन्द्र के अलावा केजीएमयू सहित अन्य चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डाक्टर मरीजों को परामर्श देने आते हैं।

# बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन हुआ सफल लीवर ट्रांसप्लांट

**लखनऊ।** अपोलो हॉस्पिटल के डाक्टरों की टीम ने पहली बार बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लीवर ट्रांसप्लांट को सफलता पायी। इस सर्जरी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि पूरे ऑपरेशन के दौरान 56 वर्षीय मरीज को एक भी यूनिट खून (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) नहीं चढ़ाना पड़ा। गंभीर स्थिति में पहुंचे इस मरीज को सफल सर्जरी के बाद नई जिंदगी मिली है। आमतौर पर लीवर ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को 20 से 25 दिन तक अस्पताल में रहना पड़ता है, लेकिन बेहतर रिकवरी के चलते इस मरीज को ऑपरेशन के महज 8वें दिन ही छुट्टी दे दी गई। उल्लेखनीय है कि अस्पताल की लीवर ट्रांसप्लांट टीम पिछले 7 महीनों में 20 सफल लीवर ट्रांसप्लांट कर चुकी है। यह मरीज मैनपुरी जिले का निवासी है। मरीज का एमईएलडी स्कोर 30 था यानी लीवर बेहद गंभीर स्थिति में था और उसे तुरंत लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत थी। मरीज की जान बचाने के लिए उसकी 45 वर्षीय पत्नी ने अपना लीवर डोनेट किया।

# केजीएमयू, पीजीआई और लोहिया संस्थान के डाक्टरों की गर्मी की छुट्टी कल से

**लखनऊ।** गर्मी की छुट्टी शुक्रवार के से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), लोहिया संस्थान, पीजीआई और कैंसर संस्थान में शुरू हो जाएंगी। इसके चलते 50 प्रतिशत डॉक्टर एक माह की छुट्टी पर रहेंगे। उनके लौटने के बाद बाकी 50 प्रतिशत डॉक्टर छुट्टी पर जाएंगे। इस दौरान ऑपरेशन से लेकर ओपीडी तक में इलाज के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि, मरीजों को दुश्वारियों से बचाने के लिए संस्थान प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार मरीजों के उपचार में कोई दिक्कत न होने पाए, इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फिलहाल, मरीजों को कोई समस्या नहीं होना चाहिए।

# बलरामपुर अस्पताल में सिरिंज की गुणवत्ता पर सवाल

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में इस्तेमाल हो रही सिरिंजों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल के विभिन्न विभागों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों का आरोप है कि खराब गुणवत्ता वाली सिरिंजों के कारण इलाज और जांच दोनों प्रभावित हो रहे हैं। अस्पताल में 756 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। ओपीडी में पांच से छह हजार मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। 98 प्रतिशत मरीजों को पैथोलॉजी जांचें लिखी जाती हैं। उन्हें इंजेक्शन लगाए जाते हैं। आरोप है कि कई सिरिंजों में वैक्यूम सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। इसके चलते खून का नमूना लेने में दिक्कत हो रही है।

# चकबस्त स्थित जोनल कार्यालय का निर्माण जून अंत तक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को शहर में चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण विकास एवं निर्माण कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैसरबाग स्थित चकबस्त में निर्माणाधीन जोनल कार्यालय एवं पार्किंग, जोन-8 में सीएम ग्रिड के तहत इग्नू रीजनल सेंटर के पास बन रही सड़क और रजनी खंड में नाला निर्माण कार्य, हैबतमऊ झील परियोजना, नादरगंज स्थित कान्हा उपवन, अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे राधा सरोवर एवं प्रेम सरोवर, अमौसी स्थित वृहद गौशाला तथा एबीसी सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सभी परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा तय समय सीमा में उन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उनके साथ अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव एवं चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा भी मौजूद रहे।

नगर आयुक्त ने सबसे पहले कैसरबाग स्थित चकबस्त में निमार्णाधीन जोनल कार्यालय एवं पार्किंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन-1 के अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा को निर्माण कार्य डबल शिफ्ट में कराने के निर्देश दिए। साथ ही अगले 15 दिनों में फायर सेफ्टी से जुड़े कार्य पूर्ण करने तथा जून माह के अंत तक पूरी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा कराने को कहा। इसके बाद नगर आयुक्त ने जोन-8 क्षेत्र में सीएम ग्रिड के तहत इग्नू रीजनल सेंटर के पास बन रही सड़कों एवं रजनी खंड की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने इग्नू रीजनल सेंटर के पास बने सेल्फी प्वाइंट का अवलोकन करते हुए खुले में पड़ी हाईटेंशन लाइन को जल्द भूमिगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य जून अंत तक पूरा होना चाहिए। रजनी खंड में चल रहे सीएम ग्रिड कार्यों की समीक्षा के दौरान नगर आयुक्त ने निमार्णाधीन नाले के कार्य में तेजी लाने को कहा। 250 मीटर लंबे नाले में अब तक 150 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 100 मीटर कार्य को जून अंत तक पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने हैबतमऊ झील परियोजना के अंतिम चरण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने फिनिशिंग, सौंदर्यीकरण एवं हॉर्टिकल्चर से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर इस माह के अंत तक पूरा कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने नादरगंज स्थित कान्हा उपवन में निमार्णाधीन विद्यालय का निरीक्षण करते हुए स्कूल परिसर की बाउंड्री वॉल का कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा भवन निर्माण की टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कान्हा उपवन में जर्जर दीवारों की मरम्मत, वाहनों की मरम्मत के लिए स्थायी कार्यशाला बनाने और कर्मचारियों के आवास को टाउनशिप मॉडल के रूप में विकसित करने की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सीवर जल के निस्तारण के लिए बनाए जा रहे एसटीपी के कार्य में तेजी लाने को कहा। अमृत 2.0 योजना के तहत विकसित किए जा रहे राधा सरोवर और प्रेम सरोवर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने निर्माण गुणवत्ता का बारीकी से परीक्षण किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

अमौसी स्थित वृहद गौशाला के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने फलदार वृक्ष लगाने, ग्रीनरी विकसित करने, लैंडस्केपिंग कराने और हाईमास्ट लाइट लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मेटल स्क्रैप से कामधेनु गाय की प्रतिमा बनाने, मुख्य गेट का चौड़ीकरण करने और भूसा गोदाम को ऊंचा कराने को कहा। इसके बाद नगर आयुक्त ने अमौसी स्थित एबीसी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बिजली कनेक्शन और हैंडओवर की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

| SL. N. | Code No. | Name of Zone | Name of Work | Tender Cost (Rs.) | Date of Pre-bid Meeting | Date of Technical bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lko-I-'22/ 26 | Lucknow Zone-1 | Earth Filling work at Fire Station Industrial Area Kursi Road, Distt. Barabanki | 18,75,000 | --- | 21.05.2026 |
| 2 | Lko-I-23/ 26 | -do- | Renovation and Maintenance work of Birju Maharaj Kathak Sansthan, Kaisarbagh Lucknow. | 28,92,144 | 15.05.2026 | 25.05.2026 |
| 3 | E-IV/ 23/26 | Electrical Zone-4 | SITC of A.R.D System in Lifts of Evaluation Building & Paramedical Building at C.S.J.M University Kanpur. | 7,16,000 | --- | 26.05.2026 |
| 4 | Agra-32/26 | Agra Zone | Construction of Balance work 2 Units Fire Station Building at Panki Industrial Area, Kanpur (U.P.) | 1,82,87.000 | --- | 20.05.2026 |

For more details visit U.P. Government e-tender portal http://etender.up.nic.in and UPRNNL website http://www.uprnn.upsdc.gov.in

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

- चार माह पहले हुई थी शादी, हादसे के बाद परिवार में मचा कोहराम




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम बाइक से जा रहे एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाती इससे पहले ही उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बंथरा के चनखरा गांव निवासी आशीष रावत (27) एयरपोर्ट स्थित एक कैंटीन में कुक था। गुरुवार शाम करीब सात बजे वह मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गोड़वा गांव जा रहा था। इसी दौरान बंथरा-बिजनौर रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसकी बाइक में पीछे से ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान आशीष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय पुलिस बाइक में ठोकर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

सात माह पहले हुई थी शादी मृतक के परिजनों ने बताया कि चार माह पहले आशीष की शादी मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गोड़वा गांव में रहने वाली सिमरन के साथ हुई थी। मृतक गुरूवार को अपनी पत्नी सिमरन को लेने के लिए ससुराल जा रहा था। मृतक के परिवार बड़े भाई सरोज के अलावां तीन बहन भी है।

## इंदा नहर में बहते दिखे दो शव

**गोसाईंगंज।** गोसाईंगंज इलाके में गुरुवार की दोपहर सिठौली कला गांव के पास इंदा नहर में दो शव बहते हुए देखे गए। गोसाईंगंज पुलिस जब तक पहुंचती नहर में बहाव तेज होने के कारण दोबारा नहीं दिखे। और न ही नगराम के अचली खेडा बैराज पहुंचे। शव की तलाश में गोसाईंगंज व नगराम पुलिस दोनो शवो की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज व नगराम के बीच कई छोटे माइनर भी निकलते है। इस बीच किसी माइनर में निकल गई होगी या फिर किसी झाड़ियों में फस गई होगी। नगराम पुलिस ने मुताबिक अचली खेडा बैराज में जाल डाला गया है। नहर से निकलने वाले माइनर पर भी नजर रखी जा रही है। शव दिखते ही उन्हें निकाल कर शिनाख्त कराने के साथ अन्य कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

**आर्थिक तंगी से जूझ रहे चालक ने फांसी लगाकर दी जान :** आशियाना में आर्थिक तंगी से जूझ रहे चालक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घरवालों का कहना है कि उन्होंने डीसीएम फाइनेंस कराई थी। वह उसकी किश्त अदा नहीं कर पा रहे थे। इसी को लेकर उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस के मुताबिक, बाराबंकी स्थित जैतपुर बरहेटा गांव निवासी देशदीप तिवारी (38) डीसीएम चालक थे। वह पत्नी कामिनी के साथ आशियाना स्थित रुचि खंड में किराए के मकान में रहते थे। भाई हरिकेश ने बताया उनके भाई ने कुछ समय फाइनेंस कराकर डीसीएम गाड़ी खरीदी। महीने की लगभग 35000 किश्त अदा की जानी थी। उनके ऊपर गाड़ी की तीन किश्ते बाकी थी। इसे लेकर वह काफी परेशान थे। लोन कंपनी वाले उन्हें लोन न चुका पाने के चलते फोन कर रहे थे। बुधवार देर रात 2:30 बजे जानकारी हुई कि उनके भाई देशदीप मकान के दूसरे कमरे में सोए हुए थे। पत्नी जब देर रात बाथरूम के लिए उठी तो कमरे में जाकर देखा तो उन्हें दुपट्टा पंखे के सहारे शव लटक रहा था। इसके बाद कामिनी ने मकान मालिक को जगाया। उन्हें नीचे उतारने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव :** बीबीडीके सलारगंज गांव के पास रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान करते हुए घरवालों को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, उसकी पहचान छुट्टन पुत्र रंजीत निवासी जुग्गौर, थाना बीबीडी के रूप में हुई है। वह मूलतः लखीमपुर का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि वह पत्नी सुषमा, बेटे रामू, सुंदर के साथ रहकर मजदूरी करता था। घरवालों का कहना है कि वह सुबह करीब चार बजे शौच के लिए गया था।

## आईपीएल क्रिकेट मैच को लेकर कड़ी सुरक्षा

**लखनऊ।** आईपीएल-2026 में शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीमें भिड़ेंगी। क्रिकेट मैच को लेकर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

इकाना परिसर को सुरक्षा के लिहाज से तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है। सड़क पर सीसीटीवी से नजर रखने के साथ ही पुलिस ड्रोन कैमरों की मदद से अराजकतत्वों व टिकट ब्लैक करने वालों पर नजर रखेगी। कंट्रोल रूम से पुलिस अधिकारी ट्रैफिक के लिहाज से रूट और सुरक्षा का जायजा लेते रहेंगे। सुरक्षा में पुलिस अधिकारियों के अलावा, एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस), एंटी माइन टीम, बम स्क्वायड दस्ते, अर्द्धसैनिक बल और पुलिस कर्मियों समेत 2500 से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। गुरुवार को सुरक्षा के संबंध में जेसीपी कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने बैठक कर पुलिस अधिकारियों को अहम दिशा निर्देश दिए हैं।

## 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**लखनऊ।** चंदौली से 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश आशुतोष सिंह को एसटीएफ ने गुरुवार को आशियाना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।



आशुतोष ने जून 2025 में सैयदराजा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में गोलियां तड़तड़ाई थीं। उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह फरार था और आशियाना क्षेत्र में रह रहा था।

अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी आशुतोष सिंह चंदौली के फेसुड़ा गांव का रहने वाला है। बीते कुछ समय से पुलिस टीम को जानकारी मिल रही थी कि शहर में इनामी अपराधी घूम रहे हैं। वह सक्रिय हैं और कोई भी अपराध कारित कर सकते हैं। इस बीच गुरुवार को आशुतोष का पता चला। टीम ने मुखबिर की सूचना और लोकेशन के आधार पर आशुतोष को मां गायत्री स्वीट्स एंड नमकीन के पास पावर हाउस चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

आशुतोष पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आशुतोष का जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। जून 2025 में जमीन की पैमाइश के दौरान उसका परिवार के ही सदस्य शैलेंद्र कुमार सिंह से विवाद हो गया था। आशुतोष ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई राउंड फायर शैलेंद्र पर किए थे।

## हादसे में जख्मी डिलीवरीमैन ने दम तोड़ा

**लखनऊ।** सैरपुर में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक से जा रहे युवक को ठोकर मार दी। हादसे में युवक जख्मी हो गया। बुधवार को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, सीतापुर नेवादा कला गांव निवासी ललित कुमार पांडे (35) पत्नी पिंगला के साथ सैरपुर स्थित नरेंद्र विहार कॉलोनी में रहकर एक निजी कंपनी में डिलीवरी मैन थे। साले सुमित मिश्रा ने बताया सोमवार सुबह उनके बहनोई बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे।

## युवक को कार से कुचलने की कोशिश

**लखनऊ।** हजरतगंज क्षेत्र में गुरुवार सुबह विधान भवन गेट नंबर-8 के पास एक कार सवार युवक ने स्कूटी सवार को कुचलने की कोशिश की। कार सवार युवक ने तेज हॉर्न बजाकर स्कूटी सवार को डराने की कोशिश की और उसकी स्कूटी में टक्कर मारकर फरार हो गया। कार चालक की इस हरकत का वीडियो सामने आया है। पीड़ित ने थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वीडियो में नजर आ रहा है कि होंडा सिटी कार (यूपी 32 एफजे 9191) कार सवार बार-बार स्कूटी में टक्कर मार रहा है। गुस्से में स्कूटी सवार शख्स जब नीचे उतरकर उसके पास जाता है तो कार सवार चालक जानबूझकर तेज हार्न बजाकर स्कूटी सवार को डराने की कोशिश करता रहा है। कार सवार ने स्कूटी चला रहे युवक को कुचलने की कोशिश की, तभी स्कूटी से सवार युवक गुस्से में स्कूटी रोककर उतर जाता है और जाकर कार के शीशे पर मारता है। कार सवार से चढ़ाने की वजह पूछता है, दोनों में बहस होती है। इसके बाद कार चालक गाड़ी पीछे करता है और फिर तेजी से युवक की ओर बढ़ाता है। हालांकि युवक बाल-बाल बच जाता है, लेकिन स्कूटी को टक्कर लग जाती है। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एयरपोर्ट के पास चलती कार में लगी आग

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार रात एक चलती अर्टिगा कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची एयरपोर्ट की दमकल गाड़ी ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोमती नगर निवासी शशांक बुधवार रात करीब 10 बजे बंथरा स्थित एक होटल से सवारी लेकर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। वह सवारी छोड़कर एयरपोर्ट से वापस लौट रहे थे। तभी एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग से करीब 300 मीटर दूर कानपुर रोड की ओर जाते समय एयरपोर्ट स्थित लक्ष्मण तिराहे के पास रात करीब 11:30 बजे कार के बोनट में आग लग गयी।

## विवेकानंद अस्पताल में निःशुल्क थोरैसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक आज

**लखनऊ।** विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संस्थान के भूतल पर स्थित ओपीडी कक्ष संख्या-2 में एक निःशुल्क थोरैसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में प्रो. (डॉ.) भवतोष बिस्वास, एमएस, डीएनबी, एमसीएच (कार्डियो थोरेसिक सर्जरी) द्वारा निःशुल्क ओपीडी परामर्श और बाद में सर्जिकल प्रक्रियाओं करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह जानकारी संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद महाराज ने दी।

## तीन बल्लियों पर पांच सौ मीटर केबिल लटकाया

**लखनऊ।** बिजली विभाग द्वारा लम्बी दूरी तक बांस बल्लियों के सहारे बिजली सप्लाई की जा रही है। जिससे कभी भी बड़ी घटना घटित हो सकती है।



माल विकास खंड स्थित माल विद्युत उपकेंद्र द्वारा उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने का कार्य नियम कानूनों को ताख पर रख कर किया जा रहा है। जहां नारायनपुर गांव में बालाजी हॉस्पिटल के लिए आम के पेड़ों पर तीन सौ मीटर तक केबिल टांग कर कनेक्शन दिया गया। वहीं माल के ही रुदान खेड़ा गांव में भी ट्रांसफॉर्मर से लगभग पांच सौ मीटर केबिल तीन बल्लियों के सहारे लटका कर कनेक्शन दिया गया है। यह बल्लियां किसान कमलेश रावत, मिश्रीलाल यादव और संत बक्श सिंह खेतों में लगाई गई हैं जहां खेती में काम करने वालों के लिए हर समय खतरा बना रहता है लेकिन बिजली विभाग बिना पोल लगाए ही राजस्व वसूली कर रहा है।

## सैलून मैनेजर की खुदकुशी मामले में एक गिरफ्तार

- आत्महत्या के लिए उकसाने के मुकदमे में पुलिस ने भेजा जेल
- आत्महत्या से पहले रतना ने करीब 25 सेकंड का बनाया था वीडियो

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहीद पथ स्थित शालीमार वन वर्ड अपार्टमेंट में सैलून मैनेजर रतना सिंह की खुदकुशी मामले में गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। युवती के पिता की तहरीर पर दर्ज आत्महत्या के लिए उकसाने के मुकदमे में पुलिस ने मंगलनाथ यादव को जेल भेज दिया है। अन्य नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि गोरखपुर के कैंट स्थित बिछिया गांव निवासी सुधीर कुमार सिंह ने 13 मई को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी 31 वर्षीय बेटी रतना सिंह को कुछ लोग लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। प्रताड़ना से परेशान होकर रतना ने खुदकुशी कर ली। मामले में पुलिस ने शरद सिंह, उसकी पत्नी पल्लवी जोशी, मंगल यादव, वैशाली, प्रशांत शर्मा समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था।

बताया कि गिरफ्तार आरोपी मंगलनाथ यादव देवरिया के खुखुंदू का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक रतना सिंह शहीद पथ स्थित शालीमार वन वर्ल्ड टावर सी-1 के फ्लैट नंबर 804 में रहती थीं और निजी सैलून में मैनेजर थीं। सोमवार रात उन्होंने फ्लैट में फंदे से लटककर जान दे दी थी। आत्महत्या से पहले रतना ने करीब 25 सेकंड का एक वीडियो भी बनाया था। वीडियो में उन्होंने कम्पनी में साथ काम करने वाले शरद सिंह, पल्लवी जोशी, मंगल यादव, वैशाली और प्रशांत वर्मा समेत अन्य लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

पिता सुधीर कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि बेटी ने पहले भी प्रताड़ना की जानकारी दी थी, लेकिन उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया। बाद में लगातार तनाव से परेशान होकर उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार मंगलनाथ यादव के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2018 में गाजीपुर थाने में मारपीट और सीएलए एक्ट व वर्ष 2020 में देवरिया के खुखुन्दू थाने में मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज है।

## दबंगों ने निर्माणाधीन मकान पर जेसीबी चला किया क्षतिग्रस्त

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बुधवार अपराह्न दबंगों ने एक निमार्णाधीन मकान को जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जेसीबी सीज कर चालक के खिलाफ की कार्रवाई कर मामले की जांच में जुटी है।

कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित स्थित गंगा खेड़ा कनौसी निवासी आरती सिंह पत्नी प्रवीन सिंह के अनुसार उन्होंने एक प्लाट कनौसी केसरी खेड़ा मे खरीदा था जिसपर निर्माण कार्य चल रहा है और छत पड़ने वाली है। आरोप है कि पुलकित बर्मा के कहने पर आदर्श सामूहिक समिति के कर्मचारीगण शव्वीर अहमद, राधे श्याम, जेसीबी चालक राहुल, 4-5 अज्ञात साथियों के साथ बुधवार करीब 3 बजे जेसीबी से उनके निर्माणधीन मकान की बाउन्ड्री, दिवार, तथा पिलर आदि को तोड़ दिया। जिससे अर्धनिर्मित मकान क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से फरार हो गए।

## नाली विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

**लखनऊ।** अहिमामऊ स्थित एकता नगर कॉलोनी में नाली का गलत तरीके से निर्माण किए जाने का विरोध करने पर दबंग प्रॉपर्टी डीलर ने कई लोगों के साथ मिलकर पड़ोसी बुजुर्ग को पीटा। पिता को बचाने के आए उनके बेटे को भी पीटा। पिटाई के दौरान बुजुर्ग की आंख में धारदार हथियार मार दिया, जिससे उनकी आंख की झिल्ली फट गई। सूचना के बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एकता नगर निवासी प्रमोद कुमार द्विवेदी के मुताबिक उनकी बहू के नाम से एकता नगर में एक प्लॉट है। उसी प्लॉट के सामने नगर निगम की ओर से नाली निर्माण का काम करवाया जा रहा। पीड़ित ने हमलावरों से बचने के लिए वह सिटी में प्रॉपर्टी डीलर वीरेंद्र शुक्ला व 10-12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## महिला ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

लखनऊ। सिंचाई विभाग के अधिकारी की बेटी ने पति व उसके घरवालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आरोप है कि शादी के दूसरे दिन से ही प्रताड़ित किया गया। करीब सात साल में उसपर तमाम आरोप लगाते हुए टार्चर किया गया। आजिज आकर पीड़िता ने चुप्पी तोड़ते हुए महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर मंजू पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इंदिरानगर निवासी 36 वर्षीय युवती की शादी वर्ष 2019 में शादी डॉट कॉम के माध्यम से विशाल सिंह निवासी नहर बाग कोतवाली अयोध्या से हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी के दूसरे दिन से ही सास विजय लक्ष्मी और ननद प्रीति सिंह ने उनकी निजी जिंदगी में दखल देना शुरू कर दिया। जिसके चलते पति-पत्नी में झगड़े शुरू हो गए।

## तीन के खाते से उड़ाये 2.12 लाख रुपये

**लखनऊ।** अलीगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक समेत तीन के खातों से साइबर जालसाजों ने 2.15 लाख रुपये उड़ा लिए। थाना अलीगंज परिसर में रहने वाले उपनिरीक्षक अजय बहादुर सिंह के खाते से चार बार में 95 हजार, विकासखंड-5 ग्वारी गांव निवासी महेंद्र कुमार का खाते 50 हजार व कृष्णानगर के प्रेमनगर निवासी विपिन सोनी ने बताया कि पत्नी ने फेसबुक पर एक ऑनलाइन शापिंग का लिंक देख खरीदारी की। डिलीवरी पर कपड़े फटे मिले। इसपर रिफंड के लिए 9 मई को एप डाउनलोड करायी गयी।

## अभद्र व्यवहार के दोषी सहायक अध्यापक निलंबित

**लखनऊ।** नगराम क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय मदारपुर में लंबे समय से सुलग रहा शिक्षक विवाद अब प्रशासनिक कार्रवाई में बदल गया है। बीएसए ने सख्ती दिखाते हुए सहायक अध्यापक मनोज किशोर सिंह को गंभीर आरोपों में दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया है।

जांच में खुलासा हुआ कि संबंधित शिक्षक ने शिक्षण कार्य की अनदेखी कर विद्यालय में वीडियोग्राफी की, साथ ही इंचार्ज प्रधानाध्यापक व अन्य स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार किया। मयार्दा के विपरीत इस आचरण को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें उच्च प्राथमिक विद्यालय नबी नगर से संबद्ध किया गया है। दरअसल, विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक शंभू दयाल और सहायक अध्यापक मनोज किशोर सिंह के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद शिक्षण व्यवस्था पर भारी पड़ रहा था। मामला तब और गरमा गया जब विद्यालय प्रबंधन समिति ने पढ़ाई का माहौल बिगड़ने की शिकायत विभाग से की।

शिकायत के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज सुशील कनौजिया एवं जोन-दो की संयुक्त टीम ने विद्यालय पहुंचकर विस्तृत जांच की। जांच के दौरान समिति अध्यक्ष राम औतार, उपाध्यक्ष राजकुमारी सहित अन्य सदस्यों के बयान दर्ज किए गए, जिनमें विवाद और अनुशासनहीनता की पुष्टि हुई।

## वालिया को मिली स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सीएमएस के अशफाबाद कैम्पस की छात्रा वालिया खान को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,60,200 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इस प्रकार, सीएमएस की एक और छात्रा ने उत्कृष्टता एवं ज्ञान-विज्ञान के दम पर विश्व की यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/ECTC (L)/2026-27** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 04 **कार्य का नामः**- यू.पी. एस.एल.डी.सी. के एडमिन भवन के द्वितीय तल पर प्रगति इकाई का AI-CMS कार्यालय एवं यू.पी. एस.एल.डी. सी. इकाई का आई.टी. एवं एस.पी.सी. कार्यालय के जानपदीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः**- रू. 78.77 लाख **कार्यावधिः**- 02 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 15.06.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/ अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 16.06.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

"राष्ट्र हित में बिजली बचाए"

(पत्रांक 1557 / दि. 14.05.2026)

## स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच को लेकर उपभोक्तता हो रहा गुमराह

**लखनऊ।** स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की गुणवत्ता जांच को लेकर पावर कॉरपोरेशन जनता और उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो के मानक 16444 के अंतर्गत स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की महत्वपूर्ण एवं तकनीकी जांच केवल उन्हीं प्रयोगशालाओं द्वारा की जा सकती है, जिन्हें इस मानक के तहत अधिकृत एवं लाइसेंस प्राप्त हो। स्मार्ट मीटरों में विद्युत आवश्यकताएं, ऊर्जा खपत, रेडियो प्रौद्योगिकी आवश्यकताएं, संचार क्षमता तथा विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण परीक्षण शामिल होते हैं। अवधेश कुमार वर्मा ने प्रश्न उठाया कि जब मध्यांचल की प्रयोगशाला को क्र 16444 के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच का लाइसेंस प्राप्त नहीं है, तब उसने स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की गुणवत्ता जांच किस आधार पर की। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उन्होंने कहा कि यह सही है कि कुछ सामान्य मानक साधारण मीटरों और स्मार्ट मीटरों में समान हो सकते हैं, लेकिन स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की तकनीकी जांच एक अलग और अत्यंत विशिष्ट विषय है, जिसके लिए अधिकृत प्रयोगशाला होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि मध्यांचल की प्रयोगशाला को वास्तव में क्र 16444 के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच का लाइसेंस प्राप्त है, तो पावर कॉरपोरेशन तत्काल उसका सार्वजनिक खुलासा करे। अन्यथा उपभोक्ताओं को भ्रमित करना बंद किया जाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच**

पत्र सं.-165/रा.वि.आ.-पा.नि. कार्य/टेण्डर/2026-27 दिनाँक : 8 मई, 2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं.-164/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2026-27 दिनाँक : 08 मई, 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में रा.वि.आ. /पा.नि. के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु. 5.00 लाख से अधिक के कुल 10 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित सीलबन्द ऑफलाइन निविदायें निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में वर्ष-2026-27 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनाँक 25 मई, 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक 1-नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2-प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय में एवं 3-उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 04.00 खोली जायेगी। निविदा के साथ रु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि/जमानत धनराशि की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ टी.डी.आर.सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक धरोहर/जमानत धनराशि निविदा के साथ संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय से दिनाँक 23 मई, 2026 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

## बांदा में करंट लगने से चालक की मौत, गांव पहुंचा शव

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के ट्रक चालक की बांदा जिले में बुधवार शाम विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। गुरुवार शाम पोस्टमार्टम के बाद उसका शव गाँव पहुंचा तो मृतक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बंथरा में बनी- मोहनलालगंज रोड पर शव रखकर सड़क जाम कर दी और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। करीब आधे घंटे तक चले जाम प्रदर्शन की सूचना पाकर पहुंचे एसीपी कृष्णा नगर ने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया।

पुलिस के मुताबिक बंथरा के पहाड़पुर निवासी सर्वेश (35) गांव के ही महेंद्र सिंह का ट्रक चलाता था। सर्वेश बुधवार को बांदा जिले के साढ़ी खदान में मौरंग लादने गया था। तभी शाम करीब 6 बजे वह अपने ट्रक के ऊपर चढ़कर मौरंग देखने लगा। इसी दौरान सर्वेश ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे कानपुर स्थित हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन वहाँ पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे सर्वेश का शव गांव पहुंचा तो नाराज परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव में ही बनी-मोहनलालगंज रोड पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वह ट्रक मालिक महेंद्र सिंह को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## बिजली कर्मचारियों का मध्यांचल मुख्यालय पर हुआ विरोध प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता



**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर गुरुवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले जनपदों के बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों एवं अभियंताओं ने गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली जाती हैं, तो बिजली कर्मचारी प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगे।

संघर्ष समिति ने बताया कि मार्च 2023 के आंदोलन के फलस्वरूप ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी ने संघर्ष समिति के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कॉरपोरेशन प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि उत्पीड़न की सभी कार्यवाहियां वापस ली जाएं। अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि तीन वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के बावजूद अब तक आंदोलन से संबंधित कार्यवाहियां वापस नहीं हुई हैं, जिससे कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के विरोध में पिछले 533 दिनों से चल रहे आंदोलन के दौरान बिजली कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस दृष्टि से कार्यालय समय के उपरांत ही सभाएं एवं प्रदर्शन किए। इसके बावजूद बिजली कर्मियों का विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे ऊर्जा निगमों में अनावश्यक औद्योगिक अशांति पैदा हो रही है।


मध्यांचल मुख्यालय पर आयोजित विरोध सभा को संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों शैलेन्द्र दुबे, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पीके दीक्षित, सुहेल आबिद, श्री चंद, मोहम्मद इलियास, सनाउल्लाह, सरजू त्रिवेदी, केएस रावत, आर सी पाल एवं जय गोविन्द ने संबोधित किया।

# योगी सरकार का अभियान बने जन आंदोलन

## ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण पर जोर, सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनाने के निर्देशः मंत्री योगेंद्र

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हों बैठकें, अनावश्यक यात्रा कम करने की पहल
- विश्वविद्यालयों को भी जोड़ने का आह्वान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दुनिया में चल रहे युद्धों से उत्पन्न वैश्विक संकट के दृष्टिगत देश और देशवासियों के हित में किए गये आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने गुरुवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन की बचत करने, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाने की अपील और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हुए कार्यालय आएं और जाएं, जिससे ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान सुनिश्चित हो सके।

उच्च शिक्षा मंत्री ने विभागीय कार्यप्रणाली में भी बदलाव लाने पर बल देते हुए निर्देशित किया कि अधिकतम बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएं, जिससे अनावश्यक यात्रा कम हो और समय एवं संसाधनों की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाना आवश्यक है।

उन्होंने सभी कुलपतियों, निदेशालय अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान को अपने-अपने संस्थानों में प्रभावी ढंग से लागू करें तथा छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को भी इसमें सहभागी बनाएं। बैठक में प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल और सचिव अमृत त्रिपाठी के अलावा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा निदेशालय से जुड़े 100 से अधिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### मंत्री ने ई-रिक्शा से यात्रा कर दिया ईंधन बचत का संदेश



**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में ईंधन बचत व पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल की है। इसी क्रम में उन्होंने अपने 19, गौतमपल्ली स्थित सरकारी आवास से उद्यान निदेशालय तक ई-रिक्शा के माध्यम से यात्रा कर जनसंदेश दिया कि सार्वजनिक परिवहन अपनाना समय की मांग है।

उद्यान मंत्री ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर की गई अपील को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम जनमानस सप्ताह में कुछ दिन भी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें तो ईंधन की खपत, प्रदूषण और ट्रैफिक दबाव में कमी लाई जा सकती है।

इस अवसर पर उद्यान विभाग में बैठक में उद्यान मंत्री ने प्रदेश के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यालय, मंडल और जनपद स्तर पर ईंधन एवं ऊर्जा व्यय में कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को नो व्हीकल डे मनाया जाए एवं सार्वजनिक वाहनों का कार्यालय आने-जाने में प्रयोग करें।

# लविवि कुलपति ने की स्व-गणना बताया प्रक्रिया को आसान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य स्व-गणना के रूप में शुरू हो चुका है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी द्वारा द्वारा जनगणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का फॉर्म ऑनलाइन भरा गया। इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से अनुपम सिंह सोमवंशी, संयुक्त निदेशक एवं डॉ गौरव पाण्डेय, उप निदेशक भी उपस्थित रहे।

इस मौके पर प्रो. जय प्रकाश सैनी ने समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वयं से जनगणना की सूचना भरने के संबंध में संदेश दिया। उन्होंने बताया कि जनगणना के निर्धारित पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना करना अत्यंत आसान एवं सुरक्षित है। इस माध्यम से आप अपने परिवार की सही सूचना स्वयं से भर सकते हैं।

जनगणना 2027 पहली बार पूर्णतः डिजिटल माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिससे यह प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी बनेगी। इस बार आमजन के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित अपने कार्यालय से स्वयं-गणना पूरी की और कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। जब हम स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करते हैं, तो यह प्रक्रिया और अधिक सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध बनती है। सभी नागरिक 21 मई 2026 तक स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर लॉग-इन कर घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

# राधा स्नेह दरबार ने बच्चों संग बांटी खुशियां, दिखायी कृष्ण अवतरण फिल्म



विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** सामाजिक एवं धार्मिक संस्था राधा स्नेह दरबार द्वारा समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए इस बार एक विशेष पहल की गई। संस्था की सभी सखियों ने मिलकर ह्यशुभ संकल्पह्न संस्था के 20 बच्चों को कृष्ण अवतरण मूवी दिखाने ले जाकर उनके साथ खुशनुमा पल बिताए। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उत्साह देखकर सभी सदस्यों का मन भावुक और प्रसन्न हो उठा।

संस्था की अध्यक्ष रितु अग्रवाल ने बताया कि राधा स्नेह दरबार प्रत्येक माह एकत्र होकर श्रद्धा और भक्ति के साथ राधा-कृष्ण के भजन गाते हैं तथा समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भी सहयोग करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल भजन-कीर्तन तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सेवा और खुशियाँ बाँटना भी है।

सचिव राखी अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के साथ बिताया गया यह समय सभी के लिए बेहद यादगार रहा। संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा और सहयोग के कार्य करती रहेगी। संस्था की ओर से भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की गई कि सभी सदस्य इसी प्रकार छोटी-छोटी खुशियाँ लोगों तक पहुँचाते रहें और समाजहित में कार्य करते रहें।

इस अवसर पर अध्यक्ष रितु अग्रवाल, सचिव राखी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अर्चना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मृदुला अग्रवाल, निदेशक अंजू गुप्ता, कुसुम अग्रवाल, बिंदु बोरा, रेनू अग्रवाल, अंजना अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, सीमा गोयल, कविता अग्रवाल, अनुराधा गुप्ता, बीना अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अनुराधा बंसल, शशि अग्रवाल, अंजना गोयल, सरोज गोयल, मीरा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, आभा अग्रवाल, आरती बंसल, कुसुम बोरा, नीलू गोयल, किरण जैन, रजनी अग्रवाल, विभा जालान, स्वाति अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, मेघना अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, मीना अग्रवाल, विमला अग्रवाल एवं दीपा चंद्रा उपस्थित रहीं।

# 29 वर्षों से राहगीरों की प्यास बुझा रही सेवा समिति



**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह में परिवर्तन चौराहा पर श्री दुर्गा जी मंदिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति पिछले लगातार 29 वर्षों से मानव सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। समिति द्वारा राहगीरों के लिए निःशुल्क जल सेवा संचालित की जा रही है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों को राहत मिल रही है। समिति की यह सेवा प्रतिदिन सुबह से प्रारंभ होकर मध्य रात्रि तक निरंतर जारी रहती है।

जल सेवा के प्रभारी प्रदीप शुक्ला ने बताया कि श्री दुर्गा जी मंदिर शास्त्रीय नगर में स्थित पौराणिक कुएं के जल को विशेष रूप से लाकर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल जल पिलाना नहीं, बल्कि मानव सेवा के माध्यम से समाज में सद्भाव एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना है। समिति के कार्यकारी सदस्य तारा चन्द अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जल सेवा के साथ राहगीरों को चना, मीठे बताशे एवं गुड़ भी वितरित किया जाता है, ताकि लोगों को ऊर्जा मिल सके और गर्मी से राहत प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि यह सेवा प्रतिवर्ष 9 अप्रैल से प्रारंभ होकर जुलाई माह के अंतिम सप्ताह तक निरंतर संचालित की जाती है। समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि श्री दुर्गा जी धर्म जागरण एवं सेवा समिति केवल जल सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाजहित के अनेक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

# बच्चे के मन को दर्शाता नाटक एक बच्चे की डायरी

विशेष संवाददाता



**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से दो दिवसीय नाट्य समारोह की प्रथम संध्या में डॉ करुणा पाण्डेय लिखित एवं मुन्नी देवी निर्देशित नाट्य कृति का मंचन कल शाम अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ में किया गया।

नाटक का कथनक के अनुसार यह कहानी एक संवेदनशील बच्चे समीर की है, जो अकेलेपन और दबाव से घबराकर आत्महत्या का प्रयास करता है समीर के मम्मी-पापा बहुत अच्छी नौकरी में थें पैसों और आधुनिकता की चकाचौंध में डूबी राज (समीर की माँ) अपने बेटे के बचपन की कोमल भावनाओं को नहीं समझ पाती हैं और उसको आधुनिकता की चकाचौंध और हाई-फाई सोसायटी के अनुसार बनने के लिए दबाव डालती हैं समीर को यह सब अच्छा नहीं लगता एक दोस्त की सलाह पर वह डायरी लिखने लगता है। जब समीर की डायरी उसकी माँ को मिलती है तो वह अपनी मित्र रेखा के साथ यह डायरी शेयर करती हैं डायरी पढ़कर रेखा को समीर के छिपे रूप में बाल जीवन में झाँकने का मौका मिलता है। वह राज से बात करते हुए महसूस करती है कि राज ने अपने बचपन में जो कटुता और अभाव झेले हैं उनकी परछाई भी अपने बेटे पर नहीं पड़ने देना चाहती है और इसीलिये वह समीर को बहुत लाड-प्यार से भरा संपन्न जीवन देती है। पर वह भूल जाती है कि पैसा, ओहदा और ऊंची सोसायटी को मासूम बचपन महत्त्व नहीं देता, उसे तो स्वाभाविक और निश्छल जीवन पसंद आता है बार बार वह अपनी अमीर मित्र के बेटे से समीर की तुलना करती है और उसे जानी जैसा बनने के लिए प्रेरित करती हैं माँ के इस व्यवहार से समीर आहत हो जाता है और माँ से धीरे धीरे दूर होता जाता है।

समीर माँ को बहुत प्यार करता है पर माँ के गुस्से और जिद से डरता है इसलिए वह अकेला रह जाता है और परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाता है रेखा के समझाने पर राज को अपनी गलती का अहसास होता है और वह वापस एक माँ बनकर समीर के साथ व्यवहार करती है समीर को मनाने के लिए उसके दादा-दादी को बुला लेती है, वह समझ जाती है कि बुजुर्ग घर के लिए क्यों जरुरी हैं इससे यह सिध्द होता है कि हमारी संतति पर तीन पीढीयों के व्यवहार का प्रभाव पड़ता है बचपन के अच्छे या बुरे अनुभव जीवन का आधार बनते हैं और नई पीढी के मार्गदर्शक बनते हैं अंत में जन्मदिन में अपनी डायरी और और माँ का सानिध्य पाकर समीर का मुस्कराता बचपन वापस लौट आता है

मंच पर आदित्य शाक्य, लता बाजपेई, अनिल कुमार, अंशिका सक्सेना, प्रियंका भारती, दिव्यांश गुप्ता, कंचन शर्मा, निरुपमा राहुल, आरव, दिया भारती, आयुष शर्मा, एवं राज नंदिनी वर्मा ने सशक्त अभिनय किया। मंच परे प्रकाश - तमाल बोस, मुखसज्जा - राज किशोर गुप्ता, संगीत आदित्य कुमार शर्मा, मंच निर्माण - आशुतोष विश्वकर्मा, प्रस्तुति सहयोग - लावण्या बाजपेयी, मुकुल चौहान, योगेंद्र पाल, कोमल, मुकुल चौहान, प्रचार प्रसार - संकल्प शुक्ला, प्रेक्षाग्रह व्यवस्था में - गुरुदत्त पाण्डेय एवं प्रीती गोयल का सहयोग था।

# भातखण्डे विवि की कुलपति ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण

विशेष संवाददाता



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में संचालित बीपीए (बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स) एवं एमपीए (मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स) की मुख्य परीक्षाएं वर्तमान में सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो रही हैं। इसी क्रम में आज विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह ने परीक्षा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने गोपनीयता एवं परीक्षा संचालन की पारदर्शिता का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में अनुशासन, स्वच्छता एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष संतोष व्यक्त किया।

प्रो. माण्डवी सिंह ने परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षाएँ केवल ज्ञान के मूल्यांकन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मअनुशासन, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास का प्रतिबिंब होती हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

इस अवसर पर कुलपति ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधीक्षकों, कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु सभी नियमों का कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ सृष्टि धवन ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षाओं के सफल एवं पारदर्शी संचालन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुदृढ़ की गई हैं तथा गोपनीयता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षाओं के सुचारु संचालन हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उल्लेखनीय है कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय देश के प्रतिष्ठित संगीत एवं प्रदर्शन कला विश्वविद्यालयों में से एक है, जहाँ शास्त्रीय संगीत, वादन एवं नृत्य की उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली के प्रति प्रतिबद्ध रहा है।

# रेलवे क्रॉसिंग के पास अवैध प्लॉटिंग का विरोध

**लखनऊ।** हरदोई रोड स्थित हसनपुर खेवलिया से निजामपुर मल्हौर रेलवे क्रॉसिंग के बीच अवैध प्लॉटिंग और रास्ता बंद किए जाने के विरोध में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफिया और प्रॉपर्टी कारोबारियों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा कर प्लॉट काटे जा रहे हैं, जिससे आवागमन में दिक्कत हो रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक वार्ड-1, नगर निगम जोन-8 के अंतर्गत आने वाले इलाके में बुलानपुर रोड से संपर्क मार्ग तक जाने वाले रास्ते को बंद करने की कोशिश की जा रही है। आरोप है कि कुछ लोगों ने मिलीभगत कर सरकारी व सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करते हुए अवैध प्लॉटिंग शुरू कर दी है। शिकायतकताओं ने बताया कि यह मार्ग वर्षों से गांव के लोगों के आने-जाने का मुख्य रास्ता रहा है। रास्ता बंद होने से स्कूली बच्चों, किसानों और दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि पूर्व में 8 मई 2026 को तहसील दिवस में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# शनि जयंती पर भंडारा कल

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में ज्येष्ठ अमावस्या के दिन शनि जयंती शनिवार 16 मई पर, भव्य और दिव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार शनि जयंती पर शनिवार का संयोग लगभग 13 वर्षों बाद बन रहा है। यह दुर्लभ संयोग शनि पूजन अनुष्ठान के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे में लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित शिव शक्ति शनिदेव मंदिर पर पूजन अनुष्ठान के बाद दोपहर एक बजे से भव्य और सात्विक भंडारा, वितरित किया जाएगा।

सपना गोयल के अनुसार शनि देव हिंदू धर्म में न्याय और कर्मफल के देवता हैं, जो सूर्य देव और माता छाया के पुत्र हैं। वे नवग्रहों में सबसे महत्वपूर्ण और शनिवार के स्वामी हैं। शनिदेव क्रूर नहीं, बल्कि अनुशासनात्मक, गंभीर और तपस्वी है। वास्तव में शनिदेव कर्मफलदाता' और 'न्यायाधीश है। उन्हें प्रसन्न करने के लिए कर्मों को शुद्ध रखना और जरूरतमंदों की मदद करना सबसे उत्तम उपाय माना जाता है।

सपना गोयल का एकमात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति के लिए ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन करवाया जा रहा है।

**अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या**

संदर्भ संख्या :79 अ.वि.पा.-अपो0/2026-27
दिनांक : 14/05/26

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय-अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा 04 सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के वेबसाइट www.ayodhya.in के साथ-साथ कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। निविदाएं प्राधिकरण में पंजीकृत फर्मों की ही मान्य होगी। सामान्य टेण्डर जमा करने की अंतिम तिथि 22.05.2026, अपराहन 04.00PM तक है। टेण्डर डालने से पूर्व टेण्डर कास्ट व अर्नेस्टमनी https://emdada.ayodhyada.in/login Withotp के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना ही मान्य होगा।

सचिव

# बच्चों ने अभिनय के गुर सीखे



**लखनऊ।** बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जेपी एस स्टार 11 के तत्वावधान में तिलक शिशु निकेतन स्कूल, बसेरा मोड़ कल्याणपुर नवरंग समर कैंप-2026 में बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य के साथ अभिनय के गुर सीखे।

अरविंद सक्सेना के संयोजन में आरम्भ हुए 15 दिवसीय नवरंग समर कैंप के पहले दिन बच्चों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य के साथ अभिनय का गुर व नृत्य के बेसिक स्टेप के अलावा अभिनय के लिए संवाद अदायगी सिखाई गई। इसके अलावा अन्य दिनों मे बच्चों को पारंपरिक लोक नृत्य, गीत-संगीत, आर्ट्स-क्राफ्ट और अभिनय के विभिन्न सोपानों को सीखाया जाएगा।

इसके पूर्व नवरंग समर कैंप का उद्घाटन फिल्मकार प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर टी.आर मिश्रा और संजोती मिश्रा ने कहा कि यह कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मक कलात्मक प्रतिभा को पंख प्रदान करेगा। इस मौके पर तृप्ति मिश्रा, प्रीति यादव, अनीता, श्रुति सक्सेना, अनुष्का यादव, मुस्कान, अनीता सहित तमाम छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ज्ञानशिला विवि का हुआ नींव पूजन

- राजधानी में होगा उच्च स्तरीय विवि जो खेल, संगीत, कला एवं साहित्य की शिक्षा प्रदान करेगा : अनिल अग्रवाल
- नीरू मेमोरियल सोसाइटी की अध्यक्ष व सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक डॉ. पुष्पलता ने बेटे अनिल अग्रवाल के साथ रखी नींव



विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के इटौंजा तहसील बख्शी का तालाब में निमार्णाधीन ज्ञानशिला विश्वविद्यालय के नींव पूजन के अवसर पर अनिल अग्रवाल ने धर्मपत्नी नम्रता अग्रवाल व बच्चों सलोनी सृजन एवं नक्षत्र के साथ मिलकर मां डॉ. पुष्पलता अग्रवाल के आशीर्वाद से विधि विधान से नींव पूजन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूर्ण प्रयास करेंगे कि अपनी बहन नीरू की स्मृति में नीरू मेमोरियल सोसायटी के अंतर्गत संचालित होने वाले ज्ञानशिला विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से संपन्न हो।

प्रमुखता से खेलों के लिए समर्पित यह एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय होगा जिसमें स्पोर्ट्स कोर्सेज के साथ स्पोर्ट्स वोकेशनल कोर्सेज, स्किल डेवलपमेंट एवं प्रमुखता से खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा जोकि देश के लिए मैडल जीतेंगे। 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी करायी जाएगी।

ज्ञानशिला विश्वविद्यालय के चेयरमैन एवं चांसलर अनिल अग्रवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य भारतवर्ष ओलंपिक, एशियन एवं कॉमनवेल्थ गेम्स मेंप्रदर्शन करें और ज्ञानशिला के छात्र एवं छात्राएं कम से कम दस गोल्ड मेडल देश के लिए जीतकर विश्वपटल पर भारतवर्ष का राष्ट्रगान गुंजायमान हो।

स्पोर्ट्स के साथ छात्र छात्राओं के लिए संगीत, कला और साहित्य के कोर्सेज भी शुरू किए जाएंगे। इसी स्थान पर विश्व स्तरीय आवासीय विद्यालय का निर्माण भी होगा, जिसमे छह वर्ष की आयु से ही छात्र छात्राओं को खेलों के लिए तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गढ़ा वीरपाल यादव, इटौंजा थाना प्रभारी सोबरन सिंह, मनीष सिंह, मुदित अग्रवाल, पूर्व प्रधान कुलदीप, जगदीश एवं चंद्रशेखर मुकेश, अरविंद आदि मौजूद थे। ज्ञानशिला का निर्माण कार्य जेड बिल्डर्स प्रोपराइटर अरीब सिद्दीकी द्वारा करवाया जा रहा है जो कि सेंट जोसेफ विद्यालय के पूर्व छात्र रह चुके हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत रेनुकूट, सोनभद्र**

पत्रांक : 09/न.पं.रे./2026-27/
दिनांक : 14.5.2026

ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 'मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना' की धनराशि से कार्य कराने हेतु बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निम्न समय.सारणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित कार्यों का विवरण नियम एवं शर्तें तथा अन्य समस्त जानकारी बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। जिसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता | दिनांक 16.05.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 5.06.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 2 | ठेकेदार द्वारा आनलाइन निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 5.06.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 3 | ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान | दिनांक 6.06. 2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे। |

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि व नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, रेनुकूट
सोनभद्र

ममता सिंह
अध्यक्ष
नगर पंचायत, रेनुकूट
सोनभद्र

संक्षेप

## पीपा पुल टूटने से बीस गांवों का सम्पर्क टूटा

**मीरजापुर।** जान जाने के साथ ही आंधी पानी ने गौरा-परमानपुर मार्ग बने गंगा नदी का पीपा पुल टूटने से 20 गांव का आवागमन हुआ ठप हो गया है। सिमराध नाथ को जोड़ने वाला यह संपर्क मार्ग है। गांव से लेकर शहर तक अभी तक लाइट आपूर्ति बाधित है। कई इलाके में सड़क पर पेड़ उखड़ कर गिर गए हैं जिससे आवागमन ठप है। विंध्याचल अटल चौक पर हाई मास्क लाइट गिर गई है गनीमत रहा की किसी को चोट नहीं आई। डीएम और एसपी आवास के रोड पर पेड़ गिरने से घंटो आवागमन बाधित रहा। आंधी पानी से जनपद में जनजीवन प्रभावित हो गया है। मंडलीय अस्पताल के समीप पेड़ की डाल गिरने से जहां काफी देर तक आवागमन बाधित रहा है वहीं उधर से गुजर रहे एक राहगीर के घायल होने की खबर है। मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बेदौली, गोपालपुर, कलवारी माफी व आसपास के इलाकों में आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। कई जगह शादी-विवाह में लगे टेंट और सजावटी सामान तेज हवाओं में उड़कर टूट गए। ग्रामीणों के कच्चे मकानों व घरों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर सहायता दिलाने की मांग की है। डीएम पवन कुमार गंगवार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जानने के साथ उपचार की समुचित व्यवस्था के निर्देश देने के साथ पीड़ित परिवार को ढ़ाढस बंधाया है।

## तेज आंधी और बिगड़े मौसम के बीच बुधवार रात हांफते दिखे स्वास्थ्य कर्मचारी

**लालगंज, मीरजापुर।** तेज आंधी और बिगड़े मौसम के बीच बुधवार रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में आपाधापी का माहौल बना रहा। एक ओर बीमार महिला को अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर सड़क हादसों में घायल लोग रातभर इलाज के लिए पहुंचते रहे। ड्रमंडगंज क्षेत्र के गलरिया गांव निवासी धनपत्ती देवी की देर रात अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन श्यामजी पटेल उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उधर आंधी के दौरान क्षेत्र के अलग-अलग मार्गों पर हादसों में कई लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने रातभर उपचार किया।

# भाजपाइयों ने प्रदर्शन कर सपा सांसद का फूंका पुतला



**सोनभद्र।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सपा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता कचहरी परिसर के पास पहुंचीं, जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए सपा सांसद का पुतला फूंका।

यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए उनके कथित अमर्यादित बयान के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने सपाऔर उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारे लगाए। कार्यकताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है और जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के बयान को बेहद निंदनीय और अशोभनीय बताया गया। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा सिंह ने कहा कि इस बयान से भाजपा कार्यकताओं और आम जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा लगातार राजनीतिक स्तर गिराने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता हैं और उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना पूरे देश का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में देश की नारी शक्ति और देश की जनता इस लोकतांत्रिक तरीके से सपा को करारा जवाब देगी। इस आशय की जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी अमन वर्मा ने दी। इस मौके पर जिला मंत्री भाजपा सुषमा सिंह, गुड़िया त्रिपाठी, वंदना वर्मा, तारा देवी, रीता गुप्ता, सरोज केसरी, रंजना चैधरी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## डीएम ने काफिले का एस्कॉर्ट हटाया

**जौनपुर।** डीएम सैमुअल पॉल एन. ने ऊर्जा संरक्षण और जनप्रेरक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की है। डीएम ने ईंधन संरक्षण की मुहिम को धरातल पर लाने हेतु स्व अनुशासन का परिचय देते हुए अपने काफिले का एस्कॉर्ट हटा दिया गया है। यह निर्णय ईंधन की खपत को सीधे तौर पर कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि सरकारी वाहनों का अनावश्यक उपयोग न किया जाए तथा शासकीय कार्यों में न्यूनतम वाहनों का प्रयोग किया जाए।

## मीरजापुर में आंधी-तूफान के कहर से 17 लोगों की मौत, कई घायल

**मीरजापुर।** यूपी के मीरजापुर जनपद में आंधी पानी ने जमकर तबाही मचाई है। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के मुताबिक अब तक तेज आंधी तूफान के कारण 17 लोगों की जान चली गई है। वहीं शहर लेकर गांव तक की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। मीरजापुर जिले में आए चक्रवाती तूफान, तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। पेड़, दीवार, टीन शेड गिरने और आकाशीय बिजली से अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं. मृतकों में पड़री थाना क्षेत्र-5, अदलहाट-3, कछवां-2, चील्ह-1, लालगंज-1, संतनगर-1, ,कोतवाली देहात-1 बताएं गए हैं। पूरा रात जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित रहीं है। छानबे विकास खंड क्षेत्र के गौरा परमानपुर मार्ग का पीपा पुल टूटने से 20 गांवों का आवागमन रुक गया है। कई इलाके में सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन तक बाधित हो गया है। जिले में बुधवार को देर शाम आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाई है आंधी पानी के कारण अलग-अलग थाना क्षेत्र में 11 लोगों की जान चली गई है. पड़री थाना क्षेत्र में चार की मौत हुई है. नदीगहना, सारी पोखरी गांव में आम के पेड़ गिरने से 9 साल के बच्चे अंशु मौर्य की मौत हुई है. छीतमपट्टी गांव में भी आम का पेड़ गिरने 17 वर्षीय किशोर अक्षय की मौत हुई है. मोहनपुर भवरख गांव में महुआ का पेड़ गिरने से महिला सरोज देवी की मौत हुई है. साथ ही महेवा में आम बिनने गए एक व्यक्ति बिहारी के भी मौत की खबर है।

कछवां थाना क्षेत्र में भी दो की मौत हुई है. विदापुर की रहने वाली महिला बेईला देवी पर टिन का शेड गिरने से मौत हो गई है. हरदरा के पास स्कार्पियो गाड़ी पर पेड़ गिरने से राणा उर्फ बबलू की मौत हो गई है स्कार्पियो सवार दो गंभीर रूप से घायल है जिनको ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है. चील्ह थाना क्षेत्र के गडगेड़ी गांव में आंधी तूफान से दीवार गिरने से 50 वर्षीय वृद्ध राम सागर जायसवाल की मौत हुई है।

**आंधी में उड़े टिन शेड से महिला का कटा गर्दन हुई मौत**

वही लालगंज थाना क्षेत्र के कोलकम गांव में आंधी पानी के कारण टिन शेड उड़ने से नीलम महिला की गर्दन कटने से मौत हो गई है. पड़री थाना क्षेत्र में चार से बढ़कर हुई पांच लोगों की हुई मौतों की संख्या, लालता यादव 70 वर्ष, इसके साथ ही देहात कोतवाली क्षेत्र के कुरकुटिया पांडेय में चंद्रावती देवी नामक महिला की मौत की खबर है, इसी प्रकार अदलहाट थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली से मंगल प्रसाद की मौत हुई है।

# पर्यावरण संरक्षण धरातल पर उतारने की जरूरत



**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के द्वारा जनपद के विकास खण्ड जलालपुर अन्तर्गत अभिनव पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुकड़ीपुर में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन संस्थाध्यक्ष अवधेश गिरि और संस्था के गतिविधि संयोजक पर्यावरण डा. गिरीश सिंह के नेतृत्व में किया गया। छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निबन्ध लेखन, पेंटिंग, संवाद से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण विषयक महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई और प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य अतिथि डा. शैलेन्द्र कुमार सिंह प्रधानाचार्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को हमें धरातल पर उतारने की आश्यकता है जिससे इसके वास्तविक उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। संस्थाध्यक्ष अवधेश गिरि ने कहा कि हम सभी इस संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के मार्ग निर्देशन में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के जरिये सेवाकार्य में लगे हुए हैं। कोषाध्यक्ष जयशंकर सिंह ने कहा कि भौतिक संसाधनों के विकास की दौड़ में हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं जो आगामी पीढ़ियों के खतरनाक साबित होगा, इसलिए समय रहते प्रकृति का संरक्षण अपेक्षित है। संचालन सह कोषाध्यक्ष अतुल मिश्र ने किया तथा संस्था के सचिव नित्यानन्द पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सह सचिव रायसाहब शर्मा, गतिविधि संयोजक सेवा जनार्दन पाण्डेय, अतुल जायसवाल, अरविन्द गिरि, शम्भूनाथ यादव, नागेन्द्र प्रताप यादव, सरिता मिश्रा, डा. शैलेश सिंह, पवन सिंह, कमलेश सिंह, देवेन्द्र दूबे, आशीष सिंह, बृजेश मिश्र, सन्तोष विश्वकर्मा, अजय शुक्ला, अनन्त प्रकाश सिंह, रवि सिंह, चन्द्रकांत, धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एसपी सोनभद्र व एसओ रायपुर 19 मई को हाईकोर्ट में तलब

**सोनभद्र।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व तरुण सक्सेना की अदालत ने सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव के पैतृक आवास के बटवारे से सम्बंधित मामले में सोनभद्र एसपी व रायपुर एसओ को 19 मई को हाईकोर्ट में तलब किया है। यह आदेश सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव व उनके पुत्रों सुखपाल यादव व सत्यपाल यादव के जरिए दाखिल रिट याचिका पर 11 मई को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिया है।

● कोर्ट ने पुलिस स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज भी दाखिल करने को कहा ह

कोर्ट ने कहा है कि सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अपना स्वयं का हलफनामा (ंपिकंअपज) दाखिल कर यह बताएं कि भाइयों के बीच संपत्ति के बंटवारे से संबंधित विवाद में पुलिस ने इस प्रकार हस्तक्षेप क्यों किया और पार्टियों को पुलिस स्टेशन क्यों लाया गया, जैसा कि कहा जा रहा है। पुलिस स्टेशन के उस समय के सीसीटीवी (ब्ब्ज्ट) फुटेज, जब पुलिसकर्मी के याचिकाकताओं के हाथों घायल होने की बात कही गई है, कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं। यह कार्य एक सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए। अगली सुनवाई 19.05.2026 तक के लिए स्थगित की जाती है। इसे नए मामले (तिर्मी बेंम) के रूप में लिया जाएगा। सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक, याचिकाकताओं अर्थात हरि प्रसाद यादव, सुखपाल और सत्यपाल को थाना रायपुर, सोनभद्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 115(2), 121(1), 132, 221 के तहत दर्ज केस अपराध संख्या 58ध्2026 में गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देशित किया जाता है कि वे इस आदेश की सूचना अगले 24 घंटों के भीतर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र और थाना अध्यक्ष, रायपुर, सोनभद्र को भेजें।

# अंकल जी, परेशान करते हैं मनचले सक्रिय हो गयी चाइल्ड हेल्प लाइन



आजमगढ़। अंकल जी, स्कूल जाते समय कुछ मनचलो द्वारा हम लोगों को परेशान किया जा रहा हैं जैसे ही इस बात की सूचना सुबह 1098 को एक कॉल के जरिये मिली तो चाइल्ड हेल्प लाइन और जिला प्रोबेशन अधिकारी सक्रिय हो उठा। उन्होंने स्थानीय महिला पुलिस के साथ गुरूवार को हीरापट्टी (शिवाजी नगर) स्थित फातिमा पब्लिक स्कूल की तरफ निकल पड़े। इस दौरान जहां मौके पर पहुंचकर चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रभारी संजय शाही और स्थानीय पुलिस टीम ने मनचलों के विरूद्ध निगरानी की वहीं स्कूल की छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 1098 को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जागरूकता अभियान के तहत पंपलेट और पोस्टर वितरित किए गए।

इस बावत जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोष कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय से छुट्टी के समय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छात्राओं पर अशोभनीय टिप्पणियां की जा रही थीं, जिससे छात्राओं और अभिभावकों में भय का माहौल था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोबेशन विभाग के निर्देश पर टीम ने विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया। टीम द्वारा विद्यालय प्रशासन और स्थानीय लोगों से भी बातचीत की गई तथा ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छात्राओं की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टीम के पहुंचने और त्वरित कार्रवाई से अभिभावकों व छात्राओं में राहत का माहौल देखा गया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते ऐसे मनचलों को सबक सिखाया जा सकें। वहीं घर पर पहुंचकर छात्रा ने फिर काल करके डीएम अंकर को थैन्यू बोला, टीम ने छात्रा की सजगता की तारिफ कर उसका हौसला अफजाई किया।

## अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**जौनपुर।** शहर में सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब दीवानी न्यायालय जा रहे एक अधिवक्ता पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीली कोठी क्षेत्र निवासी अधिवक्ता अंबे पांडेय अपने घर से दीवानी न्यायालय के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। लोगों की मदद से घायल अधिवक्ता को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

## आंधी-बारिश से भारी क्षति, 100 गांवों में बिजली ठप

**जौनपुर।** जिले में बुधवार को अचानक मौसम बदलने से जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज आंधी और बारिश के कारण 100 से अधिक गांवों में पिछले 18 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली विभाग के अनुसार, अगले 10 घंटों में आपूर्ति बहाल होने की संभावना है। शाम 5 बजे आसमान में काले बादल छा गए और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। इस दौरान आई तेज आंधी और बारिश ने पूरे जिले, विशेषकर मछलीशहर तहसील और भदोही सीमा से सटे इलाकों में भारी तबाही मचाई। मछलीशहर-वाराणसी हाईवे सहित मोलनापुर से जंघई, गोधना-जरौना व बंधवा बाजार-भटहर मार्ग पर दर्जनों पेड़ गिरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। मीरगंज, जरौना, बंधवा बाजार, गोधना और जंघई क्षेत्र में आधे घंटे तक चले बवंडर से कई घरों के टीन शेड उड़ गए। सवैया गांव में अशोक यादव के घर के पास एक पुराना नीम का पेड़ गिरने से उसके नीचे बंधा एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। आंधी से हाईटेंशन और एलटी लाइनों पर पेड़ों की डालियां गिरने से बिजली के खंभे उखड़ गए। सुजानगंज बाईपास पर भी पोल उखड़ने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई।जंघई और गोपालापुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 72 से अधिक गांवों में अंधेरा छा गया है। बिजली निगम के एसडीओ आदित्य मारकंडे ने बताया कि आंधी से भारी नुकसान हुआ है। क्षतिग्रस्त खंभों की संख्या का पता लगाया जा रहा है और काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने अगले 10 घंटों में आपूर्ति बहाल होने की संभावना जताई। मीरपुर गांव में 100 केवी का एक ट्रांसफार्मर पोल से गिरकर फट गया, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

## तूफानी कहर एनटीपीसी प्लांट के बंधे से उड़ी सैकड़ों टन राख ने मचाया गदर

**बीजपुर(सोनभद्र)।** बुधवार शाम प्रकृति ने ऐसा तूफानी कहर बरपाया कि एनटीपीसी रिहंद परियोजना के बंधे से उड़ी सैकडों टन राख ने डोडहर नेमना नकटू सिरसोती बीजपुर आदि कई पड़ोसी गाँवों में गदर मचा दिया।घरों मे घुसी राख की मोटी पर्त का पता तब चला जब घरों की साफ सफाई में लोग सुबह जुटे थे।बताया गया कि घरों के अंदर से झाडू पोछा करने के दौरान तीन से चार किलों राख हर बाहर निकाली गयी और घरों में पड़ा खाने पीने की सामग्री बिस्तर कपड़ा सब चैपट हो गया। इतना ही नही छतों पर राख के ढेर लगे हुए थे घण्टों साफ सफाई के दौरान पसीने से लथपथ परिजनों के चेहरे पर दुर्बयवस्था और राख निस्तारण की नीतियों और प्रबन्धन की दुर्बयवस्था को लेकर गुस्सा देखा गया। इस दौरान यूपीपीसीएल की बिजली आपूर्ति लगभग 100 गांवों में एक दो दिन के लिए बंद हो गयी।बताया गया कि कई जगह पेड़ और 33 केवीए के पोल जमीनदोज हो गए हैं जिसके कारण बीजपुर नधिरा बभनी कुंडाडीह उपकेंद्र से पोषित गाँवो में अंधेरा पसरा पड़ा है।पेयजल की किल्लत और पानी बगैर घर की साफ सफाई देर शाम गुरुवार तक प्रभावित रही।डोडहर गाँव के रामनायक बैश्य छत्तर पाल रामबरन बैश्य सहित तमाम लोगों का आरोप है कि एनटीपीसी प्रबन्धन को चाहिए कि गर्मी के मौषम में जब राख अधिक उड़ती है तो बंधे पर पानी का पर्याप्त छिड़काव कराए और गर्मी शुरू होने से पहले बंधे की राख पर मिट्टी डाल कर ढकना चाहिए जिससे राख कम उड़े लेकिन एनटीपीसी राख प्रबन्धन ऐसा जहमत कभी नही उठाना चाहती और आमजन को केमिकल युक्त राख के जरिये जहर फाँकने के लिए मजबूर कर दिया है।



## पीएम स्वनिधि योजना के ऋण को करें आवेदन

**सोनभद्र।** परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र के नगरीय क्षेत्र एवं सेन्सेस टाउन- बीजपुर, कोटा, जामशीला एवं खड़िया (विकास खण्ड म्योरपुर) में व्यवसायध्रोजगार करने वाले इच्छुक रेहड़ी, पटरी, फेरी एवं ठेला पर दुकान लगाने वालें अपने नगर निकाय से सम्पर्क करते हुए अथवा सहज जन सेवा केंद्र से पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन पत्र भरवा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रथम ऋण की धनराशि में वृद्धि कर रु. 15,000.00 कर दिया गया है साथ ही द्वितीय ऋण रु. 25000.00 एवं तृतीय ऋण 50,000.00रु. 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी एवं डिजिटल लेन-देन कर रु. 100.00 मासिक कैश बैक प्राप्त कर योजना का लाभ ले सकते है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मदुआपुर विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मदुआपुर विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.05.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय मदुआपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.05.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मदुआपुर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मदुआपुर कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत मदुआपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती अल्का सिंह** | **विजय शंकर यादव** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत मदुआपुर** | **ग्राम पंचायत मदुआपुर** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |


# टिप्पणी के विरोध भाजपा महिला मोर्चा का धरना




● महिला कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सांसद के इस्तीफे और बिना शर्त माफी की मांग की

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी की कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटीं महिला कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सांसद के इस्तीफे और बिना शर्त माफी की मांग की। जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध सार्वजनिक मंच से इस प्रकार की निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयार्दाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रतीक हैं और उनके खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग सपा की हताशा और नकारात्मक राजनीतिक सोच को दशार्ता है। क्षेत्रीय मंत्री अर्चना शुक्ला ने कहा कि सपा सांसद को देश और प्रधानमंत्री से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। जिला मंत्री अंशु कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उनकी पार्टी अपने सांसद की टिप्पणी का समर्थन करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि माफी न मिलने पर आंदोलन को तहसील और गांव स्तर तक ले जाया जाएगा। विमला श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, प्रीति गुप्ता, राखी सिंह, वंदना सिंह, मिलन श्रीवास्तव, निशी सोनकर, सुशीला सिंह, पूनम प्रजापति, पूजा सिंह, शांति मौर्य, मीता यादव, आशा सुमन, सुभाना मौर्य, लीलावती गुप्ता, विमला बिंद, विमला मौर्य, रूपा अग्रहरि, प्रीति शुक्ला, संगीता मिश्रा, सुशीला विश्वकर्मा, विमला देवी, चंद्रकला कुशवाहा, मुन्नी देवी, दुलारी, गायत्री देवी और सुमन देवी आदि उपस्थित रहीं।

## 20 मई को बंद रहेंगी दवा की दुकानें

**जौनपुर।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसो. ने 20 मई को जिले की दवा दुकानें बंद रखने की घोषणा की है। यह निर्णय अखिल भारतीय संस्था एआईओसीडी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर लिया गया है। इस संबंध में एसो. ने जिलाधिकारी और औषधि निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। दिवाकर सिंह ने बताया कि देशभर में 12 लाख से अधिक दवा व्यवसायी 20 मई को दुकानें बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि ड्रग एक्ट के अनुसार दवाओं की बिक्री केवल फार्मासिस्ट द्वारा की जानी चाहिए, जबकि ऑनलाइन कंपनियां नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। आरोप लगाया कि ऑनलाइन माध्यम से नारकोटिक्स, शेड्यूल एच1, हैबिट मेकिंग और नकली दवाओं की बिक्री हो रही है।

# महिलाओं के अधिकार व सम्मान के प्रति असंवेदनशील है विपक्ष : कौशल

जिला संवाददाता (vol)

**सोनभद्र ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र की आवश्यक बैठक गुरुवार को जिला महामंत्री प्रितपाल सिंह के आवास पर संपन्न हुई। संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध करने पर विपक्ष की कड़े शब्दों में निंदा की गई। संगठन के वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम है यह अधिनियम महिलाओं की गरिमा, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है इसके माध्यम से महिलाओं को शिक्षा रोजगार सुरक्षा एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त होता है। संगठन के जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि आज नवनिर्माण का युग है और इस नवनिर्माण में नारी का सहयोग आवश्यक है, आने वाले युग का नेतृत्व नारी करेगी, इस जागरण की स्वर्णिम बेला में भारतीय नारी का प्रथम उत्तरदायित्व है कि वह आगे कदम बढ़ाए जरा कल्पना करिए उस वैदिक काल की जब घोषा, अपाला गार्गी ,मैत्रीय जैसी महान रमणियां हुई, अनेक वेद मत्रों का निर्माण करने वाली ऋषिकाएं हुई, जहां देश के आन पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाली रणदेवियां हुई आज उन्हीं की जन्म भूमि पर नारी पर किए जाने वाला अत्याचार क्यों। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरुद्ध विपक्ष का रवैया केवल अनुचित ही नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास के प्रति बाधक और महिलाओं के अधिकार एवं सम्मान के प्रति असंवेदनशील है। नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन, नगर महामंत्री जसकीरत सिंह ने कहा कि लंबे समय से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही है 33 प्रतिशत आरक्षण से अधिक महिलाएं राजनीति में आएंगी। जिला कोषाध्यक्ष, जिला महामंत्री प्रितपाल सिंह, एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष धर्मराज सिंह ने कहा कि महिला प्रतिनिधि शिक्षा ,स्वास्थ्य, सुरक्षा, पोषण, मातृत्व और महिला रोजगार जैसे विषयों को अधिक संवेदनशीलता से उठा सकती है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, राजू जायसवाल एवं रवि जायसवाल ने कहा कि जब महिलाएं नेतृत्व के पदों पर दिखेंगी तो समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ेगा। जिला उपाध्यक्ष पंकज कनोडिया, टीपू अली,दीप सिंह पटेल, नागेंद्र मोदनवाल ने कहा कि ग्राम पंचायत और नगर निकायों में महिला आरक्षण से अनेक महिलाओं ने सकारात्मक नेतृत्व दिया है इस मॉडल को बड़े स्तर पर लागू करने का प्रयास वर्तमान सरकार द्वारा किया जा रहा है। नगर कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ सांवरिया एवं जिला उपाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि एक ओर जहां नीति निर्माण, राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया सांसद और विधानसभाओं में लैंगिक संतुलन बनेगा वहीं दूसरी ओर महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन भी मिलेगा। बैठक में मुख्य रूप से अमित अग्रवाल, अभिषेक केशरवानी ,जसराज सिंह, गुरप्रीत सिंह सोखी, अभिषेक साहू ,धर्मेंद्र प्रजापति, कुशाग शर्मा,प्रमोद गुप्ता, अमित वर्मा, शिवम केशरी, प्रतीक केसरी, कृष्णा सोनी, अंकित सिंघल, विभोर, अमित केसरी आदि लोग उपस्थित रहे।

● उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक हुई सम्पन्न

## राख युक्त (केमिकल) जल के नदी में निकासी से जन-जीवन, जीव-जन्तु व व्यापार भी प्रभावित

**ओबरा, सोनभद्र।** ओबरा तापीय परियोजना द्वारा राख युक्त जल की निकासी का मामला कुछ दिनों पहले मीडिया ने उठाया था। आपसी वार्ता के पश्चात्कुछ हफ्तों के लिए इसे रोक दिया गया। लेकिन दो तीन दिनों से पुनः यह कार्य दोपहर और रात में शुरू कर दिया गया है। प्रशासन से निवेदन है कि इस केमिकल युक्त जल के निकासी की उचित व्यवस्था की जाए या तो प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई की जाए। क्योंकि राख युक्त ( केमिकल ) जल सीधे नदी में जाकर मिलता है। जिससे नदी का स्वच्छ जल पीने योग्य नहीं रह जाता। यह जल केवल मानव जीवन को ही नहीं विषाक्त बनाता बल्कि वन के जीव जन्तु भी इस केमिकल युक्त जल को पी कर बीमार होते हैं। और महामारी के शिकार होते हैं। साथ ही साथ जल में जीवन यापन करने वाले जीव जन्तु नहीं इसका शिकार हो रहे हैं। इन जीव जन्तु के कारण मांसाहारी व्यक्ति भी अप्रत्यक्ष रूप से महामारी का शिकार होता है। प्रशासन का ध्यानाकृष्ट कराना है कि यह राख युक्त जल व्यापारिक दृष्टिकोण से भी बहुत नुकसान देय है। इस जल को सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है जिसकी राख बालू में जाकर मिलती है जिससे बालू की क्वालिटी को प्रभावित करता है।

संक्षेप

## परिजन सोते रहे चोर उड़ा ले गए आभूषण, नगदी

**फिरोजाबाद।** थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव नगला गुमानी में चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए के आभूषण, नगदी चोरी कर ले गए। चोरी की घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पीड़ित ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अनुज कुमार पुत्र धारा सिंह निवासी नगला गुमानी थाना नगला खंगर 12 मई की रात पूरे परिवार के साथ घर में सो गया। जब सुबह पीड़ित का परिवार सोकर जागा तो घर में सामान अस्त व्यस्त सामान को देखकर हैरत में पड़ गए। अलमारी बक्से के ताले खुले पड़े थे। कमरे में से बॉक्स गायब था। चोरों के घर में चोरी करने के दौरान परिजनों को उनकी भनक तक नहीं लगी। बॉक्स में हजारों के आभूषण के साथ ही हजारों रुपए रखे हुए थे। ज्वैलरी एंव नगदी रुपये रखे थे। चोरी की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घटना की जांच की। पीड़ित ने थाने में चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में अलवर पुल के नीचे दिल्ली-आगरा रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। युवक का शव रेलवे लाइन पर क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया। जानकारी के अनुसार थाना हाईवे पुलिस को अलवर पुल के नीचे रेलवे लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति के ट्रेन से कटने की सूचना दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां दिल्ली से आगरा जाने वाले रेलवे ट्रैक पर युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। पुलिस के प्रयासों के बाद मृतक की पहचान 27 वर्षीय दुष्यंत पुत्र दीनदयाल, निवासी राजपुर, थाना जैंत के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। थाना हाईवे के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस संबंध में अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## निर्माणाधीन सड़क का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गुरुवार को कृष्णापुरी तिराहे से भरतपुर गेट तक सीएम ग्रिड्स योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का गहनता से जायजा लिया। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित निगरानी और निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि सड़क निर्माण समयबद्ध और मानकों के अनुरूप पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण संजय सिंहए कार्यदायी संस्था आरसीसी बिल्डर्स एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद ने किया 'मेरो मथुरा' ऐप व 500 सोलर लाइटों का लोकार्पण



**मथुरा।** ब्रज के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज एक बड़ा कदम उठाया गया। स्थानीय सांसद श्रीमती हेमा मालिनी और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने संयुक्त रूप से 'मेरो मथुरा' ऐप का शुभारंभ किया। साथ ही, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर लगाई गई 500 सोलर स्ट्रीट लाइटों का भी लोकार्पण किया गया।

'मेरो मथुरा' ऐप नगर निगम मथुरा-वृन्दावन और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके माध्यम से नागरिक जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्ति टैक्स, म्यूटेशन और पालतू जानवरों के पंजीकरण जैसी सेवाओं का लाभ घर बैठे उठा सकेंगे। वहीं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, यह ऐप पर मंदिरों, होटलों, रेस्टोरेंटों की लोकेशन और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी उपलब्ध होगी, जो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फिलिप्स कंपनी की 500 सोलर लाइटें लगाई गई हैं। इनका रखरखाव आगामी 5 वर्षों तक एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से किया जाएगा।

सांसद हेमा मालिनी ने इस अवसर पर कहा कि मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि है और यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सरकार की प्राथमिकता है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बैंक और विकास प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में अन्य तीर्थ स्थलों को भी इसी तरह विकसित किया जाएगा। इस दौरान नगर आयुक्त जग प्रवेश, एमवीडीए उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन. और एचडीएफसी बैंक के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ईंधन बचत ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को लेकर वर्चुअल संवाद

**फिरोजाबाद।** ईंधन संरक्षण को लेकर डीएमसंतोष कुमार शर्मा ने सभी को अवगत कराया है कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक बचत के उद्देश्य से ही आवश्यक नहीं है, बल्कि ईंधन संरक्षण एवं उसका सदुपयोग एक मजबूत राष्ट्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जो हम सभी भारतवासियों का राष्ट्रीय दायित्व भी है।

प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा देश हित में ईंधन की बचत को लेकर की गई अपील एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा उपरोक्त के सम्बन्ध में बैठक में लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में आज गुरुवार को अधोहस्ताक्षरी द्वारा ईंधन की बचत ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगण के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद स्थापित किया गया। जिसमें ईंधन की बचत ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ वातावरण स्थापित किये जाने हेतु सर्व सम्मति से लिये गये निर्णय के अनुसार समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगण व आम जनता से अपेक्षा की जाती है कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत देश हित में इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग प्रदान किये जाने हेतु एडवाइजरी का अनुपालन किए जाने के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि जनपद में प्रत्येक शुक्रवार को वाहन मुक्त दिवस नो व्हीकल डे के रूप में मनाया जाये। जिन कार्यालयों उद्यमों में जनरेटर का उपयोग किया जाता है, उनमें 25 से 50 प्रतिशत तक ईंधन का उपभोग घटाया जाये व अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किये जाने हेतु प्राथमिकता दी जाये। एलपीजी/ पीएनजी की महत्ता एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए एलपीजी पीएनजी के उपभोग में यथासम्भव कमी की जाये। जनपद मुख्यालय पर आहूत बैठकों में मुख्यालय पर स्थित कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारीगण भौतिक रुप से प्रतिभाग करेंगे तथा दूरस्थ स्थित एवं तहसीलों विकास खण्डों में स्थित अधिकारीगण कर्मचारीगण वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग करेंगे। अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस व अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवसों में विभिन्न विभागों के समस्त विभागीय अधिकारीगण कर्मचारीगण सामूहिक रुप से वाहनों का कार पुलिंग प्रयोग करेंगे। अधिकारीगण कर्मचारीगण द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण हेतु पृथक-पृथक वाहनों के उपयोग के स्थान पर सामूहिक रुप से वाहनों के उपयोग कार पुलिंग को प्राथमिकता दी जाये।

# पत्रकारों के निःशुल्क इलाज की मांग को लेकर टूंडला प्रेस क्लब की बैठक आयोजित



**टूंडला।** नगर के स्टेशन रोड स्थित जेएस होटल में गुरुवार को टूंडला प्रेस क्लब की बैठक आयोजित हुई। जिसमें नवीन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पत्रकारों और उनके स्वजनों के निशुल्क इलाज की मांग को लेकर आवाज बुलंद की गई। दोपहर एक बजे हुई बैठक में संरक्षक राजू उपाध्याय हेमंत उपाध्याय, पुनीत रावत की उपस्थिति में अध्यक्ष राधेश्याम चौहान का पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों के हित में सरकार को सोचना चाहिए। उनका बीमा कराकर निश्शुल्क उपचार की व्यवस्था की जानी चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पौनियां ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के निदान के लिए सभी को एकजुटता दिखानी होगी। एकजुटता के बिना पत्रकारों का भला नहीं हो सकता। पत्रकार जनता के हित के लिए आवाज बुलंद करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा का दायित्व भी सरकार को उठाना चाहिए। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां सचिव अरुण रावत उपाध्यक्ष सीपी रावत हितेंद्र यादव कोषाध्यक्ष राष्ट्रदीप जैन का स्वागत किया गया। आगामी बैठक में कमेटी का विस्तार किए जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर रामपाल सिंह, सुनील गर्ग विवेक शर्मा संतोष शर्मा, संजय पचौरी गुलाब सिंह जावेद अली गिरधारी लाल योगेंद्र सिंह देवेंद्र प्रताप सिंह उपेंद्र यादव महेश ठेनुआं अनुज रावत विमल किशोर आदि उपस्थित रहे।

## कार चालक को नींद आने से कार अज्ञात ट्रक में घुसी, एक ही परिवार के 4 लोग घायल

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र के 54 किमी पर कार चालक को नींद का झोका आने से ट्रक अज्ञात ट्रक के पीछे से घुस गई। हादसे में कार में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को शिकोहाबाद अस्पताल भेज दिया। दिनेश शर्मा पुत्र चौकट निवासी लुधियाना पोखवाल पंजाब अपनी पत्नी रंजना, बेटी रोनू, अंजली के साथ कार ब्रेजा से अपने चालक के साथ गोरखपुर से पंजाब से जा रहे थे। जब कार लखनऊ से आगरा एक्सप्रेवे के 54 किमी पर पहुंची ही थी कि तभी कार चालक को नीद का झोका आ गया। जिससे कार बेकाबू होकर किसी अज्ञात ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार में सवार महिलाओ में चीख पुकार मच गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस, यूपीडा की टीम ने घायलों को कार से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। वही पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को वहां से हटवाकर थाने पर खड़ी करा दिया। इस बारे में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया कि चालक को नींद का झोका आने से एक कार अज्ञात ट्रक में पीछे से घुस गई थी। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

## लेखपाल भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** आगामी 21 मई को आयोजित होने वाली लेखपाल भर्ती मुख्य परीक्षा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों ने प्रतिभाग किया, यह परीक्षा 21 मई को प्रातः 10 से 12 बजे तक एक पाली में जनपद के कुल 15 केंद्रों पर आयोजित होगी। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि परीक्षा के सफल संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी, सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह सक्रिय रहें, क्लार्क रूम की व्यवस्था चाक-चौबंद फर्नीचर सीटिंग प्लान मानक के अनुरूप रहे। सभी कक्षाओं में लगी घड़ियां सही ढंग से कार्य कर रही हो, उनका समय आपस में मिलान कर लिया जाए, ताकि परीक्षार्थियों को समय की सटीक जानकारी रहें, गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक केंद्र पर शीतल पेयजल, ओ0आर0एस0 घोल स्वच्छता और प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, प्रत्येक केंद्र पर एक मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी। रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर परिक्षार्थियों की सुविधा के लिए वॉलिंटियर्स लगाए जाएं, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को केंद्रों तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो। परीक्षा के दौरान निर्वाध बिजली आपूर्ति बनी रहें, इस बात को भी सुनिश्चित किया जाए। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य परिक्षार्थियों को तनावमुक्त और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना है, प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा की परीक्षा की गरिमा बनी रहे और परीक्षार्थियों को हर संभव सहायता मिले। इस दौरान इस परीक्षा के नोडल अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विशु राजा एस0पी0 सिटी रविशंकर प्रसाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम सिटी मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार एवं सभी जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## तरौली में अवैध खनन पर तकरार, ग्रामीणों और माफियाओं में रातभर हंगामा

**मथुरा।** थाना छाता कोतवाली की केडी चैकी क्षेत्र अंतर्गत गांव तरौली में अवैध मिट्टी खनन को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बीती रात करीब 11 बजे अवैध खनन का विरोध करने पर ग्रामीणों और कथित खनन माफियाओं के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों की कार्यशैली को लेकर भी ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के आसपास रातभर मिट्टी खनन का खेल चलता है। तेज आवाज में प्रेशर हॉर्न बजाते हुए हाईवा और डंपर गांव की गलियों से गुजरते हैं, जिससे लोगों की नींद हराम हो गई है और हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीण वीरेंद्र, हरकेश और संजय ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद खनन पर रोक नहीं लगाई गई। बताया गया कि मंगलवार देर रात जब ग्रामीणों ने खनन का विरोध किया तो मौके पर मौजूद लोगों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हो गई। सूचना मिलने पर डायल-112 और केडी चैकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने खनन माफियाओं पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही हड़का दिया। ग्रामीण बुधवार सुबह अपनी शिकायत लेकर छाता कोतवाली भी पहुंचे, लेकिन वहां भी संतोषजनक कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी से मुलाकात कर पूरी घटना से अवगत कराया। ग्रामीणों ने पुलिस और खनन माफियाओं की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मामले में निष्पक्ष कार्रवाई कराई जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

● शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण बोले ह्लखनन रोकने के बजाय पुलिस ने हमें ही धमकाया

# श्रीबांके बिहारी मंदिर की हाई पावर्ड कमेटी की 15वीं बैठक संपन्न, 29 प्रमुख बिन्दुओं पर हुआ मंथन



**मथुरा।** वृन्दावन ठाकुर श्रीबांके बिहारीजी मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की 15वीं बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार की अध्यक्षता में यह बैठक लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मंदिर की संपत्तियों, सुरक्षा, दान-पात्रों के प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े 29 प्रमुख बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मंदिर की संपत्ति और स्वर्ण-रजत वस्तुओं का मूल्यांकन, दान-पात्र (गोलक) और बैंकिंग व्यवस्था, सुरक्षा और निजी एजेंसियों पर नकेल, श्रद्धालुओं को ठगी से बचाने और तकनीक का विस्तार, मंदिर में फूल बंगला के नाम पर श्रद्धालुओं से हो रही अवैध वसूली और ठगी की खबरों पर कमेटी ने सख्त विधिक कार्यवाही करने पर विचार किया। मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर अब एआई (एआई) तकनीक युक्त एचडी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा, विद्यापीठ चैराहे से मंदिर तक रेलिंग लगाने के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। वहीं पुरातत्व विभाग की टीम द्वारा मंदिर के बाहरी हिस्से में चल रही सफाई और मंदिर के आंतरिक हिस्से की सफाई योजना पर चर्चा हुई। साथ ही मंदिर से निकलने वाले फूलों के उचित निस्तारण (वेस्ट मैनेजमेंट) के लिए भी ठोस कदम उठाने की योजना बनाई गई। स्वर्ण-रजत झूला, सिंहासन और सीढ़ियों की मरम्मत के लिए विशेष कारीगरों द्वारा कार्य करने की अनुमति। खाद्य विभाग द्वारा मंदिर के पास बिकने वाली खाद्य सामग्री की सैंपलिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार के साथ सदस्य मुकेश मिश्रा (सेवानिवृत्त जिला जज), विकास कुमार (जिला जज मथुरा), चन्द्र प्रकाश सिंह (जिलाधिकारी/ सदस्य सचिव) मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**फिरोजाबाद।** डीएमसंतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक के दौरान जनपद में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा की गई और भविष्य में जान-माल की हानि को कम करने हेतु एक व्यापक रणनीति पर चर्चा कर कडें निर्देश जारी किए गए। समीक्षा बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया आबादी क्षेत्र में पर्याप्त अंडर पास न होना, आवारा पशुओं का सड़क पर आ जाना, वाहनों का उलटी दिशा में चलना जगह-जगह अवैध कट, वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी या सामान भरना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। डीएम को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में पूर्व चिन्हित 16 ब्लैक स्पॉट जिनमें एन.एच-19 सिरसागंज पब्लिक स्कूल, एन.एच-19 नगला राधे मोड, एन.एच-19 गुंजन चौक, एन.एच-नौसहरा पुल, एन.एच-19 आरोंज कट, एन.एच-19 इन्दुमई कट, रूपसपुर, ममता डिग्री कॉलेज चनौरा पुल के पास एन.एच-19 हजरतपुर कट, एन.एच-19 बैनीवाल गार्डन, एन.एच-19 उसायनी एन.एच-19 मोहम्मदाबाद कट, नसीरपुर आगरा एक्सप्रेसवे इत्यादि का निवारण पूर्ण कर लिया गया है, जिससे अब वाहन दुर्घटनाएं नगण्य है। साथ ही डीएम को अवगत कराया गया की 2025-26 के लिए नये ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है।

बैठक में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु डीएमो महत्वपूर्ण निर्देश दिए जिनमें अवैध कट बंद कर पर्याप्त मात्रा में फुट ओवर ब्रिज अंडर पास और साइनेज लगवाए जाएं, ओवर स्पीडिंग रोकने हेतु कैमरों से निगरानी की जाए, रात में आवारा पशुओं के ऊपर रेडियम लगाया जाए, जिससे उनकी पहचान हो सके और दुर्घटनाओं से बचा जा सके, स्कूलों एवं कॉलेज में छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले नेक मददगार को प्रोत्साहित किया जाए। डीएम को अवगत कराया गया कि इसके लिए दो नाम जनपद से शासन को भेजे गए हैं, जिनको शासन से प्रोत्साहित किया जाएगा। डीएम को अवगत कराया गया कि जिन वाहनों के 30 से अधिक चालान हो चुके हैं, उनके लाइसेंसों को निरस्त कर दिया गया है, ऐसे आठ वाहन स्वामियों पर कारवाई की गई है। डीएम को अवगत कराया गया की 30 अप्रैल 2026 तक सड़क दुर्घटनाओं में 30 अप्रैल 2025 की अपेक्षा, मृतकों की संख्या में 22.22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, 2026 में एक्सप्रेस वे पर 3, एनएच पर 52, एसडीआर पर दो, ओडीआर पर चार, विलेज रोड पर 46, व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई। 2025-26 में गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण 207 वाहनों का चालान किया गया, जबकि सीट बेल्ट न लगाने के कारण 93 वाहनों का चालान किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने के कारण 198 वाहनों का चालान किया गया, जबकि नशे की हालत में वाहन चलाने के कारण दो व्यक्तियों का चालान किया गया, ओवर स्पीडिंग के कारण 13 वाहनों का चालान किया गया। डीएम ने कहा कि ओवर स्पीडिंग की रोकथाम के लिए कैमरे लगवाए जाएं तथा प्रवर्तन की कार्रवाई की जाए, ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई की जाए, नो हेलमेट नो पेट्रोल की कार्रवाई पर सख्ती से पालन किया जाए। अंत में डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा के संबंध में 10 विशिष्ट सुरक्षा योजनाएं तैयार की जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके, तभी इस बैठक की प्रासंगिकता है। डीएम ने कहा कि हैल्मेट लगाना जिम्मेदारी समझे, मजबूरी नहीं। बैठक में एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद, एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सीएमओ डॉ रामबदन राम, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी अतर सिंह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जिला जज ने किया सेल्फ एन्यूमरेशन स्वगणना का समर्थन



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** न्याय को सरल, सुलभ और त्वरित बनाने की दिशा में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक बड़ी पहल की है। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार मथुरा जनपद में समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका मुख्य उद्देश्य आपसी सहभागिता और सहमति से लंबित मामलों का स्थायी निस्तारण करना है। वहीं जिला जज विकास कुमार अपर जिला जज राजेश पाराशर एवं माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार द्वारा स्व-गणना की गई। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (निदेशक आई0टी0) अजय कुमार गुप्ता तथा अमित कुमार शर्मा ने डिजिटल जनगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्हें बताया गया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से दो चरणों में संपन्न की जाएगी। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा विकास कुमार ने बताया कि इस अभियान की परिणति 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के रूप में होगी। इस अदालत में केवल उन्हीं मामलों को शामिल किया जाएगा जो वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा श्रीमती अनीता सिंह के अनुसार प्री-सिटिंग बैठकों का आयोजनरू विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह वाताओं का दौर 21 अप्रैल से ही प्रारंभ हो चुका है। ये बैठकें राज्य, जिला और तालुका स्तर पर स्थित मध्यस्थता केंद्रों में आयोजित की जा रही हैं। पक्षकार इन वाताओं में अपनी सुविधा के अनुसार व्यक्तिगत रूप से (सशरीर) या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (आभासी रूप) के माध्यम से जुड़ सकते हैं। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ और विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पक्षकारों को सर्वमान्य समाधान तक पहुँचने में मदद करेंगे। प्राधिकरण ने सभी संबंधित अधिवक्ताओं, वादकारियों और पक्षों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए आमंत्रित किया है। यह उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो सुप्रीम कोर्ट में चल रहे अपने मुकदमों को बिना किसी लंबी कानूनी प्रक्रिया और भारी खर्च के, आपसी तालमेल से हमेशा के लिए खत्म करना चाहते हैं।

## रियल इंटरनेशनल स्कूल की मोनिका ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में लहराया परचम

**मथुरा।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही रियल इंटरनेशनल स्कूल, मथुरा में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और मेधा के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा मोनिका ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विशेष बात यह रही कि मोनिका ने मथुरा जिले के टॉप-5 मेधावियों में अपनी जगह सुनिश्चित की है, मोनिका के अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन अंक अर्जित किए हैं। जिसमें आभा 87प्रतिशत, गर्वित 86 प्रतिशत, तनिष्का 85 प्रतिशत, राशि, हिमांशी एवं मोहित ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सफलता का जश्न मनाने के लिए विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षकों व विद्यालय प्रबंधन ने सफल छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं रियल इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सिमर प्रजापति ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के अनुशासन और उनकी कड़ी लगन का प्रतिफल है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। विद्यालय के चेयरमैन जी.पी. प्रजापति और डायरेक्टर पुनीत प्रजापति ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर विपुल गौर, गरिमा, अभिषेक, राधिका और वेदमती सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

● सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं छात्र: सिमर

# भाजपा महिला मोर्चा का सपा नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन

● राज्यपाल को भेजा ज्ञापन




**मथुरा।** भारतीय जनता जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के निर्देशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं भाजपा प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ समाजवादी पार्टी नेताओं द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकताओं ने सपा नेताओं के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक मयार्दाओं के पालन की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा जिलामहानगर मंत्री एवं महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष पूजा चैधरी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने सपा सांसद आजेंद्र लोधी शर्म करो, अखिलेश यादव शर्म करो जैसे नारों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुदिता शर्मा ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन सार्वजनिक जीवन में शालीनता और मयार्दा बनाए रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है। भाजपा जिला महानगर मंत्री पूजा चैधरी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नकारात्मक राजनीति का सहारा ले रही है। वहीं पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपा अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना देशवासियों की भावनाओं को आहत करने जैसा है।

जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि प्रदर्शन के उपरांत भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में राजनीतिक संवाद की गरिमा बनाए रखने तथा अमर्यादित बयानबाजी पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर नीलम पाण्डेय, वंदना अरोड़ा, नीलम चौधरी, हेमा सिंह, सावित्री, मनीषा, ज्योति चतुर्वेदी, पूजा सैनी, उर्मिला दीक्षित, शशि शुक्ला पार्षद, कृष्णा चौधरी, रामदुलारी, आरती चतुर्वेदी एवं अनीता चावला सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# सुधारों की गति बढ़ायें

देश एक बार फिर संकट का सामना कर रहा है। रुपये का अवमूल्यन, विदेशी मुद्रा, आयात पर निर्भरता यह हमारी कमजोरी बन चुकी है। ऐसे में यह जरूरी है कि देश इस बात पर गंभीरता से विचार करे कि आर्थिक सुधारों के इतने वर्षों बाद भी हमारी अर्थव्यवस्था इतनी कमजोर क्यों है। भारत द्वारा आर्थिक सुधारों की राह अपनाने के करीब 35 वर्ष बाद भी देश की अर्थव्यवस्था द्वारा पूरी संभावनाओं का दोहन करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना है। नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने इस सप्ताह भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई के सालाना व्यापार सम्मेलन में भारतीय नीति निर्माण की एक बड़ी कमी को उचित रूप से वर्णित किया। उन्होंने कहा, 1991 के सुधारों ने औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया लेकिन लाइसेंस राज को नहीं। कारोबारों और सरकार के बीच जुड़ाव का स्तर और साथ ही किसी उद्यम को शुरू करने और चलाने के लिए आवश्यक अनेक अनुमतियां, लाइसेंस और अनुपालन आदि अक्सर उद्यमियों को हतोत्साहित करते हैं। निष्पक्ष रूप से देखें तो, सरकार इस मोर्चे पर काम कर रही है। उसने हजारों अनुपालन आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया है और बड़ी संख्या में प्रावधानों को अपराधमुक्त कर दिया है। साफ है कि अभी बहुत कुछ किया जाना है। यह मानना होगा कि वैश्विक कारोबारी माहौल बीते कुछ सालों में बदला है और भारत जैसे देश को अपने कारोबारी माहौल में सक्रिय बदलाव लाना होगा।




भारत चालू खाते के घाटे में है जो बहुत बड़ा तो नहीं है लेकिन उसकी भरपाई के लिए टिकाऊ रूप से विदेशी मुद्रा की आवक की आवश्यकता होगी। मौजूदा समय में जब देश से पूंजी बाहर जा रही है तब इस आवश्यकता को विशेष रूप से महसूस किया जा रहा है। अर्थशास्त्रियों ने संकेत दिया है कि चालू वर्ष लगातार ऐसा तीसरा वर्ष हो सकता है जब भुगतान संतुलन में घाटा दर्ज होगा। पश्चिम एशिया संकट वर्तमान में पूंजी प्रवाह को प्रभावित कर रहा है और शुद्ध स्तर पर भारत कुछ समय से कमजोर प्रवाह देख रहा है। पश्चिम एशिया में युद्ध विराम निश्चित रूप से अल्पकालिक राहत देगा लेकिन भारत को मध्यम और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से अपने व्यापक आर्थिक प्रबंधन ढांचे पर पुनर्विचार करना होगा। यह न केवल व्यापक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि दीर्घकाल में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक है। हालांकि केवल विदेशी निवेशक ही हिचकिचा नहीं रहे हैं, भारतीय व्यवसाय भी विभिन्न नीतिगत हस्तक्षेपों के बावजूद आक्रामक रूप से निवेश नहीं कर रहे हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग की परिस्थितियां शामिल हैं लेकिन कारोबारी सुगमता संभवतः उनमें से एक है। केंद्र ने परिस्थितियों को सुधारने के लिए कई कदम उठाये हैं लेकिन कंपनियों को राज्य और स्थानीय सरकारों से भी निपटना पड़ता है जिनका नजरिया हमेशा एक जैसा नहीं होता। दरअसल भारत को एपल जैसी कई कामयाबियों की आवश्यकता है। हालांकि यह मानना होगा कि एपल को उन तरीकों से सुविधा दी गई थी जो अन्य व्यवसायों विशेषकर छोटे व्यवसायों को मिलने की संभावना नहीं है। इसलिए, एक सरल और सहयोगी व्यापारिक वातावरण बनाने के लिए भारत को स्पष्ट नीतिगत निर्माण और निर्बाध अनुमतियों की आवश्यकता है ताकि छोटे व्यवसाय जो आमतौर पर अधिक गतिशील होते हैं, वह भी वृद्धि की आकांक्षा कर सकें। ऐसे में सही दृष्टिकोण यही होगा कि जब तक मना न हो तब तक अनुमति मानी जाये। इसके अलावा नियम और विनियम स्थिर और पूवार्नुमान योग्य होने चाहिए। अल्पकालिक उद्देश्य हासिल करने के लिए हस्तक्षेप से बचना चाहिए। देश में पूरी तरह इंस्पेक्टर और लाइसेंस, परमिट राज को समाप्त करने की जरूरत है। कुल मिलाकर, यह अच्छी तरह से पता है कि व्यापारिक वातावरण को सुधारने के लिए क्या करने की आवश्यकता है और सरकार इस दिशा में काम कर रही है। इसका श्रेय भी उसे जाता है लेकिन अब गति को तेज करने की आवश्यकता है।

---

**विचार**

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

–स्वामी विवेकानन्द.

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

–महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ–प्रदर्शन करता है।

–गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

# प्रधानमंत्री की तरह अफसर भी बचायें तेल

**सुभाष चंद्र अग्रवाल**

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यपूर्व में लगातार युद्धक स्थितियां बनी रहने के कारण देशवासियों को आगाह किया है कि इससे देश की आर्थिक स्थिति पर भारी बोझ पड़ रहा। अतः देश वासियों को तेल के इस्तेमाल पर संयम बरतना चाहिए। प्रधान मंत्री का आह्वान इन्हीं समस्याओं को लेकर है। पीएम ने खुद अपने कारों के काफिले में कमी कर दी है। 13 मई 2026 वह सिर्फ दो कारों के साथ राजधानी दिल्ली में निकले।

प्रधानमंत्री की आम लोगों से तेल बचाने के लिए की गई अपील, राष्ट्रीय हित में स्वागत योग्य है। लेकिन अभी दो दिन पहले तक यह सवाल बना हुआ था कि क्या वह खुद अपने कार काफिले में उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कमी करेंगे या कि उनके वरिष्ठ मंत्री ऐसा करेंगे। अब जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरी 13 मई 2026 को राजधानी दिल्ली में महज दो कारों के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए जाते दिखे हैं, जिसमें एक में वह स्वयं थे और दूसरी में उनके एसपीजी के सुरक्षा गार्ड, तो यह सवाल उठता है कि अन्य मंत्री, प्रदेशों के मुख्यमंत्री और दिगर मंत्री, नौकरशाह तथा देश का अभिजात्य वर्ग प्रधानमंत्री के इस उदाहरण से कितनी सीख लेता है? मसलन देश में चुनावी रैलियों और रोड शो जैसे राजनीतिक प्रदर्शनों पर इस समय पूर्णतः प्रतिबंध लगा देना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा यह अध्ययन किया जाना चाहिए कि शीर्ष सरकारी पदाधिकारियों के कार काफिलों को उनकी सुरक्षा प्रभावित किये बिना कम किया जा सकता है या नहीं। एक कदम जो सरकार को और उठाना चाहिए वह यह कि केंद्र और राज्य तथा उनके विभिन्न उपक्रमों द्वारा सरकारी कार खरीद कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से किफायती श्रेणी की कार्यों तक सीमित कर देना चाहिए। केवल राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भारत आने वाले विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के लिए ही अपवाद के तौरपर लग्जरी कारों के उपयोग की सुविधा होनी चाहिए।

साल 2021 में तेलंगाना सरकार की 30-30 लाख रुपये की कीमत वाली 32 नई लग्जरी कारें खरीदने के लिए जबर्दस्त आलोचना हुई थी। इसी तरह सरकार को सेना के जवानों के लिए कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट्स से कुछ दिनों के लिए जीएसटी सब्सिडी देकर कारें नहीं बेंची जानी चाहिए। अब समय आ गया है कि एयरकंडीशनिंग सुविधा वाले उन्नत आटोरिक्शा बाजार में लाये जाएं, ताकि कम से कम मध्यमवर्ग ऐसे वातानुकूलित आटोरिक्शा का उपयोग पसंद करें। इससे सड़क और पार्किंग की समस्या कम होगी तथा ये पर्यावरण अनुकूल भी होंगे। क्योंकि अब आटोरिक्शा या तो बिजली से चलते हैं या सीएनजी



इंजन वाले होते हैं। जब ऐसे वातानुकूलित आटोरिक्शाओं का निर्माण शुरू हो जायेगा, तो सरकारी विभागों, मंत्रालयों और उन उपक्रमों की कारों को भी बड़े पैमाने पर उनसे बदला जा सकता है। दिल्ली में पहले ही कारों की उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए कार पार्किंग शुल्क दोगुना किया जा चुका है। लेकिन इसके विपरीत छोटी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। निश्चित रूप से इसमें कार निमार्ताओं की प्रभावशाली लॉबी का दखल रहा होगा। हालांकि मंहगी कारों पर जीएसटी बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाना, एक सही निर्णय था।

**विमर्श**

अधिक से अधिक शहरों में मेट्रो नेटवर्क बिछाना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। कार निमार्ता तब मेट्रो कोच निर्माण की ओर भी जा सकते हैं, जिनके निर्यात आदेश प्राप्त करने के लिए भी प्रयास किये जाने चाहिए। वे अपनी उत्पादन क्षमता का उपयोग तीन पहिया वातानुकूलित आटोरिक्शा बनाने में भी कर सकते हैं। सभी करों के सहित 10 लाख रुपये से अधिक एक्स शो रूम कीमत वाली कारों के निर्माण को हतोत्साहित करने हेतु कदम उठाये जाने चाहिए। महंगी कारों पर रोड टैक्स, बीमा प्रीमियम और अन्य सभी शुल्क सस्ती कारों की तुलना में दोगुने होने चाहिए। कारों का वर्गीकरण, उनकी लंबाई और इंजन क्षमता के बजाय एक्स शो रूम कीमत के आधार पर होना चाहिए। किसी भी श्रेणी की कार डीजल इंजन में नहीं होनी चाहिए। पेट्रोल और डीजल की खरीद कीमत लगभग सामान होने के बावजूद डीजल को सार्वजनिक परिवहन और मालवाहक वाहनों के लिए सस्ता रखा जाता है। इसलिए कारों में सस्ते डीजल का उपयोग एक तरह से चालाकी है। यह नहीं होना चाहिए। देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण निवारण नियंत्रण समिति जिसकी अध्यक्षता भूरेलाल कर रहे थे, उन्होंने दिल्ली में गैर सीएनजी कारों पर पूर्ण प्रतिबंध का सुझाव दिया था। हालांकि ऑड-इवन प्रणाली मध्यमवर्ग के लिए बड़ी समस्या बन सकती है। क्योंकि अमीर लोग इस व्यवस्था से बचने के लिए अलग-अलग ऑड और इवन नंबरों वाली कई कारें खरीद लेंगे। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन ढांचे की कमी को देखते हुए सबसे अच्छा उपाय यही है कि आटोरिक्शाओं की संख्या पर लगी हर प्रकार की सीमा हटायी जाए। इससे पर्याप्त संख्या में आटोरिक्शा सड़कों पर होंगे और ड्राइवरों द्वारा मीटर से न चलने या गंतव्य तक जाने के लिए मना करने जैसी समस्याएं कम होंगी।

प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर दिल्ली जैसे शहर में 10 वर्ष पुरानी डीजल कारों और 15 वर्ष पुरानी पेट्रोल कारों को अनिवार्य रूप से कबाड़ घोषित करने की कार स्क्रैपिंग नीति, वास्तव में कार उद्योग को बढ़ावा देने का अप्रत्यक्ष तरीका है, इसलिए इस पर रोक लगनी चाहिए। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि हर पंजीकृत वाहन वर्कशॉप में प्रदूषण जांच मशीनें हों और वहां से निकलने वाले हर वाहन को प्रदूषण प्रमाण पत्र दिया जाए। यह सेवा और प्रमाण पत्र निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना चाहिए। क्योंकि इसकी लागत बहुत अधिक नहीं है। हर वाहन के लिए अनिवार्य होना चाहिए कि वह 10 वर्ष बाद अधिकृत वर्कशॉप जाकर कंप्यूटरीकृत फिटनेस परीक्षण में शामिल किया जाए और योग्य पाये जाने पर ही उसे अगले समय के लिए लाइसेंस दिया जाए, जो कारें परीक्षण पास करने में असफल रहें, उन्हें स्क्रैप करने का आदेश दिया जाना चाहिए। वर्तमान नीति जिसमें डीजल कारों को 10 वर्ष और पेट्रोल कारों को 15 वर्ष अनिवार्य रूप से स्क्रैप कर दिया जाता है, उसे बंद कर दिया जाना चाहिए। विशेषकर उन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सुरक्षा के लिए जो अपनी कारों को बहुत कम इस्तेमाल में लाते हैं। 10 वर्ष बाद कारों के लिए अलग रंग की नंबर प्लेट शुरू की जानी चाहिए। किसी कार मॉडल के बहुत अधिक वैरिएंट ग्राहकों को भ्रमित करते हैं अतः केवल दो वैरिएंट होने चाहिए। एक किफायती ग्राहकों के लिए बेसिक एलएक्स और दूसरा सभी अतिरिक्त सुविधाओं से युक्त वीएक्स के साथ, तीसरा आटोमेटिड गेयर वाला मॉडल भी होना चाहिए।

केंद्र सरकार को बैटरी जैसी सामान्य एक्सेसरीज के मानकीकरण को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि विभिन्न कंपनियों की अलग-अलग कारों में समान पुरजों का उपयोग हो सके। इससे सीमित आकार और विनिदेर्शों में बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण उपभोक्ता वस्तुओं की लागत काफी कम हो सकती है। जब तक ऐसे दिशा-निर्देश केंद्र सरकार की आटो नीति में उल्लेखित हैं, लेकिन वास्तविक सच्चाई यही है कि व्यवहारिक दुनिया में इनका पालन नहीं होता। कारों के स्पेयर पार्ट्स की अत्यधिक कीमतें कार निमार्ताओं को भी भारी मुनाफा देती हैं। क्योंकि इस पर कोई उनका एकाधिकार नहीं है। इस तरह केंद्र सरकार अगर वाकई चाहती है कि लोग कार का उपयोग कम करें, तो भावुक आह्वानों से बात नहीं बनेगी। सीधे उपभोक्ताओं और निमार्ताओं के पास जाना होगा।

**सोशल मीडिया**

भोजपुर बक्सर एमएलसी उपचुनाव में राजद प्रत्याशी सोनू राय ने एनडीए उम्मीदवार को करारी शिकस्त दी है, राजद प्रत्याशी के जीतने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधायी। तेजस्वी यादव.



वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश, देश के राज्यों में बॉटम थ्री इकोनॉमी में गिना जाता था, आज प्रदेश को देश के टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। सीएम योगी.



विश्व अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, 1972–73 की पेट्रोलियम क्राइसिस भी इसके सामने छोटी प्रतीत होती है, ऊर्जा विशेषज्ञ इसे एनर्जी कोविड तक कह रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.



# बुराइयां पीछा नहीं छोड़ती

**अंतर्दृष्टि**

आचरण उसके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण होता है। आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# आप तो घोटाला कर चुके हैं

**व्यंग्यलोक**

नेताजी दहाडें मारकर रोते हुए मेरे घर आये। बोले- मैं बर्बाद हो गया शर्मा, मुझे बचा लो। मैं बोला-आखिर हुआ क्या है बलराम जी? वे और जोर से रोने लगे। रोते-रोते ही बोले-मैं चुनाव हार गया? मैंने कहा-देखिये चुनाव में एक ही जीतता है। दूसरों को तो हारना ही होता है। आप धै्र्य रखें, आगे और चुनाव हैं। मौके खत्म थोड़े ही हुये हैं। सब ठीक हो जायेगा। मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया शर्मा। मैं कंगाल हो गया। जीप वाला, ढाबे वाला, माइकवाला और उधारी मांगने वाले मुझे ढूंढ रहे हैं। मैं करूं तो क्या करूं? वे बोले। उन्हें कहो कि पार्टी से पैसा मिलेगा तब चुका दूंगा उधारी। कोई ज्यादा ही दादागिरी करे तो आप भी गुण्डई पर उतर आयें। मांगना भूल जायेगा। मैंने कहा मुझे कहीं छिपा दो शर्मा। मैं किस मुंह से जनता केसामने जाऊं। मैंने सब्जबागों के वादे किये थे, लेकिन वोटरने मेरी जमानत जब्त करा दी। बलराम जी बोले। राजनेता होकर कैसी कायरों वाली बातें कर रहे हो? थोड़ा तो नेतागिरी का हौंसला पैदा करो और सबको धताबता दो। आप तो जब प्रधान थे तो मनरेगा में लाखों का घोटाला कर चुके हैं। घबराने की क्या बात है। मैंने कहा तो वे बोले- सब डूब गया। मेरी काली कमाई सब निकल गई। सोचा था, चुनाव बाद कई गुना कमाकर घर भर लूंगा। शर्मा मेरे सपनों पर पानी फिर गया। जीतने वाला चांदी काटेगा। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है बलराम जी, दिन आपके भी फिरेंगे। देखना मध्यावधि चुनाव होंगे। ये गठबंधन चलने वाला नहीं है। हिम्मत से काम लें। मैंने कहा तो उन्होंने अपनी रोनी सूरत को शांत किया और बोले आपको पक्का विश्वास है कि मध्यावधि होंगे! सच मजा आ जायेगा। अबकी बार मैं सारे पैंतरे काम में ले लूंगा। देखना जनता को मूर्ख बनाने में मैं कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। दरअसल सामने वाले ने खुलकरनोट बांटे थे और मैं पार्टी से मिला पैसा बचाने में मारा गया। वैसे शराब का तो मयखाना मैंने भी वोटर के लिए खोल दिया था। लेकिन भाई आजकल नोट के बदले वोट का जमाना है। मंहगाई के मारे वोटरों को नकद चाहिए। वह सब तो ठीक है, लेकिन मध्यावधि में मान लो पार्टी आपको टिकट नहीं दिया तो क्या करोगे? मैंने पूछा तो वे हौंसले से बोले निर्दलीय लड़ पड़ूंगा। आजकल निर्दलियों की भी चांदी है। आयडिया तो बुरा नहीं है बलराम जी। लेकिन चुनावजीतना जरूरी है, इस तरह माल मारने के लिए। मैंने कहा तो वे उछल पड़े, चिंता मत करो शर्मा। खजाना खोल दूंगा। अभी मैंजो रो रहा था न, वे घड़ियाली आंसू थे। चिंता की बात नहीं है, देखना मध्यवधि में मैं क्या गुल खिलाता हूँ। यह कहकर वे चल दिये। मैंने राहत की सांस ली कि आयी बला टली। नेता का दिल वाकई बहुतपक्का होता है। वह रोता भी है तो उसका कोई मकसद होताहै।



पूरन सरमा

# समय की रफ्तार के साथ चलना ही आधुनिकता



**प्रतिबिंब**

**सौम्या पांडेय**

सामाजिक सामंजस्य और आधुनिकीकरण किसी भी देश के विकास के लिए जरूरी हैं। जहां आधुनिकीकरण हमें भौतिक खुशहाली और तकनीकी विशेज्ञता प्रदान करता है, वहीं सामंजस्य सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देता है। दुनिया संप्रति ग्लोबल विलेज का रूप ले चुकी है। हम भारतीयों के लिए सबसे जरूरी बात है कि हम दुनिया के देशों के सामने अपनी परम्पराओं को बनाये रखें और आज की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालें। सामाजिक सामंजस्य का अर्थ है अलग-अलग सोच, धर्म और वर्ग के लोगों का आपसी सम्मान और सहनशीलता के साथ रहना। आधुनिकीकरण सिर्फ नई मशीनों या टेक्नोलॉजी का ही नाम नहीं है, वरन बदलते हालात में प्रासंगिक बने रहने के लिए वैचारिक शोधन भी करना है। आज के जमाने में शिक्षा, अर्थव्यवस्था और लाइफस्टाइल में आए बदलावों को अपनाए बिना कोई भी देश ज़िंदा नहीं रह सकता। आधुनिक शिक्षा प्रणाली मनुष्य में आलोचनात्मक और व्यापक सोच पैदा करती है। शिक्षा के बिना विकास और प्रशिक्षण संभव नहीं है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी है। तकनीकी विकास ने भौगोलिक दूरियों को मिटा दिया है। इससे विभिन्न संस्कृतियों को एक-दूसरे के करीब आने का मौका मिला है।

कुछ लोग मानते हैं कि आधुनिकता हमारे पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। असली चुनौती अतिवाद है, चाहे वह प्राचीन परंपराओं के नाम पर हो या आधुनिकता के। एक संतुलित समाज वह होता है जो मॉडर्न साइंस से फायदा उठाता है और अपने नैतिक और सामाजिक मूल्यों को कुचलने नहीं देता। विकास का सफर तभी सफल माना जाता है जब इंसान के पैर जमीन पर हों और उसकी नजर आसमान की विशालता पर हो। किसी भी जीवंत देश की पहचान उसकी विकास यात्रा होती है। समय की रफ़्तार के साथ चलना ही आधुनिकता है, लेकिन यह सफर तब तक अधूरा है जब तक समाज के सभी वर्ग एक इकाई के रूप में आगे न बढ़ें। सामाजिक सद्भाव वह गोंद है जो बिखरे हुए इंसानी समूहों को एक मजबूत देश में बदल देता है। आधुनिकता की पहली सीढ़ी शिक्षा है। इसके बिना कोई भी विकास बेमानी है। आधुनिकता ईंट-पत्थर की इमारतों पर नहीं बल्कि 'बौद्धिक आजादी' और 'ज्ञान' पर आधारित है। आज दुनिया शिक्षा की वजह से ही चांद पर पहुंची है। मॉडर्न शिक्षा व्यवस्था का मकसद सिर्फ. डिग्री बांटना नहीं होना चाहिए, बल्कि सोच को बड़ा करना है ताकि वे उन लोगों का सम्मान कर सकें जिनकी राय उनसे अलग है। आज के दौर में डिजिटल लिटरेसी सामाजिक विकास का बड़ा जरिया है। जब गांव का बच्चा इंटरनेट के जरिए ग्लोबल मार्केट से जुड़ता है, तो क्लास का फर्क मिट जाता है। टेक्निकल स्किल्स ने आज देश के गांवों को शहरों के बराबर ला खड़ा किया है। आधुनिकता का एक अहम पहलू 'आर्थिक सुधार' है। जब संसाधनों का बंटवारा सही होता है और टेक्नोलॉजी का फायदा आम आदमी तक पहुंचता है, तो समाज में अशांति खत्म होती है। आधुनिक इंडस्ट्री और स्टार्टअप कल्चर युवाओं को कंस्ट्रक्टिव कामों में लगाए रखते हैं, जिससे कट्टरता खत्म होती है। आधुनिकता का तकाजा है कि महिलाओं को विकास की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। एक पढ़ी-लिखी महिला ही एक सामंजस्य पूर्ण पीढ़ी खड़ी कर सकती है।

हमें एक ऐसा प्रोग्रेसिव समाज बनाना है जहां धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को बोझ के बजाय खूबसूरती माना जाए। मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल नफरत फैलाने के बजाय ज्ञान वर्धन के लिए किया जाना चाहिए। रूढ़िवाद के नाम पर विकास में रुकावट नहीं आनी चाहिए, न ही इनोवेशन के नाम पर नैतिक मूल्यों को कुचला जाना चाहिए। सामाजिक मेलजोल और नवाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मेलजोल हमें शांति देती है और नवाचार हमें रफ़्तारमुहैया कराता है। अगर हम दोनों के बीच संतुलन बना लें, तो हमें ग्लोबल पावर बनने से कोई नहीं रोक सकता। हमें एक ऐसा समाज बनाना है जहां टेक्नोलॉजी के साथ-साथ मॉडर्न तरीके से इंसानियत, प्यार और भाईचारा भी विकसित हो। किसी भी समाज में आधुनिकता तब तक फलदायी नहीं हो सकती जब तक वहां के लोगों में एकता और एकजुटता न हो। सामाजिक सद्भाव के बिना भौतिक प्रगति सिर्फ एक बेजान ढांचा है।

(लेखिका कानपुर विवि में शोध छात्रा)

## आप की बात

### युवाओं को दक्ष बनायें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रोजगार पर फोकस

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## घर में फंदे से लटकी मिली युवती, डाक्टर ने घोषित किया मृत

अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र में एक युवती अपने ही घर में फंदे से लटकी मिली। मामले की जानकारी पर उसके भाई ने फंदे से उतरवा युवती को गंभीर हाल में जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण कर युवती को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है।

बताया गया कि थाना क्षेत्र के मऊशिवाला करौंदी में एक युवती रुचि यादव (उम्र 25 वर्ष) पुत्री हरीशचंद्र यादव ने किसी कारण अपने ही घर में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। परिवार ने उसको फंदे से लटका देखा तो हलचल मच गई।आनन फानन में परिवार ने उसको फंदे से नीचे उतारा और उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर भागे। इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर विशाल चैधरी ने बताया कि रुचि यादव को सुबह 11.15 बजे उसका भाई अतुल यादव लेकर जिला अस्पताल पहुंचा तो उसका मेडिकल परीक्षण किया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पूर्व रुचि की मौत हो चुकी थी।

# ग्राम विकास, पंचायती राज योजनाओं, गौशालाओं और खाद्यान्न व्यवस्था की डीएम ने की समीक्षा

जिला संवाददाता



अयोध्या। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं, गौशालाओं की समीक्षा, जिला स्वच्छता समिति तथा जिला आपूर्ति/खाद्यान्न समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। डिजिटल लाइब्रेरी में पुस्तकें, फर्नीचर आदि ,पंचायत उत्सव भवन, अंत्येष्टि स्थल , बहुद्देशीय पंचायत भवन की भी समीक्षा की गई। उक्त में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

गौशालाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों के संरक्षण, चारा, पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गौशालाओं के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। गोशालाओं के लिए नेपियर घास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम में गोवंशों के लिए आवश्यक शेड, कुलर पंखे, पेयजल आदि व्यवस्थाए कराने के निर्देश दिए। कहा कि केयर टैंकरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। गोशालाओं में नर-मादा पृथक्करण की व्यवस्था कराई जाए। पशु चिकित्सक गोवंशों की नियमित जांच करें। यदि कोई दिक्कत है तो समय से अवगत कराए।

जिला स्वच्छता समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, कूड़ा निस्तारण एवं साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाए। डीपीआरओ को निर्देश दिया ग्राम पंचायतो का संचालन सुदृढ़ कराया जाए। पंचायत सहायकों को समय से मानदेय दिया जाए। मानदेय भुगतान लंबित ना रखा जाए।जिला आपूर्ति एवं खाद्यान्न समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखी जाए। शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सभी बीडीओ को निर्देश दिया फैमिली आईडी के कार्य में प्रगति लाई जाए। प्रतिदिन 50-60 आईडी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जिला बार वार्षिक चुनाव के दूसरे दिन 42 अधिवक्ताओं ने दाखिल किया नामांकन पत्र

जिला संवाददाता



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2026 नामाकंन प्रक्रिया दूसरे दिन विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया।

- चुनाव आचार संहिता का पालन करवाये जाने को लेकर पर्यवेक्षको ने किया भ्रमण
- प्रत्याशियो को पोस्टर, होल्डिग, बैनर हटाने को लेकर दिये निर्देश

जिला बार एसोसिएशन सभागार मे मुख्य चुनाव अधिकारी जुबेर अहमद अंसारी, चुनाव अधिकारी मुचकुन्द वर्मा, अपर चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश निगम, मुईनुद्दीन अहमद, शिवशंकर मेहरोत्रा, सहायक चुनाव अधिकारी अजय श्रीवास्तव, मुरलीधर द्विवेदी, चुनाव व्यवस्थापक उमाकांत द्विवेदी, दिनेश सिंह, मनोज सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिंह भदौरिया की देख-रेख मे आज बृहस्पतिवार अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार वर्मा, नरेश कुमार सिंह, नन्दराम वर्मा, मनोज कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेश चन्द्र वर्मा, मदनलाल यादव, शैलकुमारी वर्मा, पंकज निगम, रमाकान्त पाण्डेय, महामंत्री पद पर युवा अधिवक्ता शेखर वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, देशदीपक तिवारी, मो0 रईस कादरी, कोषाध्यक्ष पद पर दौलता कुमारी, उपाध्यक्ष प्रथम पद पर दिलीप कुमार मिश्रा, उत्तम श्रीवास्तव, राम कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष द्वितीय पद रामशंकर, अंकुर कुमार, सतीश कुमार पाण्डेय, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रभारी पद पर आलोक कुमार, इरशाद अली, प्रणय बाजपेई, विजय कुमार गौतम, हिसाम हुसैन, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय प्रभारी पद पर रुबी सिंह, सुधा कुमारी कश्यप, सरिता वर्मा, संयुक्त मंत्री प्रकाशन प्रभारी पद पर उदय भान वर्मा, मकसूद अहमद, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी पद पर पंकज आनन्द वर्मा, रुद्र प्रताप सिह, मो0 तुफैल अहमद, मो0 खुशीद खान, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर अतुल कुमार मिश्रा, सोनू कुमार वर्मा, राजीव कुमार, मनोज कुमार रावत, निजामुद्दीन, नितिन सिंह, शिवाकान्त, अवध बिहारी यादव 42 नामाकन पत्र दाखिल हुये। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को 38 व 14 मई 2026 को 42 नामांकन पत्र दाखिल हुये है। कल 15 मई को नामांकन पत्रो की जांच एंव वापसी, मतदान 21 मई एंव मतगणना 22 मई को होगा।

तो वही चुनाव आचार संहिता का पालन करवाये जाने हेतु पर्यवेक्षको अनिल अग्निहोत्री, इकबाल राही, अश्विनी कुमार वर्मा, संतोष कुमार सिंह, उमाकांत द्विवेदी, कांशीराम बाबू, राजेश प्रकाश सिंह द्वारा सिविल कोर्ट परिसर, कलेक्टेज्ट परिसर मे भ्रमण कर प्रत्याशियो को पोस्टर, होल्डिग, बैनर हटाये जाने को लेकर निर्देशित किया। अन्यथा की स्थिति मे नामांकन रद्द किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# आंधी से सब्जी किसानों सहित ग्रामीणों को नुकसान



जिला संवाददाता

सोहावल-अयोध्या। क्षेत्र में बुधवार की शाम को दो चक्र में आये आंधी पानी की चपेट में आकर दर्जनों लोगों के आशियाने प्रभावित हुए। टीन शेड और घासफूस के छप्पर आदि उड़ कर दूर जा गिरे। बड़ी संख्या में पेड़ों के गिरने से कई जगह यातायात प्रभावित हुआ।पक्के मकान पर पेड़ गिरने से भारी नुकसान भी हुआ। फल और सब्जी के कारोबारियो में हुई क्षति के कारण हताशा घर कर गई है। सब्जियों की खेती करने वाले भरथूपुर के किसान केदार नाथ मौर्या, मंगलसी के किसान राम सिंह, लहरापुर के संजय चैबे कहते हैं कि लौकी, टमाटर, करेला खीरा, भिंडी, लोबिया, कद्दू आदि की खेती पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। फसल खेतों में गिरकर फैल गई। आम के बागान मालिकों में शामिल राधे श्याम वर्मा, सुंदर मौर्य ने बताया कि इस बार आए रोग और तूफानों के कारण एक चैथाई फसल भी नहीं बची है। जो अब तक बची थी। वह भी गिरकर जमीन पर आ गयी। व्यवसाय में में बड़ा नुकसान होना तय है।पीड़ितों के प्रति संवेदन शून्य बने प्रशासनिक अधिकारियों ने अब तक इस ओर कुछ सोचा ही नहीं है।पीड़ित अहेतुक सहायता के लिए उम्मीद की टकटकी लगाए बैठे हैं। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के राजस्व कर्मियों को सर्वे और आकलन के लिए क्षेत्र में भेजा गया है।जैसी रिपोर्ट आयेगी उसी के आधार पर कार्रवाई होगी।

# पार्किंग व्यवस्था पर संत समाज में नाराजगी

जिला संवाददाता



अयोध्या। रामनगरी में सरयू तट के आसपास संचालित पार्किंग व्यवस्था को लेकर संत समाज एवं स्थानीय श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है।

- श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली का आरोप

श्रद्धालुओं का आरोप है कि सरयू स्नान और मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले लोगों के वाहनों पर बिना स्पष्ट सूचना के टैग लगाकर लॉक कर दिया जाता है और उन्हें वाहन छुड़ाने के लिए अतिरिक्त धनराशि देने को मजबूर किया जाता है। इस मामले को लेकर संत समाज ने प्रशासन से व्यवस्था की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है। मां सरयू के पावन तट स्थित करतलिया आश्रम के पीठाधीश्वर महंत बाल योगी रामदास ने पार्किंग व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि धर्मपथ से सरयू घाट की ओर जाने वाले मार्ग पर कई स्थानों पर अस्थायी पार्किंग संचालित की जा रही है। उनका कहना है कि श्रद्धालु जैसे ही वाहन खड़ा कर स्नान या दर्शन के लिए जाते हैं, कुछ ही देर में वाहनों पर टैग लगाकर उन्हें लॉक कर दिया जाता है।उन्होंने बताया कि भजन संध्या स्थल के समीप भी पार्किंग बनाई गई है, जहां आए दिन श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कई बार लोग केवल 10 से 15 मिनट के लिए सरयू स्नान करने जाते हैं, लेकिन लौटने पर वाहन लॉक मिलता है और उसे खोलने के नाम पर मोटी रकम मांगी जाती है।महंत रामदास ने कहा कि अयोध्या आने वाले अधिकांश श्रद्धालु आसपास के जिलों कृ अयोध्या, बस्ती, गोंडा और अंबेडकरनगर आदि कृ से आते हैं। इनमें बड़ी संख्या सामान्य परिवारों की होती है, जो सीमित धनराशि लेकर रामलला के दर्शन, सरयू स्नान और मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।उन्होंने कहा कि श्रद्धालु सोचते हैं कि दर्शन-पूजन कर प्रसाद चढ़ाकर शांतिपूर्वक घर लौट जाएंगे, लेकिन पार्किंग के नाम पर होने वाली कथित वसूली से उनका पूरा बजट बिगड़ जाता है।संत समाज का आरोप है कि पार्किंग स्थलों पर शुल्क संबंधी स्पष्ट बोर्ड नहीं लगाए गए हैं।

## दोस्ती की आड़ मे साइबर ठग का शिकार बने पीड़ित को साइबर सेल ने करवाये 68 हजार वापस



बाराबंकी। दोस्ती की आड लेकर पीड़ित से रुपये ठगने वाले साइबर अपराधियो से साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्यवाही कर धनराशि को वापस करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अजय कुमार पाण्डेय पुत्र बाबूराम निवासी गजपतिपुर थाना असंद्रा ने दोस्त बनकर धोखाधड़ी के माध्यम से 68,000 रुपए ट्रांसफर करा लिये जाने को लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके बाद साइबर सेल टीम प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, हे0का0 नीरज यादव, जितेन्द्र गौड़, का0 सुधाकर भदौरिया, का0 राजन यादव, का0 अभिषेक चपराणा, दुर्वेश यादव, पंकज सिंह ने त्वरित कार्यवाही कर सम्पूर्ण धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस करवाया।

## प्रधानमंत्री की अपील पर डीएम पैदल पहुंचे कार्यालय



बाराबंकी। प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाकर राष्ट्रहित में योगदान देने के आह्वान पर आज जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने अपने आवास से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय तक पैदल पहुंचे। तथा जनपदवासियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से पैदल चलने, पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने तथा वर्तमान परिदृश्य में पेट्रोलियम पदार्थों की बचत हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह मौजूद रहे।

# पूर्व निष्कासित सचिव के खिलाफ मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ने डीएम से की शिकायत



बाराबंकी। श्री राम जानकी मंदिर बड़ा ठाकुर द्वारा प्रकरण एक बार फिर सुर्खियो मे है। ट्रस्ट अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पूर्व निष्कासित सचिव द्वारा किये जा रहे अविधिक कृत्यो के खिलाफ शिकायत करते हुये मंदिर ट्रस्ट के बैंक मे जमा रुपयो को निकाले जाने पर रोक लगाये जाने की मांग करते हुये शिकायती प्रार्थना पत्र सौपा है।

- फर्जी ट्रस्ट बनाकर मंदिर के रुपयो को हड़पने का लगाया आरोप
- श्री राम जानकी मंदिर बड़ा ठाकुर द्वारा मंदिर के बैंक में जमा है लगभग 54 लाख

ट्रस्ट अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य द्वारा दिये गये निष्कासित सचिव पर आरोप लगाते हुये फर्जी ट्रस्ट बनाकर स्टेट बैंक व यूनियन बैंक मे जमा लगभग 54 लाख रुपये निकाले जाने पर रोक लगाये जाने की मांग की है। अध्यक्ष श्री वैश्य ने शिकायती प्रार्थन पत्र मे कहा है कि मन्दिर ट्रस्ट की नियमावली के हिसाब से खातों का संचालन सचिव एंव कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल के संयुक्त हस्ताक्षर से होता था। और ट्रस्ट नियमावली के हिसाब से सचिव को हर 3 माह पर मन्दिर की आय-व्यय का हिसाब ट्रस्ट की मीटिंग में देना होता था।

साथ ही मन्दिर के बोर्ड पर हिसाब किताब को चस्पा भी करना होता था। लेकिन बीती 25 मार्च 2020 से 30 सितम्बर 2023 तक मन्दिर की आय के लगभग 8 लाख रुपए का हिसाब निष्कासित सचिव अजय सिंह द्वारा नहीं दिया गया है। जिसके बाद 10 अक्टूबर 2023 को मन्दिर ट्रस्ट की बैठक बुलाई गई। जिसमे सचिव उपस्थित नही हुये। और वित्तीय अनियमितताओं व गबन के कारण ट्रस्ट की बैठक में सर्वसम्मति से सचिव को निलम्बित कर दिया गया। पूर्व मे तत्कालीन जिलाधिकारी को शिकायत के बाद उपजिलाधिकारी नवाबगंज व तहसीलदार की रिपोर्ट मे फर्जी ट्रस्ट बनाये जाने का उल्लेख भी है। पूर्व निष्कासित सचिव द्वारा यूनियन बैक मे केवाईसी अपडेट करा दी गई। जिसमे अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के नामो मे परिवर्तन कर दिया गया है। जबकि दूसरा प्रयास स्टेट बैंक मे भी किया गया। लेकिन बैक कर्मियो की सतर्कता के चलते मंदिर ट्रस्ट अकांउट मे जमा बच पाया। जबकि मंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल के उक्त दोनों अकाउंट में हस्ताक्षर है। ट्रस्ट अध्यक्ष श्री वैश्य ने उक्त प्रकरण की जांच कराकर बैक को निर्देश देने व 8 लाख रुपये का हिसाब अभिलेख ट्रस्ट को दिलाये जाने की मांग की है।

# कैसरगंज का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण



बहराइच । प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने जनपद बहराइच के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज के पंजीकरण काउण्टर का निरीक्षण करते हुए सीएचसी कैसरगंज में आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत मरीजों के लिए आनलाइन पर्चा बनाने की सुविधा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आनलाइन माध्यम से पर्चा बनाने की सुविधा प्रदान करने में जनपद का पांचवा स्थान है।

पंजीकरण काउण्टर के पश्चात प्रभारी मंत्री ने हीटवेव रूम का निरीक्षण करते हुए सीएमओ को निर्देश दिया कि जनपद के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाये गये हीटवेव रूम को सभी सुविधाओं से आच्छादित रखा जाय तथा आवश्यकतानुसार सभी उपकरण एवं औषधियों के साथ-साथ एण्टीवेनम व एण्टीरेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाय। प्रभारी मंत्री ने सीएमओ को यह भी निर्देश दिया कि जनपद के सभी पात्र असंतृप्त व्यक्तियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जायें जिससे की शासन की मंशानुरूप गरीब व्यक्ति भी रू. 05 लाख तक अपना इलाज निःशुल्क करा सकें।

प्रभारी मंत्री श्री शाही द्वारा ओ.पी.डी. का निरीक्षण करने पर चेस्ट फिजिशियन डॉ. वी.के. सिंह, पैथालाजिस्ट डॉ. मुकेश कुमार, नेत्र सर्जन डॉ. मसूद, एमडी फिजिशियन डॉ. सर्वेश सिंह तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वी.डी. वर्मा मरीजों का परीक्षण एवं उपचार करते हुए पाये गये। अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 400 से 500 मरीजों को ओपीडी की सुविधा प्रदान की जा रही है। एक्स-रे रूम के निरीक्षण के दौरान टेक्निशियन द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 35 से 40 मरीजों का एक्स-रे किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने दन्त रोग कक्ष दवा वितरण काउण्टर का भी निरीक्षण किया यहां पर सम्बन्धित चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित मिले। प्रभारी मंत्री ने साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री शाही ने 50 बेडेड मैटरनिटी विंग कैसरगंज का निरीक्षण किया। श्री शाही ने सर्वप्रथम न्यू बार्न केयर यूनिट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अल्ट्रासाउण्ड कक्ष के निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी आहूजा ने बताया कि प्रतिदिन 10 से 15 गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउण्ड की सेवायें प्रदान की जा रही हैं। प्रभारी मंत्री ने परिवार नियोजन परामर्श केन्द्र, महिला वार्ड, ब्लड स्टोरेज यूनिट सहित अन्य कक्ष कक्षों का निरीक्षण कर मरीजों एवं तीमारदारों को प्रदान की सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए पर्याप्त साफ-सफाई के साथ आने वाले मरीजों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया।

## एडीजी जैन को गॉड ऑफ ऑनर की सलामी दी गयी



रूपईडीहा बहराइच। रूपईडीहा थाने में एडीजी गोरखपुर मुथा अशोक जैन को गॉड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई।आदर्श थाना रुपईडीहा में एडीजे मुथा अशोक जैन गोरखपुर को सहायक कमांडेंट अमित कटियार ,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, प्रद्युम्न सिंह , प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।एडीजी गोरखपुर मथुरा अशोक जैन ने रूपईडीहा थाने में कानून व्यवस्था का जायजा लिया अपराधियों की स्थिति की जानकारी ली, लंबित मुकदमों के बारे में जानकारी ली महिला डेस्क का निरीक्षण किया, पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित निर्देश दिए, भारी मात्रा में रुपया थाने में खड़ी मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी ली।

## कानून व्यवस्था का लिया गया जायजा



बहराइच ।पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा श्री अमित पाठक द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर चौकी क्षेत्र में पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का लिया गया जायजा * बहराइचपुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा श्री अमित पाठक द्वारा जनपद बहराइच के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर चौकी क्षेत्र में पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, महिला थाना पुलिस बल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।पैदल गश्त के दौरान बाजारों, प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। महोदय द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

# पुरुषोत्तम मास मेला तैयारियो का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



बाराबंकी। तहसील रामनगर क्षेत्रान्तर्गत महोदवा स्थित श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर पर 17 मई 2026 से प्रारम्भ होने वाले पुरुषोत्तम मास अधिमास मेले की तैयारियो का जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, दर्शन पथ, पार्किंग स्थलों, बैरीकेटिंग व्यवस्था, प्रमुख आवागमन मार्गों, रैन बसेरों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था निरंतर प्रभावी रखी जाए तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। पुरुषोत्तम मास मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने महादेवा कॉरिडोर निर्माण हेतु मुआवजा वितरण के उपरांत की जा रही ध्वस्तीकरण कार्यवाही का भी अवलोकन कर मलबा शीघ्र हटाकर मार्गों एवं परिसर को व्यवस्थित कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी रामनगर आनंद कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता, पार्किंग, प्रकाश, आवागमन व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा, सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

# आकार लेने लगा भरथापुर विस्थापितों के सपनों का ग्राम भरतपुर



बहराइच ।जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 25 मार्च 2026 को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ग्राम सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में विस्थापित परिवारों के लिए स्मार्ट ग्राम भरतपुर आकार लेने लगा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभाग अपने अपने हिस्से की आहूति डालकर भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित ग्राम का निर्माण करने में अग्रसर हैं। ग्राम भरतपुर में जहां लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य किया जा रहा है। जबकि विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में विद्युत लाईनों का ताना-बाना बुना जा रहा है। विस्थापित परिवारों को पेयजल मिलने में किसी प्रकार की असुविधा हो इसके लिए जलनिगम द्वारा ग्राउण्ड जीरों पर पाइप लाइन बिछाने तथा बोरिंग कार्य स्थल पर 03 चिन्हित स्थानों पर सबमर्सीबल हेतु बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

विस्थापित परिवारों के साथ निवासरत धात्री एवं गर्भवती महिलाओं तथा छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए निर्मित होने वाले आंगनबाडी केन्द्र का कार्य भी छत स्तर तक पूर्ण हो गया है।

**क्षेत्रीय कार्यालय-यू०पी०कोआपरेटिव फेडरेशन लि० चित्रकूटधाम, मण्डल-बांदा**

पत्रांक:पी०सी०एफ०/क्षे0का0/ उर्वरक परिवहन/ई-टेण्डर/2026-27/81 दिनॉक:-14.05.2026

**निविदा पुनः ई-टेण्डर की सूचना**

परिवहन ठेकेदारों/फर्मस/कम्पनीज से दिनांक 31.03.2028 तक चित्रकूटधाम, मण्डल-बांदा के जनपद हमीरपुर में उर्वरक एवं बीज परिवहन, रैक हैण्डलिंग, रिबैगिंग तथा पल्लेदारी कार्य हेतु ई-निविदायें यू०पी० ई-टेण्डर बेवसाइट https/etender.up.nic.in से डाउनलोड कर दिनांक- 22.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक उक्त पर अपलोड की जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित समस्त जानकारी नियम व शर्तें उपर्युक्त बेवसाइट पर उपलब्ध हैं। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/ मुख्यालय/ प्रबन्ध निदेशक, महोदय के पास सुरक्षित रहेगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी.सी.एफ.
चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा

संक्षेप

## बजाज समूह के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया

बंगलुरु। बजाज ग्रुप ने आज व्यवसाय के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने इस मील के पत्थर पर अपनी शुभकामनाएं दीं, जो भारत की अपनी यात्रा स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर इसके वैश्विक आर्थिक उत्थान तक को दर्शाता है। 1926 में मुंबई (तत्कालीन बॉम्बे) में जमनालाल बजाज द्वारा स्थापित यह समूह आज हर तीन में से एक भारतीय घर की सेवा करता है और इसमें 1,30,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। 100 से अधिक कंपनियों, 100 से अधिक देशों में निर्यात और स्वास्थ्य सेवा में आगामी प्रवेश के साथ, बजाज ग्रुप ने ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक का निर्माण किया है। इसकी कुछ सूचीबद्ध कंपनियों में बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व, बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट, बजाज फाइनेंस, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और मुकंद शामिल हैं।

## फिक्की फ्लो ने श्रीलंका से आये महिला संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया

नई दिल्ली। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने श्रीलंका से आए महिला संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रीलंका सरकार में महिला एवं बाल मामलों की मंत्री, सरोजा सावित्री पॉलराज कर रही थीं। फ्लो ने प्रतिनिधिमंडल के विशिष्ट सदस्यों के साथ भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय व्यापार, सांस्कृतिक संबंधों और सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इस चर्चा सत्र के दौरान, बातचीत का मुख्य केंद्र महिलाओं का नेतृत्व, समावेशी विकास, निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की अधिक भागीदारी और द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करना रहा; विशेष रूप से महिलाओं के नेतृत्व, उद्यमिता और आर्थिक भागीदारी के क्षेत्रों में। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने तथा महिला व्यापार प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ाने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए फिक्की फ्लो की अध्यक्ष, पूजा गर्ग ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच एक ऐसा रिश्ता है जो वास्तव में कालातीत है। हमारे संबंध 2,500 वर्षों से भी अधिक पुराने हैं, जिनकी जड़ें साझा सभ्यतागत मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं और लोगों के बीच मजबूत आपसी जुड़ाव में गहरी जमी हुई हैं।

## इजरायली सिविल कमीशन की रिपोर्ट जारी

बंगलुरु। आज सिविल कमीशन ने महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की अपनी 300 पेज की जाँच रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में जाँचकताओं ने व्यापक प्रमाण और रिकॉर्ड पेश किए हैं, जिनसे यह खुलासा होता है कि ये जघन्य अत्याचार हिंसा की आकस्मिक घटनाओं की बजाय युद्ध के सोचे-समझे हथियार थे। ये नतीजे डॉ. कोचाव एल्कायम-लेवी के नेतृत्व में की गई दो साल की तहकीकात के बाद मिले हैं। जाँचकताओं द्वारा 10,000 से अधिक फोटो, वीडियो तथा 1,800 घंटे से अधिक के विज्युअल प्रमाणों की समीक्षा की गई। पीड़ितों, गवाहों, वापस आए बंधकों, विशेषज्ञों और उनके परिवार के सदस्यों के 430 से अधिक साक्षात्कार लिए गए, उनके बयान दर्ज किए गए तथा उनके साथ बैठकें की गईं। कमीशन के अनुसार, पीड़ितों में 52 देशों के नागरिक शामिल थे।

## सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

बांदा।जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, जिससे वाहन में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के हथौरा गांव के नजदीक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल 16 वर्षीय लड़की रिया को बेहतर उपचार के लिये कानपुर ले जाया गया है। मृतकों की पहचान आजमगढ़ के रामगढ़ गांव निवासी अजीत, उसकी मां प्रेमशिला, दादी चंद्रावती और चाची निशा विश्वकर्मा के रूप में हुई।

# सेंसेक्स में 790 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने सत्र की मजबूत शुरुआत की लेकिन जल्द ही यह नकारात्मक दायरे में चला गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। इस तरह बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख कायम रहा।



सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के बाद निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। इसके साथ इटर्नल में 3.32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईटीसी और एसबीआई में भी बढ़त रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट रही। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बावजूद बाजार ने दिन के निचले स्तर से मजबूत वापसी की। सरकार द्वारा रुपये की कमजोरी को संभालने के संभावित कदमों, जैसे विदेशी निवेशकों के लिए बॉन्ड कर राहत और पूंजी बहिर्गमन रोकने के उपायों की उम्मीद से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.86 प्रतिशत बढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.40 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 2.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.08 प्रतिशत, धातु खंड में 2.03 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.59 प्रतिशत की तेजी देखी गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,107 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,076 शेयरों में गिरावट रही और 190 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 6.82 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 462,85,684.68 करोड़ रुपये (4.83 अरब डॉलर) हो गया।

# रुपया सात पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर के नये सार्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर 95.73 (अस्थायी) पर रहा।

मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुद्रास्फीति की चिंताओं और वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती के कारण रुपये में कमजोर रुख बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी से भारत के कच्चे तेल आयात पर असर पड़ा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से ईंधन आयात भी महंगा हो गया है। कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर



चिंताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है, जिससे रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। इस साल अब तक इसमें छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.74 पर कमजोर खुला। दिनभर उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.61 के उच्च स्तर और 95.96 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गई। अंत में रुपया 95.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.80 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था और अंत में 95.66 पर बंद हुआ था। मुद्रास्फीति की चिंताओं और मजबूत डॉलर के कारण रुपये में नकारात्मक रुख बने रहने की उम्मीद है। अमेरिका में बढ़ती मुद्रास्फीति से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा विदेशी कोषों की निकासी भी रुपये पर दबाव बना सकती है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने जैसे कदम निचले स्तर पर रुपये को कुछ समर्थन दे सकते हैं।

# बिहार में अगले पांच साल में हवाई क्षेत्र को 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले पांच साल में राज्य में हवाई संपर्क को 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि प्रदेश से हर वर्ष चार से पांच करोड़ लोग हवाई यात्रा कर सकें।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपे जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन सीमित स्तर पर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन की बचत और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करने तथा आवश्यकतानुसार कम वाहनों के उपयोग का आह्वान किया है। इसी के अनुरूप राज्य सरकार ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को न्यूनतम वाहनों के उपयोग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मिथिला की धरती भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाली भूमि है और यहां के उत्पादों की पहचान वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। मखाना को आज दुनिया सुपर फूड के रूप में जानती है और इसकी पहचान मिथिलांचल से जुड़ी है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़ी

नयी दिल्ली। घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई हो गई। इससे पिछले साल की तेजी को बरकरार रखते हुए नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत हुई है। उद्योग निकाय सियाम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अप्रैल 2025 में थोक बिक्री 3,48,847 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वस्तुओं की ऊंची कीमतों की चिंताओं के बावजूद मोटर वाहन उद्योग में अच्छी मांग देखी जा रही है। यूटिलिटी वाहनों ने यात्री वाहन (पीवी) खंड में मात्रा वृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखा और अप्रैल में इनकी बिक्री 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2,44,280 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 2,01,062 इकाई थी। सियाम के अनुसार, यात्री कार की थोक बिक्री भी पिछले महीने 32.7 प्रतिशत बढ़कर।,20,945 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 91,148 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की बिक्री पिछले महीने 14.4 प्रतिशत बढ़कर 13,087 इकाई रही जो अप्रैल 2025 में 11,438 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 28.4 प्रतिशत बढ़कर 18,72,691 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 14,58,784 इकाई थी। आंकड़ो के अनुसार, अप्रैल 2026 में मोटरसाइकिल की बिक्री 30.6 प्रतिशत बढ़कर 11,38,452 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 8,71,666 इकाई थी। इसी प्रकार, स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 26.2 प्रतिशत बढ़कर 6,91,993 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 5,48,370 इकाई थी। इसी तरह, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 32.8 प्रतिशत बढ़कर 65,668 इकाई हो गई जो अप्रैल 2025 में 49,441 इकाई थी। उद्योग निकाय के अनुसार, अप्रैल में सभी श्रेणियों में कुल थोक बिक्री 27.9 प्रतिशत बढ़कर 23,16,671 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 18,11,876 इकाई थी। इस प्रदर्शन पर सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही की गति को जारी रखते हुए।

# संयुक्त राष्ट्र की संस्था आईएफएडी की भारत में कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश की योजना

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) भारत में पहली बार कृषि स्टार्टअप कंपनियों में सीधे निवेश करने की तैयारी कर रहा है और इसका अगले एक साल में तीन-चार सौदों को अंतिम रूप देने का इरादा है।

इसके साथ ही आईएफएडी अब अपने वित्तपोषण मॉडल को बदलकर अनुदान पर कम और निजी निवेश पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। आईएफएडी के सह उपाध्यक्ष (कंट्री ऑपरेशंस) डोनल ब्राउन ने यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि संगठन अब भारत की उभरती कृषि-उद्यमिता पारिस्थितिकी में सक्रिय रूप से अवसर तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संस्था के निजी क्षेत्र प्रकोष्ठ की टीम भारत आई थी और विभिन्न प्रस्तावों का आकलन किया। एजेंसी को अब तक चार से पांच प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें कृषि स्टार्टअप, ग्रामीण वित्त और डिजिटल मंच शामिल हैं। आईएफएडी और भारत सरकार ने 12 मई को देश के लिए नई आठ-वर्षीय रणनीति शुरू की, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु और आर्थिक मजबूती बढ़ाना है। वित्त और कृषि मंत्रालयों के साथ मिलकर तैयार इस रणनीति के केंद्र में 110 आकांक्षी जिले और गरीब राज्य हैं। भारत में आईएफएडी का मौजूदा पोर्टफोलियो लगभग 1.2 अरब डॉलर का है।

# विदेशी उधारी प्रस्ताव घटकर 5.43 अरब डॉलर पर

मुंबई। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय कंपनियों एवं ऋणदाताओं द्वारा विदेशी कर्ज (ईसीबी) जुटाने के प्रस्ताव मार्च में घटकर 5.43 अरब डॉलर रह गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

ईसीबी ऐसे वाणिज्यिक ऋण होते हैं जिन्हें पात्र भारतीय संस्थाएं मान्यता-प्राप्त विदेशी संस्थाओं से लेती हैं। आरबीआई के अनुसार, यह आंकड़ा मार्च, 2025 के 11.04 अरब डॉलर की तुलना में लगभग आधा है जबकि फरवरी, 2026 के 4.59 अरब डॉलर से अधिक है। कुल उधारी प्रस्तावों में सामान्य अनुमति के तहत 5.22 अरब डॉलर और विशेष अनुमति के तहत 21.2 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव शामिल हैं। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, पूंजीगत व्यय में सुस्ती की




चिंताओं के बीच मार्च में नई परियोजनाओं के लिए 19 प्रस्ताव दाखिल किए गए, जिनके तहत 1.14 अरब डॉलर की विदेशी उधारी का इरादा जताया गया। वहीं, 1.22 अरब डॉलर का उपयोग मौजूदा विदेशी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) या रुपये में लिए गए कर्ज के पुनर्वित्तपोषण के लिए प्रस्तावित है। विदेशी उधारी जुटाने के प्रमुख प्रस्तावों में राजस्थान पार्ट-। ट्रांसमिशन ने नई परियोजनाओं के लिए 75 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा, अदाणी ट्रांसमिशन स्टेप-वन ने भी मौजूदा ईसीबी के पुनर्वित्तपोषण के लिए 50 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव दाखिल किया। वित्तीय कंपनियों में आईआईएफएल फाइनेंस ने अंतरराष्ट्रीय बाजार से 50 करोड़ डॉलर जुटाने की मंशा जताई जबकि भारतीय रेल वित्त निगम और बजाज फाइनेंस ने क्रमशः 39.16 करोड़ डॉलर और 30 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव दिए। पिछले कुछ महीनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उधारी लागत बढ़ी है और अमेरिका के 10-वर्षीय ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल 0.20-0.30 प्रतिशत तक बढ़ने से विदेशी और घरेलू उधारी लागत के बीच अंतर कम हुआ है। इससे पहले, आरबीआई ने ईसीबी नियमों को उदार बनाते हुए कंपनियों को अधिक उधारी सीमा, मुद्रा में बदलाव और कर्ज को गैर-ऋण साधन में बदलने जैसी सुविधाएं दी हैं। नए दिशानिर्देशों के तहत कारोबार पुनर्गठन या दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनियां भी विदेशी उधारी के जरिये धन जुटा सकती हैं।

# भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक लगायी रोक

नयी दिल्ली। देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है।

इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा, चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) प्रतिबंधित से निषिद्ध कर दिया गया है। यह आदेश हालांकि, क्रमशः सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय का यह आदेश अग्रिम प्राधिकरण योजना, सरकार-से-सरकार निर्यात और उन खेपों पर लागू नहीं होगा जो पहले से भौतिक निर्यात प्रक्रिया में हैं। चीनी विपणन वर्ष 2025-26 (अक्टूबर से सितंबर) के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। फिर 5,00,000 टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से केवल 87,587 टन को मंजूरी दी गई। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 16 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी गई। खाद्य मंत्रालय और चीनी मिलों को उम्मीद थी कि समूचे 2025-26 विपणन वर्ष में 7.5-8 लाख टन का निर्यात होगा। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 विपणन सत्र में अप्रैल तक 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2.752 करोड़ टन हो गया। इसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में अधिक उत्पादन रहा। इस्मा ने अनुमान लगाया है कि एथनॉल में रूपांतरण के बाद 2025-26 सत्र में कुल उत्पादन 2.93 करोड़ टन रहेगा।

## पेज एक का शेष

### 30 मई से

प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरे देश में यह कवायद संपन्न हो जाएगी। एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम इस समय जारी जनगणना में मकानों की गिनती की प्रक्रिया में लगे कर्मियों के अनुरूप तय किया गया है। इन 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों की अंतिम मतदाता सूची इस साल अलग-अलग तारीख पर प्रकाशित की जाएगी। ओडिशा, सिक्किम, मिजोरम और मणिपुर में छह सितंबर को सूची जारी की जाएगी और आखिरी दौर में त्रिपुरा में 23 दिसंबर को प्रकाशित करने का कार्यक्रम है। दिल्ली की अंतिम मतदाता सूची कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र और झारखंड के साथ सात अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। असम में विशेष पुनरीक्षण किया गया था। एसआईआर के इस चरण को लेकर अपने संदेश में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लें और अपने फॉर्म भरें। एसआईआर इस उद्देश्य के साथ किया जा रहा है कि सिर्फ पात्र मतदाताओं के नाम सूची में रहें और कोई भी अपात्र नाम नहीं रहे।

### मौसम से

विज्ञान विभाग द्वारा जारी खराब मौसम की चेतावनी के उपरान्त राहत आयुक्त कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम की ओर से सचेत पोर्टल के माध्यम से आम जनमानस को 34 करोड़ 64 लाख रेड एवं ऑरेंज चेतावनी संदेश भेजे गये हैं। कंट्रोल रूम को हाई एलर्ट पर रखते हुए प्रभावित परिवारों को दी जा रही सहायता राशि की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गये हैं। राहत आपदा हेल्प लाइन नम्बर 1070 पर कॉल आते ही तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राहत आयुक्त ने जिलाधिकारियों को जन प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रभावित परिवारों को सहायता राशि का शत प्रतिशत वितरण कराने हेतु निर्देशित किया। सरकार प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। इसके अलावा 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। यह वर्षा सिंचित क्षेत्र में 8500 रुपये प्रति हेक्टेयर, सुनिश्चित सिंचित क्षेत्र में 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा 12 माही फसलों और कृषि वानिकी के लिए 22,500 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। यह सहायता अधिकतम दो हेक्टेयर भूमि वाले किसानों को दी जाएगी। अतिवृष्टि के कारण खेतों में जमा गाद और मलबा हटाने के लिए भी योगी सरकार ने 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक सहायता देने का प्रावधान किया है। इससे प्रभावित किसानों को दोबारा खेती शुरू करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सर्वे कार्य तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए ताकि पात्र किसानों को समय पर राहत मिल सके। सरकार ने पशुपालकों को राहत देने के लिए भी व्यापक सहायता योजना लागू की है। दुधारू पशुओं जैसे गाय-भैंस की मृत्यु पर 37,500 रुपये तक सहायता दी जाएगी।

### वैश्विक संकट

में 96 लाख एमएसएमई यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जिनमें लगभग तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश के पास आज 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। इन्वेस्टमेंट की पहली शर्त सुरक्षा, दूसरी शर्त लैंड बैंक और तीसरी शर्त स्पष्ट नीति है। अब यूपी में पॉलिसी पैरालिसिस नहीं है। हमने 34 सेक्टरों के लिए अलग-अलग सेक्टोरल पॉलिसी बनाई है। अब नीति भी है, नीयत भी है और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति भी। परिणाम यह है कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बेहतरीन निवेश गंतव्य बन चुका है। 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दे चुके हैं।

### होर्मुज के

में लकड़ी के इस पोत में आग लग गई और बाद में यह डूब गई। यह नौका सोमालिया से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह की तरफ जा रही थी। मंगल ने कहा पोत पर सवार चालक दल के सभी 14 सदस्यों को ओमान तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया है। वे ओमान के डिब्बा बंदरगाह पहुंच चुके हैं और सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस नौका के चालक दल को जल्द भारत लाया जाएगा और इस संबंध में भारत सरकार ओमान प्रशासन तथा भारतीय दूतावास के साथ समन्वय बनाए हुए है। अधिकारियों के अनुसार, डूबी हुई नाव की लंबाई 57 मीटर और चौड़ाई 14 मीटर थी। यह लकड़ी से बनी एक पारंपरिक नौका थी जिसमें कई पाल लगे होते हैं। इस तरह के जहाजों का इस्तेमाल सदियों से हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापार के लिए किया जाता रहा है। एलपीजी टैंकर की आवाजाही ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में तनाव बरकरार है। मार्शल द्वीप ध्वज वाले पोत सिमी के 19,965 टन एलपीजी लेकर 16 मई को गुजरात के कांडला पहुंचने की उम्मीद है।

### वैश्विक चुनौतियों

है। विदेश मंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करने की भी ज़ोरदार वकालत की और गाजा में लड़ाई के गंभीर मानवीय असर पर चिंता जताई। भारत की मेजबानी में हुई यह बैठक इसलिए और भी जरूरी हो गई है क्योंकि यह प्रभावशाली समूह पश्चिम एशिया संकट के आर्थिक नतीजों, खासकर ऊर्जा आपूर्ति में भारी रुकावटों और व्यापार तथा शुल्क पर अमेरिका की नीति से जूझ रहा है। जयशंकर ने कहा पश्चिम एशिया में संघर्ष पर खास ध्यान देने की ज़रूरत है। लगातार तनाव, समुद्री यातायात के लिए जोखिम और ऊर्जा ढांचे में रुकावटें स्थिति की नाजुकता को दिखाती हैं।

### 42 माह

जलडमरूमध्य में अवरोध ने भारत में कच्चे पेट्रोलियम के आयात को बाधित कर दिया है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, अप्रैल, 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 1.90 प्रतिशत थी।

### जनसेवा का

विस्तार किया जा रहा है तथा हल्द्वानी में अत्याधुनिक कैंसर संस्थान विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीवी, ड्रैगन फ्रूट, हाई डेंसिटी एप्पल, मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा रही है। उन्होंने युवाओं से नवाचार और आधुनिक खेती को अपनाकर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून लागू किए हैं, जिससे युवाओं का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य सरकार द्वारा 32 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

### ईंधन बचत

के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अब बिना स्कॉर्ट वाहन के आना-जाना शुरू कर दिया है। सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी अपना काफिला छोटा कर दिया है। अब वह दो गाड़ियों के साथ ही निकल रहे हैं। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल ने मुख्यमंत्री की अपील के बाद अपने कार्य दायित्व निर्वहन के लिए स्कॉर्ट वाहन को हटा दिया है। इसके साथ ही प्रशासन के अधिकारी शीघ्र ही सप्ताह में एक दिन नो वेहिकल डे अपनाने जा रहे हैं। अयोध्या में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयंत कुमार ने अपने सुरक्षा वाहन वापस कर दिए हैं। महापौर ने बताया कि नगर निगम ने ईंधन खर्च में कटौती के लिए ठोस रणनीति तैयार की है। इसके तहत सभी पार्षद सोमवार को निजी वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे और सार्वजनिक वाहन से ही नगर निगम आएंगे। इसी क्रम में बाराबंकी में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह अपने आवास से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय तक पैदल पहुंचे।

### बड़ा प्रशासनिक

प्राधिकरण, गजेन्द्र कुमारः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), मुजफ्फरनगर से अपर जिलाधिकारी (नगर), गोरखपुर, सुशील प्रताप सिंह प्रभारी अपर निदेशक (प्रशासन), नागरिक उड्डयन निदेशालय व संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण से परीक्षा नियंत्रक, उ०प्र० विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक भर्ती बोर्ड, लखनऊ, श्रद्धा शांडिलयायनः सचिव, आगरा विकास प्राधिकरण से अपर जिलाधिकारी (वि/रा), गौतमबुद्धनगर, शादाब असलम प्रधान प्रबन्धक, उ०प्र० सहकारी चीनी मिल संघ से अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, प्रयागराज, जय प्रकाश अपर जिलाधिकारी (वि/रा), संतकबीरनगर से अपर आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर, नीता कमाण्डेन्ट, नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ से अपर आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, अमरेन्द्र कुमार वर्माः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), श्रावस्ती से अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल), आगरा, विनीत कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वि/रा), गोरखपुर से सचिव, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज, पूजा मिश्रा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), प्रयागराज से अतिरिक्त मिशन निदेशक, उप्र कौशल विकास मिशन, रत्नप्रिया अपर आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सुल्तानपुर, मो० मोइनुल इस्लाम अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), महोबा से प्रधान प्रबन्धक, उ०प्र०सहकारी चीनी मिल संघ, विपिन कुमार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), वाराणसी से अपर जिलाधिकारी (वि/रा), इटावा, अभिनव रंजन श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी (वि/रा), इटावा से अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ, सूर्यकान्त त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी (वि/रा), मेरठ, उप संचालक चकबन्दी, मेरठ से अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), महोबा, संजीव कुमार कुल सचिव, अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), आजमगढ़, दीपाली भार्गवः सचिव, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण से अपर जिलाधिकारी (वि/रा), हरदोई, ज्योत्स्नाः सचिव, खुर्जा बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण से कुल सचिव, अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, पंकज कुमारः अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अलीगढ़ से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), वाराणसी, प्रदीप वर्माः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), संभल से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), लखनऊ, ललित कुमार अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ से अपर जिलाधिकारी (वि/रा), श्रावस्ती, अविनाश त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी (वि/रा), फतेहपुर से अपर जिलाधिकारी (नगर), बरेली, दुर्गेश मिश्राः अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर से अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, वाराणसी, अमृता सिंहः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), रायबरेली से अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, कानपुर, पल्लवी मिश्राः उप आवास आयुक्त, आवास विकास परिषद, लखनऊ से अपर जिलाधिकारी (वि/रा), झाँसी, अंजनी कुमार सिंह-2: अपर जिलाधिकारी (नगर), गोरखपुर से अपर जिलाधिकारी (वि/रा), गाजियाबाद, अर्पित गुप्ताः अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अमेठी से सचिव, मेरठ विकास प्राधिकरण, कुँवर वीरेन्द्र मौर्यः एडीएम (वि/रा), भदोही से अपर जिलाधिकारी (वि/रा) मेरठ, उप संचालक चकबन्दी मेरठ, उपमा पाण्डेयः सचिव, झाँसी विकास प्राधिकरण से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रयागराज भेजा गया है।




# मुंबई ने पंजाब को छह विकेट से हराया

## इंडियन प्रीमियर लीग: तिलक ने लगाया विजयी छक्का, बनाये 75 रन

एजेंसी



धर्मशाला। आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से पराजित कर दिया। अंतिम दो बाल रहते तिलक ने विजयी छक्का लगाकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलायी। इससे पूर्व पंजाब किंग्स ने आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 201 रन का टारगेट दिया था। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। आखिर में जेवियर बार्टलेट ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया। मुंबई के लिए शार्दूल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए।

वहीं दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। शुरूआत में पंजाब ने तेज रन बनाए, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। इसके बावजूद उमरजई और बार्टलेट की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर दीपक चाहर ने धीमी गेंद पर उमरजई की विस्फोटक पारी का अंत कर दिया। बड़े शॉट की कोशिश में उमरजई गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और लॉन्ग ऑन पर विल जौक्स ने आसान कैच पकड़ लिया। उमरजई ने सिर्फ 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 छक्के शामिल रहे। शार्दूल ठाकुर का विकेट लेने का सिलसिला जारी है। उन्होंने क्रॉस-सीम गेंद पर मार्को यास को बोल्ड कर दिया। गेंद नीचे रही, जैनसन ने लाइन के पार बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन बाउंस को पूरी तरह पढ़ नहीं सके। गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। कॉर्बिन बॉश ने धीमी क्रॉस-सीम गेंद पर शशांक सिंह को छइह आउट कर दिया। गेंद उम्मीद से धीमी रही और नीचे भी रही, जिससे शशांक शॉट खेलने से चूक गए। उन्होंने रिव्यू लिया, लेकिन अल्ट्राएज में बल्ले का कोई संपर्क नहीं मिला और बॉल ट्रैकिंग में तीनों रेड आए। शशांक ने 2 रन बनाए। 14वें ओवर की दूसरी बॉल पर शार्दुल ने सूर्यांश शेडगे को आउट कर पंजाब को मुश्किल में डाल दिया। लेग स्टंप पर आई फुल गेंद को शेडगे ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में शॉर्ट मिडविकेट की तरफ चली गई। वहां राज बावा ने अपनी बाईं ओर शानदार डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। शेडगे 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए।

राज बावा ने शानदार गेंद पर कूपर कोनोली को बोल्ड कर मुंबई को एक और बड़ी सफलता दिलाई। शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पिच से अंदर आई, कोनोली कट शॉट खेलने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे ऑफ स्टंप पर जा लगी। कोनोली 22 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए।

शार्दूल ने एक ही ओवर में मैच का रुख बदल दिया। ओवर की शुरुआत में प्रभसिमरन ने शानदार सिक्स लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वह कॉर्बिन बॉश को कैच दे बैठे। प्रभसिमरन 32 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर आए श्रेयस अय्यर ने पहली गेंद पर चौका जमाया, लेकिन अगली ही गेंद पर शार्दुल ने कमाल की गेंद डालकर उनका ऑफ स्टंप उड़ा दिया। लगातार दो विकेट लेकर मुंबई ने जोरदार वापसी की।

प्रभसिमरन ने कॉर्बिन बॉश की गेंद पर सिंगल लेकर इस सीजन मुंबई के खिलाफ अपनी दूसरी फिफ्टी पूरी की। प्रभसिमरन ने इससे पहले वानखेड़े में 80 रन बनाए थे और अब धर्मशाला में अर्धशतक जड़ा है। शुरूआती जीवनदान का उन्होंने पूरा फायदा उठाया और शानदार पारी खेली। उन्होंने 33 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन ने 10वें ओवर में रघु शर्मा पर हमला बोल दिया। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर शानदार छक्के जड़े। पहला स्लॉग स्वीप डीप स्क्वायर लेग के ऊपर गया, जबकि दूसरे पर घुटने के बल बैठकर मिडविकेट के ऊपर लंबा सिक्स लगाया। ओवर से कुल 13 रन आए और 10 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 1 विकेट पर 89 रन हो गया। पावरप्ले में पंजाब ने 1 विकेट पर 55 रन बनाए। प्रियांश आर्या ने दीपक चाहर के खिलाफ चौके से खाता खोला, जबकि प्रभसिमरन सिंह को 5 रन पर नमन धीर ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर जीवनदान दिया।

दीपक ने एक कसा हुआ ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए, लेकिन बुमराह और शार्दूल ठाकुर महंगे साबित हुए। शार्दूल के ओवर में 15 रन आए, जिसमें 3 चौके शामिल रहे। आखिर में दीपक ने प्रियांश को 27 रन पर बोल्ड कर मुंबई को पहली सफलता दिलाई। दीपक चाहर ने आखिरकार प्रियांश आर्या को अपनी चाल में फंसा ही लिया। पिछली गेंद पर इनस्विंगर से परेशान करने के बाद दीपक ने अगली गेंद नकल बॉल डाली। प्रियांश बड़े शॉट के लिए आगे बढ़े, लेकिन पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे लेग स्टंप पर जा लगी। प्रियांश 17 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। दीपक का सेलिब्रेशन भी बता रहा था कि यह विकेट पूरी प्लानिंग के तहत था। पंजाब ने तेज शुरुआत की है। 5 ओवर के बाद टीम बिना विकेट खोए 46 रन बना चुकी है। प्रभसिमरन 16 गेंदों में 23 और प्रियांश 14 गेंदों में 22 रन बनाकर खेल रहे हैं। पांचवें ओवर में शार्दूल ठाकुर ने 15 रन दिए। प्रभसिमरन ने उनकी गेंदों पर तीन चौके लगाए। दूसरे ओवर की तीसरी बॉल पर नमन धीर से प्रभसिमरन सिंह का कैच ड्रॉप हो गया। जसप्रीत बुमराह ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद डाली, जो पिच से निकलकर हल्की बाहर गई। प्रभसिमरन शॉट खेलने गए और बल्ले का मोटा बाहरी किनारा लग गया। गेंद सीधे नमन के पास गई, लेकिन उन्होंने आसान कैच टपका दिया।

# लखनऊ के खिलाफ जीत दर्ज कर प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखना चाहेगी चेन्नई

लखनऊ। लचर प्रदर्शन के बावजूद प्लेआफ की दौड़ में कायम चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपना दावा बनाये रखना चाहेगी जबकि दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊके लिये यह महज प्रतिष्ठा का मुकाबला है। चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में समय पर जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें कायम रखी है जबकि लखनऊकी टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा। चेन्नई को अपने बाकी सारे मैच जीतने के अलावा दूसरे मैचों के नतीजे भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। चेन्नई फिलहाल 11 मैचों में से छह जीतकर पांचवें स्थान पर है। अच्छी फिनिशिंग नहीं होने के कारण आलोचना झेलने वाली पांच बार की चैम्पियन चेन्नई टीम ने संजू सैमसन, उर्विल पटेल, कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और कुछ उदीयमान खिलाड़ियों के दम पर अच्छी वापसी की।



शीर्षक्रम पर उर्विल के बेखौफ प्रदर्शन से पावरप्ले में चेन्नई का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। शुक्रवार को शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस को भी बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। जांघ की चोट के कारण हरफनमौला जैमी ओवर्टन के बाहर होने से चेन्नई की गेंदबाजी कमजोर हुई है। ओवर्टन ने दस मैचों में 14 विकेट लिये और वह इस सत्र में चेन्नई की गेंदबाजी की धुरी थे। अकील हुसैन, मुकेश चौधरी और अंशुल कम्बोज ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अफगानिस्तान के बायें हाथ के स्पिनर नूर अहमद प्रभावी रहे हैं। दूसरी ओर लखनऊको कप्तान ज्षभ पंत के लगातार खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके गेंदबाज विरोधी टीमों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे और चेन्नई के खिलाफ पहले चरण के मैच में तो वे 203 रन बनाकर भी हार गए। जोश इंगलिस, निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।



चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

लखनऊ सुपर जाइंट्सः ज्षभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एडेन मार्कम, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।

## संक्षेप

### वुशु खिलाड़ी अपर्णा ने सांडा विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। भारतीय वुशु खिलाड़ी अपर्णा ने बृहस्पतिवार को मकाऊमें 11वें सांडा विश्व कप में महिलाओं के 52 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अपर्णा ने फाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन वियतनाम की थी फुओंग न्गा न्गो को सीधे सेटों में हराया। भारतीय वुशु संघ के अनुसार 12 मई से शुरू हुई इस स्पर्धा में यह भारत का पहला स्वर्ण था। अपर्णा सितंबर 2025 में ब्राजील में विश्व वुशु चैंपियनशिप के फाइनल में इसी विरोधी से हार गई थीं। प्रतिस्पर्धी वुशु तोओलू और सांडा में दो वर्ग में बंटा होता है। ताओलू जिमनास्टिक और मार्शल आर्ट का संयोजन है और प्रतिस्पर्धी को उनके मूवमेंट के आधार पर अंक दिए जाते हैं। सांडा एक आधुनिक बिना हथियार वाली स्पर्धा है जो पारंपरिक वुशु तकनीक से बनी है जिसमें मुख्य रूप से मुक्का मारना, लात मारना, फेंकना, कुश्ती और बचाव की तकनीक का इस्तेमाल होता है।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदकों से चमके अजीत

गांधीनगर। अजीत नारायण ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क और समग्र दोनों में कांस्य पदक जीते जिससे भारत ने एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चेंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एशिया के बेहतरीन भारोत्तोलकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अजीत ने संयम दिखाते हुए क्लीन एवं जर्क में 174 किग्रा और कुल 314 किग्रा का वजन उठाया जिससे भारत को पोडियम में स्थान मिला। इस वर्ग का स्वर्ण पदक कोरिया के वोन जू रि (351 किग्रा) को मिला जकि चीन के जियान चेन ने 335 किग्रा के वजन से रजत पदक हासिल किया। इस तरह अजीत चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं। कोमल कोहर ने सोमवार को महिला 48 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था जिसके बाद ज्ञानेश्वरी यादव ने बुधवार को 53 किग्रा वर्ग में एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

# सिंधू व नक्ष्य सेन ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21 -13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलवुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा। हालांकि दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16 - 21, 21-11, 18 -21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# भारत सात स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर



एजेंसी

ताशकंद। भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण, छह रजत और 12 कांस्य समेत कुल 27 पदक जीते। भारत अंडर-15 लड़कियों की तालिका में सात स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि अंडर-15 लड़कों ने दो स्वर्ण, चार रजत और सात कांस्य पदक जीते। लड़कियों में अंजी (37 किग्रा), सोनिया (40 किग्रा), तन्वी (43 किग्रा), हंसिका अत्री (46 किग्रा), सुनैना (58 किग्रा), भूमिका (61 किग्रा) और एंजेल (70 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। अक्षिता (33 किग्रा) और तन्वी (64 किग्रा) को

**एशियाई अंडर-15 चैंपियनशिप**

उज्बेकिस्तान की मुक्केबाजों से कड़े मुकाबले में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

अंडर-15 लड़कों में यश कुमार (33 किग्रा) और मोहम्मद यासर (58 किग्रा) ने भारत की झोली में दो स्वर्ण पदक जोड़े। सस्था वसंत अशोक कुमार (37 किग्रा), समीर बोहरा (43 किग्रा), सुदर्शन वासुदेव चंडक (52 किग्रा) और रौनक पराग लोखंडे (67 किग्रा) ने रजत पदक जीता।

# सुपर शतरंज क्लासिक : पहलेमुकाबले में फिरोजा से खेलेंगे प्रज्ञानानंदा

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे जो ग्रैंड शतरंज टूर पर इस साल का पहला क्लासिकल टूर्नामेंट होगा। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप से नाम वापिस ले लिया था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा अकेले भारतीय बचे हैं।



उन्हें दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में नौ दौर में से पांच में सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि 350000 डॉलर है जबकि 125000 डॉलर बोनस होगा। पहला पुरस्कार एक लाख डॉलर है। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में औसत प्रदर्शन के बाद प्रज्ञानानंदा को अपने खेल में सुधार करना होगा। वह लाइव रेटिग में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर खिसक गए हैं। अमेरिका के फेबियानो कारूआना को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में हालैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट से खेलेंगे। गुकेश के नाम वापिस लेने के बाद उनकी जगह विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में उनके चैलेंजर उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव खेलेंगे।

# आईपीएल में निराशाजनक अभियान तीन कप्तानों पर पड़ेगा भारी

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में निराशाजनक अभियान के कारण तीन फ्रेंचाइजी के कप्तानों को इस महीने के अंत में सत्र के समापन के बाद अपने पद से हाथ धोना पड़ सकता है।

अलग अलग फ्रेंचाइजी के उतार चढ़ाव पर नजर रखने वाले सूत्रों ने इसका संकेत दिया है। अक्षर पटेल, अजिंक्य रहाणे और ज्षभ पंत ने लगातार दो सत्र में अपनी टीम की कप्तानी की है लेकिन अपनी टीम को प्लेऑफ में ले जाने की कोशिश में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। आधिकारिक रूप से अभी सिर्फ लखनऊसुपर जायंट्स ही टूर्नामेंट से बाहर हुई है जिससे पंत लगातार दो सत्र में खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। लेकिन सभी व्यावहारिक वजहों से रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और अक्षर की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स के भी लीग के आखिरी दौर में बने रहने की उम्मीद कम है।

कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर अक्षर के का प्रदर्शन खराब रहा है, उन्होंने नौ पारियों में 112.50 के स्ट्राइक-रेट से महज 100 रन बनाए हैं जिसमें से 56 रन एक पारी में और बाकी 44 रन आठ पारियों में बने हैं। यह जब है तब उन्होंने ज्यादातर में शीर्ष पांच में बल्लेबाजी की है। इन 12 मैच में अक्षर ने केवल 36 ओवर गेंदबाजी की है जो तीन ओवर प्रति मैच हैं जिसमें उन्होंने 8.05 के इकोनोमी रेट से 10 विकेट झटके हैं। हालांकि साथी स्पिनर कुलदीप यादव का इकोनोमी रेट और भी खराब है। आईपीएल सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अक्षर अपनी कप्तानी की काबिलियत साबित करने में पूरी तरह विफल रहे हैं और ज्यादातर फैसले लेने के लिए हेमांग बदानी और वेणुगोपाल राव पर निर्भर हैं।

# मेजबान गोरखपुर क्वींस की संजू व अनुष्का लाइटवेट महिला पेयर्स के सेमीफाइनल में

खेल संवाददाता

गोरखपुर। मेजबान गोरखपुर क्वींस की संजू कुमारी व अनुष्का पटेल की जोड़ी ने 'अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग' में गुरुवार को उत्साहजनक प्रदर्शन करते हुए लाइटवेट महिला पेयर्स में 3:59.7 के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। दूसरी ओर अन्य वर्गों में गोरखपुर की खिलाड़ी अपनी हीट्स में पहले स्थान पर नहीं आ सकी लेकिन दूसरे और अन्य स्थानों पर रहने के कारण उन्हें रेपचेज के जरिए वापसी करने और फाइनल की रेस में बने रहने का मौका मिलेगा।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश खेल विभाग के बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग से गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित लीग में गुरुवार को हीट्स (प्रारंभिक दौर) के मुकाबले आयोजित किए गए। आज जूनियर क्वाड्रुपल स्कल में गोरखपुर क्वींस की अंशू, काजल पाल, जसकरनवीर कौर, कनक निषाद ने 04:38.6 के समय के साथ चौथे स्थान पर



रहते हुए रेपचेज में जगह बनाई। लाइटवेट डबल स्कल में गोरखपुर की सुलेखा मुर्मु व नीलू कुमारी ने 3:56.7 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए रेपचेज में इंट्री की। महिला पेयर्स में रानी कुमारी व अंकिता कुमारी की मेजबान जोड़ी 04:46.0 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए रेपचेज में पहुंची। महिला डबल स्कल में गोरखपुर की श्रुति व अनवीर कौर हीरा 04:43.8 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए रेपचेज में पहुंची। आरएफआई के महासचिव शुभाशीष मुखर्जी ने बताया कि दोपहर के सत्र के पहले मुकाबले में सब जूनियर डबल स्कल में स्टील ओर्स की मुस्कान सिंह व अव्या शुक्ला की जोड़ी ने बाजी मारते हुए 4:59.46 के समय के साथ पहला स्थान हासिल करते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

**'अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग'**

### श्रीजेश के लिये दरवाजे हमेशा खुले हैं, फूट डालो और राज करो नहीं चलेगा : टिर्की

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा है कि पी आर श्रीजेश के लिये दरवाजे हमेशा खुले हैं और वह बेहतर अनुभव के साथ वापसी कर सकते हैं लेकिन भारतीय हॉकी में फूट डालो और राज करो का खेल अब बंद होना चाहिये। टिर्की ने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा, हॉकी इकोसिस्टम में कुछ लोग हैं जो फूट डालो और राज करो की रणनीति पर काम कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि मैं खिलाड़ी पहले हूं और खेल प्रशासक बाद में, तीन ओलंपिक और 412 अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुका हूं। उन्होंने कहा मेरे अध्यक्ष रहते हॉकी इंडिया में सारे फैसले सामूहिक रूप से लिये गए। मेरा पहला दायित्व खिलाड़ियों के प्रति है और मनप्रीत सिंह हो या श्रीजेश, मैने हमेशा खिलाड़ियों से सीधे बात की है। ये ओलंपिक कप्तान रहे हैं और भारतीय हॉकी की अनमोल धरोहरें हैं।

# कोहली के शतक ने आलोचकों को दिया जवाब : गावस्कर

एजेंसी

रायपुर। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस चैम्पियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए कोहली के 60 गेंदों में नाबाद 105 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल के मैच में केकेआर को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस पर अमूल क्रिकेट लाइव में कहा, विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, हर कोई बात कर रहा है कि यह सत्र अगली पीढी का है लेकिन कोहली ने दिखा दिया कि वह अभी भी है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। उसने साबित कर दिया कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा टी20 शतकों के मामले में वह दस शतक के साथ क्रिस गेल और बाबर आजम के बाद तीसरे नंबर पर है।





उसने टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे किये और आईपीएल में नौ शतक लगा चुका है। रिकॉर्ड टूटने के लिये बनते हैं लेकिन कोहली अगर मैच दर मैच, सत्र दर सत्र ऐसे ही खेलता रहा तो किसी को भी वहां तक पहुंचने में लंबा समय लगेगा। गावस्कर ने यह भी कहा कि केकेआर द्वारा कोहली का कैच टपकाना मैच का निर्णायक पल रहा। उन्होंने कहा आरसीबी केकेआर मैच से पहले केकेआर कैच लपकने के मामले में बेहतरीन थी लेकिन यह कैच छोड़ना काफी महंगा पड़ा। वहीं दूसरी ओर भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि प्रदर्शन के दबाव को लेकर बैचेनी उन्हें भी होती है और आईपीएल में पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने से वह नर्वस हो गए थे। 37 वर्ष के कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये 60 गेंद में नाबाद 105 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। आरसीबी छह विकेट से जीत दर्ज करके आईपीएल की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। कोहली ने आईपीएल में नौवां शतक जड़ा और महेंद्र सिंह धोनी तथा रोहित शर्मा (279) को पछाड़कर लीग में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने बाद में प्रसारक से कहा पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाने से मैं काफी बेचैन था। मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और रन बना सकता हूं। उन्होंने कहा, ऐसे में जब आप रन नहीं बना सके और टीम के लिये योगदान नहीं दे सके तो बेचैनी होती है। मेरा हमेशा से लक्ष्य टीम के लिये योगदान देने का रहा है।

# आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## पाकिस्तान ने फिर दुस्साहस किया तो जो अब तक नहीं हुआ, वह होगा : राजनाथ

जयपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यदि उसने फिर से भारत की ओर नजर उठाने का दुस्साहस किया, तो जो अब तक नहीं हुआ है, वह होकर रहेगा। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर ने नया इतिहास रचा है।

रक्षामंत्री ने मेड़ता कस्बे में राजपूत शासक राव दूदा की प्रतिमा के अनावरण के बाद आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, संभव है कि पाकिस्तान अब जल्दी भारत की ओर नजर उठाने की जुर्त न करे, लेकिन मैं आज इस धरती से कहकर जा रहा हूं कि यदि उसने फिर से ऐसा दुस्साहस किया, तो जो अब तक नहीं हुआ है, वह होकर रहेगा। सिंह ने कहा, शुरू से ही हमारी नीति रही है कि हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन यदि कोई हमें छेड़ता है, तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं। पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर हत्या की। रक्षा मंत्री ने कहा, 'भारतीय संस्कृति जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव की अनुमति नहीं देती। हम इंसाफ और इंसानियत में विश्वास रखते हैं, लेकिन पाकिस्तान से आए आतंकवादी लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोलियों से भून रहे थे। उन्होंने कहा, पूरा देश इस घटना से आक्रोशित था। इसके बाद हमने ऐसा करारा जवाब दिया कि दुश्मन के होश उड़ गए। हमने साबित कर दिया कि अब भारत चुपचाप सहने वाला देश नहीं रहा। यदि कोई हमारे नागरिकों पर हमला करेगा, तो हम उसके घर में घुसकर जवाब देंगे। यह संदेश हम दे चुके हैं। सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा, हमने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति कतई न बर्दाश्त करने की होगी और इसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने राजनीति शब्द के वास्तविक अर्थ और भाव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, राजनीति शब्द राज और नीति से मिलकर बना है। नीति का अर्थ समाज को सही दिशा में ले जाना होता है। ऐसा राजनीतिक तंत्र, जो समाज को सन्मार्ग की ओर ले जाए, वही वास्तविक राजनीति है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीति शब्द अपना मूल अर्थ खोता जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार ने इसे पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया और उसमें सफलता प्राप्त की। रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा, अपने जननायकों को याद करना, उन पर गर्व करना और उनकी शिक्षाओं को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।



# उप्र, मप्र और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की



नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अलग-अलग मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, इन बैठकों के दौरान सुरक्षा और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। गृह मंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक पोस्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने नयी दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक अलग पोस्ट में कहा कि आज मैंने नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अपना बहुमूल्य समय देने के लिए हार्दिक धन्यवाद। गृह मंत्रालय के एक अन्य पोस्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अमित शाह से मुलाकात की।

## संक्षेप

### कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश की योजना

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) भारत में पहली बार कृषि स्टार्टअप कंपनियों में सीधे निवेश करने की तैयारी कर रहा है और इसका अगले एक साल में तीन-चार सौदों को अंतिम रूप देने का इरादा है। इसके साथ ही आईएफएडी अब अपने वित्तपोषण मॉडल को बदलकर अनुदान पर कम और निजी निवेश पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। आईएफएडी के सह उपाध्यक्ष (कंट्री ऑपरेशंस) डोनल ब्राउन ने यहां में कहा कि संगठन अब भारत की उभरती कृषि-उद्यमिता पारिस्थितिकी में सक्रिय रूप से अवसर तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संस्था के निजी क्षेत्र प्रकोष्ठ की टीम भारत आई थी और विभिन्न प्रस्तावों का आकलन किया। एजेंसी को अब तक चार से पांच प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें कृषि स्टार्टअप, ग्रामीण वित्त और डिजिटल मंच शामिल हैं। आईएफएडी और भारत सरकार ने 12 मई को देश के लिए नई आठ-वर्षीय रणनीति शुरू की, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु और आर्थिक मजबूती बढ़ाना है। वित्त और कृषि मंत्रालयों के साथ मिलकर तैयार इस रणनीति के केंद्र में 110 आकांक्षी जिले और गरीब राज्य हैं।

# पिनराई विजयन माकपा विधायक दल के नेता चुने गये

तिरुवनंतपुरम। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बृहस्पतिवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) विधायक दल का नेता चुना गया।

एक बयान के मुताबिक, यह निर्णय यहां माकपा की प्रदेश समिति की बैठक में लिया गया। इस बैठक में माकपा के महासचिव एम.ए. बेबी और वरिष्ठ नेता ए. विजयराघवन और विजयन शामिल हुए, और इसकी अध्यक्षता के. राधाकृष्णन ने की। माकपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद, विजयन को केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में चुने जाने की संभावना है। दो बार मुख्यमंत्री रह चुके विजयन ने हाल में हुए राज्य विधानसभा चुनावों में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की हार के बाद सत्ता खो दी। एलडीएफ के पास वर्तमान में 140 सदस्यीय विधानसभा में 35 सीटें हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) 102 सीटें जीतकर सरकार बनाने जा रहा है। केरल के पूर्व नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन को कांग्रेस आलाकमान ने राज्य का मुख्यमंत्री चुना है।

# चौहान ने अपने काफिले का आकार घटाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को अपने काफिले के आकार को घटाकर तीन गाड़ियों का कर दिया और अधिकारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सात अपीलों को लागू करने के उपायों के तहत उठाया गया है, जिनका उद्देश्य ईंधन का जिम्मेदारी से उपभोग करना है।

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, चौहान ने विभागों से दो दिन के भीतर घर से काम (डब्ल्यूएफएच) नीति पर एक कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा और कर्मचारियों से कार पूलिंग अपनाने का आग्रह किया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने कहा कि विदेश यात्रा तभी की जाएगी जब यह बिल्कुल आवश्यक हो और अधिकांश बैठकें वर्चुअल तरीके से आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों और कर्मचारियों से गैर-जरूरी सोना खरीदने से बचने और कम से कम पांच अन्य व्यक्तियों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया। कृषि के क्षेत्र में, मंत्री ने हर गांव में एक समिति गठित करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य के संतुलित उपयोग और बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। चौहान ने कहा कि खाद्य तेलों का उपयोग समझदारी से किया जाना चाहिए और उन्होंने पांच-पांच परिवारों के समूहों के बीच एक जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री स्तर पर मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा, और साथ ही घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा, जबकि अनावश्यक विदेश यात्रा से बचा जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सरकारी बैठकों में स्थानीय उत्पादों, मोटे अनाज (मिलेट्स) और स्वदेशी खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दी जाएगी। वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया पहल के तहत भारतीय ब्रांड को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आईसीएआर, कृषि शिक्षा विभाग और भूमि संसाधन विभाग संयुक्त रूप से एक जन जागरूकता अभियान चलाएंगे। चौहान ने कहा कि ये निर्णय राष्ट्र के हित में और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए लिए गए हैं।



# संघर्ष के चारों दिन हमने अपना दबदबा बनाये रखा: सीडीएस

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के पास स्थिति की अच्छी जानकारी और युद्धक्षेत्र में बेहतर पारदर्शिता थी, तथा उन्होंने संघर्ष के चारों दिन दबदबा बनाए रखा।

यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कलम और कवच रक्षा सम्मेलन में एक संवाद सत्र के दौरान उनकी यह टिप्पणी, देश और सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाए जाने के कुछ दिन बाद आई। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, चारों दिन हमने स्थिति की व्यापक जानकारी के कारण तनाव के स्तर पर हर तरह से अपना दबदबा बनाए रखा। हमें पता था कि हमने किसको निशाना बनाया है, क्या हो रहा है। सीडीएस ने कहा कि भारतीय सेना को न केवल अपनी तरफ बल्कि सीमा पार भी स्थिति की बेहतर जानकारी थी, और हम तनाव के हर स्तर पर दबदबा बनाए रखने में सक्षम थे। यह पूछे जाने पर कि ड्रोन और उन्नत हथियारों के प्रभुत्व वाले युद्ध के बदलते स्वरूप को देखते हुए वह भविष्य के युद्धक्षेत्र की कल्पना कैसे करते हैं, उन्होंने लंबे समय तक जारी रहने वाले संघर्षों में उलझने को लेकर आगाह किया। सीडीएस ने कहा कि हमें दीर्घकालिक युद्ध के जाल में नहीं फंसना चाहिए। आजकल राष्ट्रों में बल प्रयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। लेकिन, बल प्रयोग के बाद उस स्थिति से बाहर निकलना... एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, आपके उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट होने चाहिए, आपके राजनीतिक-सैन्य उद्देश्य। एक बार जब आप उन्हें प्राप्त कर लेते हैं, तो फिर अटके रहने का कोई मतलब नहीं है। आपके पास स्पष्ट रूप से निर्धारित एक निकास रणनीति होनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पिछले साल छह-सात मई की मध्यरात्रि ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को भीषण हमलों में नष्ट कर दिया था। बाद में, पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले शुरू किए, और भारत द्वारा किए गए सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत ही किए गए। परमाणु हथियारों से लैस दोनों पड़ोसी देशों के बीच लगभग 88 घंटे तक चला सैन्य संघर्ष 10 मई की शाम उनके बीच एक सहमति पर पहुंचने के बाद समाप्त हो गया।



# ताइवान चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे अहम मुद्दा : चिनफिंग

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता के पहले दौर के बाद कहा कि चीन और अमेरिका रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिए एक नए दृष्टिकोण पर सहमत हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आगाह किया कि ताइवान को लेकर तनाव संबंधों को खतरे में डाल सकता है और संघर्षों को जन्म दे सकता है।

बीजिंग में हुई बैठक के बाद चिनफिंग ने कहा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रणनीतिक स्थिरता के रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंधों के निर्माण के एक नए दृष्टिकोण पर सहमति व्यक्त की है। सरकारी मीडिया के अनुसार, चिनफिंग ने कहा कि यह नया दृष्टिकोण अगले तीन वर्षों और उससे आगे द्विपक्षीय संबंधों के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा तथा दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा इसका स्वागत किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चिनफिंग ने कहा कि अगर स्थिति को सही ढंग से संभाला गया तो द्विपक्षीय संबंध कुल मिलाकर स्थिर रहेंगे, अन्यथा, दोनों देशों को टकराव और यहां तक कि संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है, जिससे द्विपक्षीय संबंध गंभीर खतरे में पड़ जाएंगे। उन्होंने अमेरिका से ताइवान मुद्दे को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया।

चिनफिंग ने कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखना बीजिंग और वाशिंगटन के बीच स्थिर संबंधों के लिए प्रमुख महत्व रखता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ताइवान की स्वतंत्रता के लिए समर्थन जलडमरूमध्य में शांति की बात से मेल नहीं खाता।

## इंटरटेनमेंट...

# कांस से सामने आया इन्फ्लुएंसर का खास लुक

**मुंबई।** आलिया भट्ट 12 मई 2026 से शुरू हुए 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में लोरियल पेरिस की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में आलिया भट्ट लोरियल पेरिस गाला डिनर के दौरान नजर आईं, जहां उन्होंने फ्लोरल ब्रोकेड आउटफिट पहना था। वहीं गुरुवार को सिंगर इन्फ्लुएंसर आरती खेत्रपाल का सनातन धर्म थीम वाला लुक सामने आया, जिसमें वो कांस के रेड कार्पेट पर हाथ में भगवद गीता और 'हरे राम' लिखे पर्स के साथ नजर आईं। इससे पहले आलिया बुधवार शाम को कांस में आइस ब्लू गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आईं। फिल्म 'ए वूमेन्स लाइफ' के प्रीमियर के दौरान उनका 'सिंड्रेला' अवतार देखने को मिला। रेड कार्पेट पर आने से कुछ घंटे पहले, आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लोरियल पेरिस को टैग करते हुए अपने लुक की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। दुनियाभर का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल और कल्चरल इवेंट कांस 12 मई से शुरू हुआ है। फेस्टिवल 23 मई तक फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में जारी रहेगा। कांस से आलिया के अब तक 5 लुक सामने आ चुके हैं। आलिया ने डिनर के दौरान डस्टी रोज और एंटीक टोन वाला फ्लोरल ब्रोकेड कोर्सेट और मैचिंग फिटेड स्कर्ट पहनी थी। आलिया की आउटफिट में एक फिटेड और मूर्तिकला जैसा कोर्सेट था, जो नीचे जाकर लेयर्ड ट्यूल स्कर्ट के साथ एक घेरदार गाउन में बदल रहा था। आलिया की आउटफिट में एक फिटेड और मूर्तिकला जैसा कोर्सेट था, जो नीचे जाकर लेयर्ड ट्यूल स्कर्ट के साथ एक घेरदार गाउन में बदल रहा था।

आलिया ने अमेरिकी फैशन डिजाइनर डैनियल फ्रैंकल का कस्टम-मेड आइस ब्लू गाउन पहना था। आलिया ने अपने लुक को सिंपल रखने के लिए उन्होंने इसके साथ एक जालीदार लेस चोकर और हीरे के ड्रॉप ईयरिंग्स पहने थे। आलिया ने चेहरे पर सॉफ्ट ल्यूमिनस मेकअप, न्यूड लिप्स और बालों को एक खूबसूरत गूंथे हुए जूड़े में स्टाइल किया था। तीसरे लुक में आलिया डिजाइनर तरुण तहिलियानी की आइवरी साड़ी में दिखाई दीं। यह साड़ी ट्रेडिशनल भारतीय लुक और मॉडर्न वेस्टर्न डिजाइन का मेल थी। आलिया फ्रेंच रिवेरा में भारत पैवेलियन पहुंचीं, जहां उन्होंने फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर के साथ 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और क्रिएटिव विजन लॉन्च किया।

**कांस में गाला डिनर में आलिया पहुंचीं : हाथ में भगवद गीता, पर्स पर लिखा हरे राम**



# तीसरी बार 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आयेंगे करण वाही

**मुंबई।** टीवी एक्टर और होस्ट करण वाही एक बार फिर 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आएंगे। करण इससे पहले सीजन 8 और 'खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया' का हिस्सा रह चुके हैं। अब वह तीसरी बार 'खतरों के खिलाड़ी 15' में दिखाई देंगे। खास बातचीत में करण ने बताया कि यह शो सिर्फ एक रियलिटी शो नहीं, बल्कि जिंदगी बदल देने वाला एक्सपीरियंस है। तीसरी बार 'खतरों के खिलाड़ी' में जा रहे हैं। शो को लेकर कितना एक्साइटमेंट है? शो की बात करें तो पुराना शो भी बहुत डरावना था। अब नया शो कितना डरावना होगा, ये तो हमें भी नहीं पता क्योंकि उन्होंने ज्यादा बताया नहीं है, लेकिन मैं खुद को बहुत लकी मानता हूं कि मुझे तीसरी बार यह शो करने का मौका मिल रहा है।

# सीएम थलापति विजय ने तृषा के लिए बदले नियम

**मुंबई।** तमिलनाडू के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद थलापति विजय ने रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृषा के लिए फिल्म इंडस्ट्री के एक बड़े नियम में बदलाव किया है। विजय ने तृषा कृष्णन की फिल्म करप्पू के लिए सुबह 9 बजे की स्क्रीनिंग रखने की स्पेशल परमिशन दी है, जबकि अब तक साउथ में इस पर प्रतिबंध था। फिल्म करप्पू के प्रोडक्शन हाउस ड्रीम वॉरियर पिक्चर ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से इसकी जानकारी देते हुए थलापति विजय का शुक्रिया अदा किया है। पोस्ट में लिखा गया है, स्पेशल थैंक्स हमारे आदरणीय मुख्यमंत्री थिरु जोसेफ विजय, करप्पू को सुबह 9 बजे की स्पेशल परमिशन देने के लिए। फिल्म करप्पू 14 मई को रिलीज हो रही है। पहले दिन से ही इसके सुबह 9 बजे के शो शुरू हो जाएंगे।

**एक्ट्रेस की फिल्म करप्पू के मॉर्निंग शो रखने की स्पेशल परमिशन दी, 3 सालों से था प्रतिबंध**

फिल्म में तृषा कृष्ण और सूर्या लीड रोल में हैं। साल 2023 में फिल्म थुनिवू रिलीज हुई थी। इस फिल्म के सुबह साढ़े 4 बजे के मॉर्निंग शो में भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक फैन का निधन हो गया था।

# धुरंधर के बाद ल्यारी पर एक और फिल्म

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पाकिस्तान के ल्यारी इलाके पर आधारित थी। गौरतलब है कि ल्यारी का जिक्र भारतीय फिल्म धुरंधर में भी हुआ, जो सुपरहिट साबित हुई। हालांकि, मेरा ल्यारी को बॉक्स ऑफिस पर कमजोर रिस्पॉन्स मिला। फेसबुक पेज ऑल पाकिस्तान शोबिज स्टार्स ने दावा किया कि फिल्म मेरा ल्यारी को खराब शुरूआत के बाद फैसलाबाद के ताज महल सिनेमा से हटा दिया गया है। फिल्म पहले दिन सिर्फ 22 टिकट ही बेच पाई। कम दर्शक आने की वजह से अगले शो भी रद्द कर दिए गए। बता दें कि यह फिल्म धुरंधर और दूसरी फिल्मों को जवाब देने के लिए बनाई गई। फिल्म को कराची के ल्यारी इलाके की कहानी के तौर पर प्रमोट किया गया था। जहां फिल्मों में अक्सर इस इलाके को अपराध और गैंग हिंसा से जोड़कर दिखाया जाता है, वहीं मेरा ल्यारी में समुदाय, खेल और युवाओं की जिंदगी पर फोकस किया गया। यह फिल्म महिला फुटबॉल पर आधारित है। अबू अलीहा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में आयशा उमर, दनानीर मोबीन, सामिया मुमताज और ट्रिनेट लुकास हैं। फिल्म की कहानी महिला फुटबॉल, कम्युनिटी की एकता और ल्यारी में युवा खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित है। मेकर्स ने फिल्म के जरिए इलाके की एक अच्छी इमेज दिखाने की कोशिश की है। डायरेक्टर अबू अलीहा ने फिल्म को लेकर कहा था कि फिल्म की 80 प्रतिशत कास्ट लोकल है।




**पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी के फैसलाबाद में सिर्फ 22 टिकट बिके, कई शो कैंसिल**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K